CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 23°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 15 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 183 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा पेज 2



इंग्लैंड ने लार्ड्स टेस्ट 22 रनों से जीता 193 रन नहीं बना सका भारत खेल टाइम्स



डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव सम्पादकीय



बांग्लादेश ने मोदी को 1000 किलो आम भेजे पेज 2

# सोशल मीडिया कमेंट्स पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख


## कहा: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत को समझें नागरिक, खुद पर लगाएं नियंत्रण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि नागरिकों को अपनी बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की कीमत समझनी चाहिए और इसके साथ-साथ स्व-नियंत्रण और संयम का पालन करना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सेंसरशिप की बात नहीं कर रहा है, बल्कि चाहता है कि लोग खुद से जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बातों में संयम बरतें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि राज्य (सरकार) इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करे। इसलिए जरूरी है कि लोग खुद जिम्मेदारी लें और सोशल मीडिया या अन्य मंचों पर ऐसा कुछ न कहें, जो समाज में तनाव फैलाए। शीर्ष अदालत ने -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य को बीच में लाने की जरूरत न पड़े



### मोदी पर अशोभनीय व्यंग्यचित्र विवाद: सुप्रीम कोर्ट की आरोपी को फटकार, फेसबुक से हटाएगा

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उसे फेसबुक से हटाने के लिए सोमवार को तैयार हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया। पीठ ने उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं। उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई और कहा कि मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है और पुलिस उनके (मालवीय) दरवाजे पर दस्तक दे रही है। उन्होंने हालांकि कहा कि उनकी (याचिकाकर्ता की) टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं। इसलिए 50 वर्षीय इस आरोपी को अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि अभी भी परिपक्वता नहीं है। हम सहमत हैं कि यह भड़काऊ है। शीर्ष अदालत ने इन टिप्पणियों के साथ कहा कि वह इस मामले में मंगलवार को विचार करेगी।

# ब्रह्मांड के अतिथि शुभांशु 20 दिन बाद आज लौटेंगे धरती पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



### आईएसएस से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्री

### मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गए।

एक्सिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया। एक्सिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा। सेपरेशन के लगभग 22.5 घंटे बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। खास बात यह है कि भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। इसके मंगलवार अपराह्न 3.01 बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया।

## नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला 29 जुलाई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत नेशनल हेराल्ड से संबंधित धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी,लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का संज्ञान के संबंध में 29 जुलाई को फैसला सुनाएगी। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को कोई आदेश पारित किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने श्रीमती गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता के अलावा, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डॉटेक्स मर्चेंडाइज़ और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया है।

## ईडी के सामने हुई रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं।

## बिहार में बाढ़ व बिजली गिरने से 13 की मौत

**नई दिल्ली।** बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुई। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। राजस्थान में भी बीते एक दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई।

## असीम घोष हरियाणा व गजपति राजू गोवा के राज्यपाल बने

**नई दिल्ली।** प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा और पी. अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल तथा कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

# निमिषा की जिंदगी के 24 घंटे शेष, प्रयास जारी

शाह टाइम्स संवाददाता



- यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखद, विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा: सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र ने कहा: हमने बचाने की पूरी कोशिश की
- 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी

**नई दिल्ली।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है, तो यह दुखद होगा।

मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा कि हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा।

## दोनों पायलटों की मेडिकल स्थिति सामान्य थी: एयर इंडिया सीईओ

**वाशिंगटन।** एयर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने कहा कि दोनों पायलटों ने ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट पास किया था और उनकी मेडिकल स्थिति सामान्य थी।

प्राइमरी रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि प्लेन और इंजन में कोई टेक्निकल या मेंटेनेंस से जुड़ी खराबी नहीं थी। विल्सन ने कहा कि प्लेन के सभी जरूरी मेंटेनेंस कार्य समय से किए गए थे। ईंधन की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं थी और टेक-ऑफ रोल सामान्य था। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में ये बात लिखी है।

## 'उदयपुर फाइल्स' मामले पर शीघ्र सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स-कन्हैयालाल टेलर मर्डर' के रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की।

# तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग सबूत

शाह टाइम्स संवाददाता



- सुप्रीम कोर्ट बोला- ये निजता का उल्लंघन नहीं, रिश्ता जासूसी तक पहुंचा, तो पहले ही टूट चुका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पत्नी की जानकारी के बिना रिकॉर्ड कॉल को वैवाहिक विवादों में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ऐसा करना पत्नी के निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे सबूत के रूप में नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा जीवन में गोपनीयता का अधिकार पूरा नहीं हो सकता। इंडियन एविडेंस की धारा 122 के तहत पति-पत्नी के बीच बातचीत को कोर्ट में उजागर नहीं किया जा सकता, लेकिन तलाक जैसे मामलों में इसे अपवाद मानते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि हम नहीं मानते कि इस मामले में निजता के अधिकार का कोई उल्लंघन हुआ है। धारा 122 सिर्फ पति-पत्नी के बीच संवाद की गोपनीयता को मान्यता देती है, लेकिन यह निजता के संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 21) से जुड़ा नहीं है। यह केस बठिंडा की एक फैमिली कोर्ट से शुरू हुआ था, जहां पति ने पत्नी से बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी जाएंगे उत्तर प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर के रायबरेली के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। गांधी वहां पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आने वाले पंचायत चुनाव पर चर्चा करेंगे। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। इन चुनावों को लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य 18 जुलाई से शुरू होने वाला है। पार्टी सूत्रों के अनुसार गांधी अपने दौरे में भुएमऊ सांसद आवास में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसी बीच विधानसभा चुनाव 2027 से पहले पार्टी की जमीनी हकीकत से रूबरू होने के लिए गांधी ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है और इसी कड़ी में कांग्रेस नेता 17 जुलाई को रायबरेली जा रहे हैं। गांधी रायबरेली में प्रजापति समाज के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

### उमर ने मीडिया पर लगाया नेताओं की नजरबंदी की खबरों को दबाने का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को स्थानीय समाचार पत्रों पर शहीद दिवस पर 'निर्वाचित सरकार' और अधिकांश निर्वाचित प्रतिनिधियों की 'सामूहिक नज़रबंदी' की खबरों को जानबूझकर दबाने का आरोप लगाया। अब्दुल्ला ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अधिकांश स्थानीय समाचार पत्रों ने उनके घर में नजरबंदी की खबर को दबा दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे स्थानीय समाचार पत्रों पर एक नज़र डालें। आप कायरों और हिम्मत वालों में अंतर कर पाएंगे।

# नीतीश के वायदे हकीकत कम जुमलेबाजी ज्यादा: मायावती

लखनऊ, वार्ता



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने की घोषणा को हकीकत से दूर व जुमलेबाजी करार दिया है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- बिहार में क़ानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति की राष्ट्रीय चर्चाओं के बीच संभवतः लोगों का ध्यान बांटने के लिए, राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार द्वारा चुनाव बाद सरकार बनने पर अगले पांच साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोज़गार उपलब्ध कराने की घोषणा वास्तव में लोगों को हकीकत से दूर, उनके अनुभवों के आधार पर 'अच्छे दिन' जैसी जुमलेबाज़ी व चुनावी छलावा ज्यादा लगता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के चुनावी वादे, दावे, घोषणाओं व छलावों के साथ-साथ कानून-व्यवस्था व कार्यकलापों आदि को लेकर इनके चाल, चरित्र व चेहरे आदि को जनता भलीभांति जानती है, फिर भी अपनी छल व छलावा की राजनीति की आदत से मजबूर ऐ विरोधी पार्टियां चुनाव से पूर्व इस प्रकार के अनेकों लोक लुभावने वादे करने में ज़रा भी नहीं डरती व घबराती हैं। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की वर्तमान गठबंधन सरकार का नौकरी व रोज़गार का वादा इनके अन्य वादों से ज्यादा मेल खाता है, जो जनता वास्तव में अब तक के उनके अनुभव के आधार पर जानती भी है। निश्चय ही बिहार की जनता सोच- समझकर ग़रीब व सर्वजन हितैषी सरकार चुनेगी, बशर्ते कि चुनाव बाहुबल, धनबल तथा सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से मुक्त पूर्णतः स्वतंत्र व निष्पक्ष हो।

# उदयपुर फाइल्स के खिलाफ सूचना मंत्रालय में याचिका दाखिल

## याचिका में कहा गया यह एक आहत करने वाली फ़िल्म है: अरशद मदनी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुक़सान पहुंच सकता है: जमीयत उलमा-ए-हिन्द

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी की ओर से हिंदी फ़िल्म 'उदयपुर फाइल्स' की प्रदर्शनी पर रोक लगाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका पर न्यायालय द्वारा प्रदर्शनी पर रोक (स्टे) दिए जाने और सेंसर बोर्ड द्वारा जारी सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार करने को लेकर अपील दाखिल करने के निर्देश के अनुपालन में आज मौलाना अरशद मदनी के अधिवक्ताओं ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समक्ष अपील दाखिल कर दी है।

इसी बीच फ़िल्म निर्माता ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में चुनौती दी है। आज फ़िल्म निर्माता के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया की ओर से दी गई अपील पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की पुष्टि की है। मौलाना अरशद मदनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में कल रात ही कैविएट दायर कर दी गई थी, अर्थात अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मौलाना अरशद मदनी के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के तर्क भी सुने जाएंगे। मौलाना मदनी द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में दाखिल याचिका में कहा गया है कि 'उदयपुर फाइल्स' जैसी फ़िल्में समाज में नफ़रत और विभाजन को बढ़ावा देती हैं तथा इसकी प्रचार-प्रसार से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल हो सकती है। यह फ़िल्म पूर्णतः घृणा पर आधारित है और इसकी प्रदर्शनी से देश में शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। सरकार को यह भी स्मरण कराया गया है कि नूपुर शर्मा के विवादास्पद बयान के चलते भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले ही बहुत बदनामी हो चुकी है, जिस कारण भारत सरकार को राजनयिक स्तर पर स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा था कि भारत सभी धर्मों और समुदायों का सम्मान करता है। साथ ही, नूपुर शर्मा को उसके बयान के बाद बीजेपी प्रवक्ता के पद से हटाना पड़ा था। याचिका में यह भी कहा गया है कि इस फ़िल्म के निर्माता अमित जानी का अतीत और वर्तमान दोनों ही भड़काऊ गतिविधियों से भरा हैं।

## उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने दिए निर्देश

# कांवड़ में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटें

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धा में वातावरण में सम्पन्न हो, श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्राथमिकता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सुगम और सुचारु बनाए रखने के साथ यात्रा में विघ्न डालने वालों के साथ कड़ाई से पेश आने के निर्देश दिए हैं।

योगी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। उन्होने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। योगी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शिविर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे खानपान सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता की नियमित जांच सुनिश्चित करें।

### योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश को पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा दिया है। यह प्रदेश का पहला सेंटर है, जहां एक छत के नीचे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को आर्थोपेडिक से संबंधित रोग का इलाज मिल सकेगा। इस सात मंजिला बिल्डिंग में मरीजों को ऑर्थोप्लास्टी, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जैसी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी अब प्रदेशवासियों की हड्डी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सेंटर का 86 करोड़ रुपए की लागत से विस्तार किया गया है। इस सेंटर में कुल 340 बेड की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें आठ अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी शामिल हैं।

# मोदी को बांग्लादेश से तोहफे में मिले 1000 किलो हरिभंगा आम

नई दिल्ली/ढाका।

■ अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर यूनुस ने बरकरार रखी मैंगो डिप्लोमेसी, ममता को भी आम गिफ्ट किए

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिकारियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए। बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं और सोमवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं। बांग्लादेश से भारत में आम भेजने की यह परंपरा नई नहीं है। पहले की सरकारें भी भारत को आम भेजती रही हैं। इस बार यह कदम खास इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटना पड़ा था। उनके हटने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में थोड़ी दूरी आ गई थी, क्योंकि हसीना भारत की करीबी मानी जाती थीं।



सेंसेक्स 82253.16
निफ्टी 2582.30



सोना रु. 98303
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113867
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन रही गिरावट



मुंबई, वार्ता

मेरिका में ट्रम्प सरकार की व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं और मांग को लेकर बढ़ती चिंता के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार चौथे दिन सोमवार को जारी रहा। खास कर टेक्नोलॉजी और ऑटो कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव से बीएसई30 पिछले बंद के मुकाबले 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82253.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत घटकर 2582.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसीई सेंसक्स में एशियन पेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति, टाटा मोटर, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक सहित 20 शेयर गिरावट में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में इटर्नल, टाइटन, सनफार्मा, आईटीसी, एम एंड एम, टाटा स्टील और अडानी पोर्ट तथा एसबीआई जैसे शेयर शामिल हैं।

### निजी कंपनियों को सीएसआर खर्च बढ़ाने की जरूरत: क्रिसिल

**नई दिल्ली।** खाड़ी देशों, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में कुशल कामगारों की बढ़ती मांग को देखते हुए निजी कंपनियों को कौशल विकास में खर्च बढ़ाने की जरूरत है, ताकि इस अवसर का लाभ उठाया जा सके। बाजार अध्ययन कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2014-15 के अब तक देश की निजी कंपनियों ने कौशल विकास पर 2.22 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जो उनके कुल सीएसआर खर्च का मात्र 3.5 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है कि खाड़ी सहयोग परिषद, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के देशों में कुशल कामगारों की काफी कमी है - विशेष रूप से स्वास्थ्य, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और निर्माण क्षेत्र में कुशल लोगों की जरूरत है। क्रिसिल की बिजनेस हेड (रिस्क सॉल्यूशन) बिनाइफर जहानी ने कहा कि सीएसआर निवेश को छिटपुट कौशल विकास गतिविधियों से कहीं आगे ले जाने की जरूरत है। सरकार की पहलों के साथ मिलकर सीएसआर में भारत के वैश्विक कार्यबल को तैयार करने की काफी क्षमता है। हमारे विश्लेषण में यह बात सामने आयी है कि इस क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कौशल की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने की जरूरत है। क्रिसिल ने तीन तरह के कौशल विकास लक्ष्यों की पहचान की जरूरत बताई है।

### चांदी ऑल टाइम हाई पर सोना भी 792 महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोमवार को एक किलो चांदी की कीमत 3,577 रुपए बढ़कर 1,13,867 रुपए पर पहुंच गई है। शुक्रवार को यह 1,10,290 रुपए प्रति किलो पर थी। 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 792 रुपए महंगा होकर 98,303 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। शुक्रवार को सोने का दाम 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,030 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,700 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। जबकि कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही। इसके अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 रही।

# खुदरा मुद्रास्फीति घटकर निचले स्तर पर

नई दिल्ली, वार्ता



सब्जियों और दलहनों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 प्रतिशत पर आ गई। जनवरी 2019 के बाद से जून 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति अपने न्यूनतम स्तर पर है।

जून 2024 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.08 प्रतिशत और इस साल मई में यह 2.82 प्रतिशत थी। जून में खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से 1.06 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जून की तुलना में इस साल जून में सब्जियों के भाव 19 प्रतिशत नीचे थे। दाल-दलहनों तथा उससे तैयार उत्पादों की कीमतों में भी सालाना आधार पर 11.76 फीसदी की कमी आयी है। इससे समग्र खाद्य वस्तुओं का खुदरा मूल्य स्तर एक साल पहले से 1.06 प्रतिशत घटा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार जून में मसालों के भाव में सालाना आधार पर 3.03 प्रतिशत की कमी हुई, जबकि मांस-मछली के खुदरा दाम 1.62 प्रतिशत दर्ज ऊपर थे। अंडा, दूध तथा डेयरी उत्पादों की कीमतों में सालाना आधार पर महंगाई तीन प्रतिशत से कम रही। अनाजों चीनी तथा कंफेक्शनरी उत्पादों में जून की मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से कम रही। इसके विपरीत तेल एवं वसा उत्पाद 17.75 प्रतिशत और फल सालाना आधार पर 12.59 प्रतिशत मंहगे हैं। अन्य उत्पादों में सौंदर्य प्रसाधन 14.76 प्रतिशत महंगे हुए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई दर 4.43 प्रतिशत और शिक्षा 4.37 प्रतिशत महंगी हुई है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में जून में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर ज्यादा बढ़ी। शहरी क्षेत्र की मुद्रास्फीति 2.56 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्र की 1.72 फीसदी रही। अक्टूबर 2024 के बाद लगातार आठवें महीने मुद्रास्फीति घटी है। इसे आने वाले महीनों में रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति को और उदार बनाने में आसानी होगी। केंद्रीय बैंक ने अभी अपनी जून की बैठक में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी। रेपो दर इस समय 5.5 प्रतिशत है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सोशल मीडिया...** नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि आज के समय में जब अलगाववादी विचार तेजी से फैल रहे हैं, तो नागरिकों को सोच-समझकर बोलना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस पर संविधान में पहले से ही युक्तिपूर्ण सीमाएं हैं और लोगों को इन सीमाओं का पालन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान दी, जिसमें सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि क्या आचार संहिता बनाई जा सकती है, जिससे ऑनलाइन अभिव्यक्ति की आजादी और समाज में सौहार्द के बीच संतुलन बना रहे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ सोशल मीडिया पर एक हिंदू देवी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में दर्ज कई एफआईआर से राहत मांगने वाले वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले कोर्ट ने 23 जून को वजाहत खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी, जिसे अब 14 जुलाई से आगे बढ़ा दिया गया है। वजाहत खान का कहना है कि उनके पुराने ट्वीट्स के कारण उनके खिलाफ असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने पहले खुद एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। जवाब में उनके खिलाफ ही कई एफआईआर दर्ज कर दी गईं। कोर्ट ने वजाहत खान को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी है। साथ ही, वकीलों से इस बड़े मुद्दे पर मदद मांगी है कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कैसे आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी के साथ उपयोग में लाया जाए।

**तलाक मामले में...** तलाक की अर्जी दी थी। कोर्ट ने कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर मान लिया। पत्नी ने इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने इसे निजता का उल्लंघन बताया और कहा कि इस रिकॉर्डिंग को सबूत नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट और अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि पति-पत्नी की निजी बातचीत को चोरी-छिपे रिकॉर्ड करना कानूनन गलत है। हमेशा पति-पत्नी के मामले में गवाह नहीं होता पति के वकील ने कहा कि निजता का अधिकार सीमित हैं और उसे अन्य संवैधानिक अधिकारों के साथ संतुलित करना चाहिए। वैवाहिक विवादों में कई बार ऐसे मामले होते हैं, जो केवल पति-पत्नी के बीच घटते हैं और कोई गवाह नहीं होता। ऐसे में तकनीक की मदद से जुटाए गए सबूत जरूरी हो जाते हैं।

# बिहार में मताधिकार छीनने की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के मताधिकार छीनने साजिश कर रही है, लेकिन इसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा और बिहार की जनता इसका करारा जवाब देगी। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज यहां कहा कि बिहार के आठ करोड़ मतदाताओं पर भाजपा की थोपी 'वोटबंदी' की मार, लोकतंत्र पर 'तालाबंदी' के साथ ही घर-घर से 'अवैध वसूली' का जरिया है। मतदाता पुनरीक्षण की आड़ में चल रहा ये फर्जीवाड़ा, मताधिकार छीनने की साजिश और उगाही का धंधा बन गया है। उन्होंने कहा कि घर-घर वोटरों की जांच से लेकर दस्तावेजों की जानकारी तक और फार्म पहुंचाने से लेकर जमा दिखाए जा रहे भरे हुए फार्म की रिसीविंग तक सब फर्जी है। भाजपा के डबल इंजन में वोट देने का संवैधानिक अधिकार भी नीलाम हो रहा है लोगों के मताधिकार को भी उगाही के बदले बेचा जा रहा है। सुरजेवाला ने चुनाव आयोग को कठपुतली करार देते हुए कहा कि भाजपा की कठपुतली बने चुनाव आयोग के 14 दिन में ही बिहार के 80 प्रतिशत मतदाताओं यानी छह करोड़ से अधिक लोगों के घर तक फार्म पहुंचाने और भरे हुए फॉर्म जमा करा लेने के सारे दावे 'कागज़ी' हैं।

### गांधी के प्रपौत्र का अपमान भाजपा को महंगा पड़ेगा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अब गांधीवादी विचारों की हत्या पर उतर आए हैं और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष सर झुकाने वाले भाजपा-आरएसएस ने बापू के प्रपौत्र का अपमान भी कर दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां एक बयान में कहा कि आरएसएस के इशारे पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार अब महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी के अपमान पर उतर आई है। नीलहे किसानों के शोषण और दमन के खिलाफ़ गांधीजी के संघर्ष ने जिस चंपारण का नाम दुनिया के नक्शे पर ला दिया, उसी धरती पर तुषार गांधी को सामुदायिक भवन से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि महात्मा की मूर्ति के सामने सिर झुकाने का ढोंग करने वाली भाजपा तथा जनता दल (यूनाइटेड) नेताओं को गांधीवादियों की बैठक तक मंज़ूर नहीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें।

# जीवा व मुख्तार गिरोह का शॉर्प शूटर शाहरुख मुठभेड़ में ढ़ेर

## छपार क्षेत्र में एसटीएफ व पठान का हुआ आमना-सामना, पिस्टल, रिवाल्वर व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार देर रात मेरठ की एसटीएफ टीम के साथ हुई मुठभेड में छपार क्षेत्र में रोहाना मार्ग पर संजीव जीवा व मुख्तार अंसारी गिरोह का शॉर्प शूटर खालापार निवासी शाहरुख पठान ढेर हो गया। वह संभल के मुकदमे में फरार था। उससे दो पिस्टल, एक रिवाल्वर व 70 कारतूस व एक बिना नंबर की कार बरामद हुई।

एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि रविवार रात में सूचना मिली थी कि शाहरूख पठान साथियों के साथ छपार क्षेत्र में आएगा जहां उनकी टीम बिजोपुरा तिराहे के पास लगी और एक संदिग्ध कार को देखकर रोका, लेकिन कार नहीं रूकी। पुलिस का इशारा करने पर जब कार सवारों ने भागकर फायरिंग की तो उनकी कार गड्ढे में फंस गई और पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। जिला अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी ने बताया कि मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर के थाना खालापार के मोहल्ला खालापार निवासी शाहरुख पठान के रुप में हुई। वह संजीव जीवा व मुख्तार अंसारी गिरोह का शॉर्प शूटर था। उसके खिलाफ कई दर्जन व कई जिलों में मुकदमे दर्ज है। मृतक शाहरूख पठान की अपराधिक गतिविधियों के बारे में एसटीएफ ने जानकारी कुछ इस प्रकार दी।

**वर्चस्व के लिए बढ़ाए अपराध में कदम:** संजीव जीवा व मुख्तार अंसारी गिरोह का शॉर्प शूटर खालापार निवासी शाहरुख पठान ने अपनी जिंदगी की शुरूआत साईकिल की मरम्मत करने के लिए खोली गई पिता की दुकान पर काम सीखने से की थी। इसके बाद उसने अपराध की दुनिया में कदम रखते हुए माफिया संजीव जीवा व मुख्तार अंसारी से हाथ मिलाए और एक के बाद एक तीन हत्याए कर डाली। शाहरूख पठान पर आरोप लगा था कि उसने पुलिस कस्टडी में आसिफ जायदा की हत्या कर दी और हाल में वह गवाह को धमका रहा था।

एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार ने बताया कि खालापार निवासी शाहरुख पठान को उसके फूफा फक्करशाह खालापार निवासी अमीर आजम ने संतान न होने के कारण गोद ले लिया था। उसने सोबी के साथ मिलकर वर्ष 2015 में अपराध शुरू किया। दोनों ने नैनी जेल से कोर्ट में पेश होने के बाद वापस ले जाए जा रहे खालापार निवासी आसिफ जायदा की पुलिस कस्टडी में रेलवे स्टेशन पर गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। यह हत्या वर्चस्व कायम करने के लिए की थी। जीआरपी थाने में मुकदमे दर्ज कराया था।

**व्यापारी की हत्या में हुई थी सजा:** फरारी के दौरान संजीव जीवा के कहने पर वर्ष 2017 में हरिद्वार क्षेत्र की निर्मला छावनी कालोनी में कंबल व्यापारी अमित दीक्षित उर्फ गोल्डी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। तब यह बात सामने आई थी कि संजीव जीवा के कहने पर कनखल के रहने वाले प्रोपर्टी डीलर सुभाष सैनी की हत्या करने आया था लेकिन हुलिया मिलता जुलता होने के कारण अमित दीक्षित उर्फ गोल्डी की हत्या कर दी थी। फरारी के दौरान ही वर्ष 2017 में आसिफ जायदा की हत्या में गवाह आसिफ जायदा के पिता यासीन की हत्या की। तब उस पर पुलिस महानिदेशक ने 50 हजार का पुरस्कार शाहरूख पठान पर घोषित किया था। इसके बाद वह हरिद्वार पुलिस ने उसको जेल भेज दिया था। हरिद्वार की रोशनाबाद जेल में रहते समय उसने मोबाइल फोन का इस्तेमाल के विरोध में बंदी रक्षक नितिन सजवाण की पिटाई की थी। अमित दीक्षित उर्फ गोल्डी मर्डर केस में संजीव जीवा के साथ उसे उम्र कैद की सजा हो गई थी। इस मामले में वर्तमान में वह जमानत पर चल रहा था।

**कस्टडी से भी भागा था:** पुलिस के अनुसार, आसिफ जायदा की हत्या के बाद वह जेल गया था। और जेल में संजीव जीवा और मुख्तार अंसारी गिरोह के संपर्क में आ गया। वह वर्ष 2016 में मुजफ्फरनगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था।

**पैरोकार पर की थी फायरिंग** जेल से जमानत पर आने के बाद उसने गवाहों को धमकाना शुरू किया और आसिफ जायदा की मां व रिश्तेदार गुलजार को धमकाने के साथ वह संभल में फायरिंग मामले में फरार चल रहा था।

**अपराधिक इतिहास:** शाहरुख पठान के खिलाफ मुजफ्फरनगर जीआरपी थाने में दो, सिविल लाइन में दो, शहर कोतवाली में छह, संभल बनियाठेर थाने में एक व एक छपार थाने में मुकदमा दर्ज है।

**प्रॉपर्टी का कर रहा था काम:** लोगों का कहना है कि शाहरूख पठान जमानत पर आने के बाद अपने घर पर आता रहता था। पत्नी को लेकर अलग कहीं रहता था।

**आसिफ जायदा के परिजन बेच गए घर:** पुलिस कस्टडी में पति की हत्या होने के बाद व कुछ दिन बाद ससुर की हत्या करने से आसिफ की पत्नी व परिजन दहशत में आ गए थे। इसी के चलते आसिफ की पत्नी घर बेचकर चली गई थी ।

**पत्नी से हुई थी रात में बात:** खालापार निवासी लोगों का कहना है कि रविवार देर रात में शाहरुख ने अपनी पत्नी से मोबाइल पर बात कर जल्द घर पहुंचना कहा था। कुछ देर बाद मोबाइल बंद हो गया। इस बारे में उसकी पत्नी ने परिजनां को सूचना दी थी।

**पहले थे दोस्त, बाद में बने दुश्मन:** पुलिस बताती है कि आसिफ जायदा व शाहरुख पठान पहले दोस्त थे। किसी बात पर उनमें रंजिश हो गई।



मुजफ्फरनगर: कांवड़ियों की सेवा में लगे आमजन के साथ छोटे बच्चें।

# ज्ञान, शिक्षा, शान्ति की प्रेरणा थे स्वामी कल्याणदेव:नायब सिंह सैनी

## धर्म, संस्कृति, समाज की अमूल्य धरोहर हैं स्वामी का जीवन:ओमानन्द



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शिक्षा कृषि वीतराग स्वामी कल्याणदेव महाराज की 21 वीं पुण्यतिथि शुकदेव आश्रम में पारम्परिक रूप से मनाई गयी। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सर्व प्रथम बृहमलीन स्वामी कल्याणदेव महाराज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की व स्वामी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। तथा महर्षि शुकदेव इंटर कॉलिज मे स्थापित स्वामी कल्याणदेव महाराज की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण किया जिसके बाद प्राचीनवट वृक्ष की परिक्रमा कर मनोकामना सिद्धि को धागा बांधा व शुकदेव मंदिर मे पूजा अर्चना की तथा सभागार मे बृहमलीन संत को श्रद्धांजलि अर्पित की।तथा साधु संतों से आशीर्वाद लेकर विभिन्न आठ भाषाओं में छपी शुकतीर्थ साहित्य नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।तथा अपने सम्बोधन मे ब्रह्मालीन संत के जीवन पर प्रकाश डाला व आश्रम मे स्थित हरियाणा भवन मे 11लाख रूपये देने की घोषणा की।

महाभारत कालीन तीर्थ नगरी शुकतीर्थ के जीर्णोद्धारक 366 से अधिक शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक, पदम् श्री ,पदम् भूषण से सम्मानित आध्यात्मिक संत स्वामी कल्याणदेव महाराज की पुण्यतिथि सोमवार को श्रद्धा पूर्वक मनाई गयी।

मुख्य अथिति मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा की स्वामी कल्याण देव असाधारण संत थे। उनकी शिक्षाएं सदैव प्रेरणादायक रहेगी व आने वाली पीढ़ी के लिए मार्ग दर्शक का कार्य करेगी।बृहलीन संत ने ज्ञान, शिक्षा, समाज सेवा को धर्म बनाया।अनेक कॉलिंज, गुरुकुल की स्थापना करने के अलावा स्वास्थ्य के क्षेत्र मे कार्य कर अस्पतालो की स्थापना की। उनका मानना था की विद्या ही व्यक्ति को अंधकार से निकालती है। उन्होंने सच्चाई सेवा प्रेम का पाठ पढ़ाया।

स्वामी जी की यात्रा एं केवल भौतिक नहीं थी वरन विचारों व सिद्धांतो का प्रचार प्रसार करने वाली थी। उन्होंने अनेक व्यक्तियों को सही मार्ग दिखाकर उनके जीवन को नई दिशा देने का काम किया।

शुकदेव आश्रम अध्यात्म का ही केन्द्र नहीं बल्कि शिक्षा, सेवा ओर सेवा ओर संस्कृति का प्रतीक है। जब मै प्रदेश अध्यक्ष था तब यहाँ आशीर्वाद लेने के लिए आया था। उत्तर प्रदेश मे चुनाव के दौरान भी उन्होंने पार्टी के लिए यहां रहकर कार्य किया। 2017 के पूर्व प्रदेश मे कानून व्यवस्था खराब थी दोपहर मे भी लोग यात्रा करते डरते थे। अब रात मे भी कहीं भी यात्रा कर सकते हैं। मुख्य मन्त्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व प्रदेश की कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। इस प्रदेश ओर राष्ट्र के लिए हम निरंतर काम करें मोदी व योगी जी मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनायेगे।

स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा की भारत ऋषियों मुनियों का देश रहा है। साधु संतो के पुरुषार्थ से जगत का कल्याण हुआ है। बृहमलीन स्वामी ने एक करोड़ गायत्री मंत्रो का जाप कर शुकतीर्थ मे तपस्या को आरम्भ किया था। उन्होंने ने शिक्षा व अपने विचारों से समाज को नई दिशा देने का काम किया।उनकी सेवा साधना समाज के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगी। शिक्षित समाज ही देश की उन्नति का रीढ़ होता है। बृहमलीन संत ने भागवत उदगम स्थली जैसे पौराणिक तीर्थ का जीरणोंद्धार सनातन संस्कृति को जीवित रखने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज देश ही नहीं विदेशो से लोग आश्रम मे आकर स्वामी जी की सेवाओं का स्मरण करते हैं।दीर्घायु जीवन मे निष्पक्ष, निर्भीक, निर्विवाद रहना आसान बात नहीं है। योग साधना के साथ उन्होंने लोक साधना भी की। संतो का जीवन व शरीर परोपकार के लिए होता है। बृहमलीन स्वामी सूक्ष्म रूप मे सदैव हमारे बीच मे रहेंगे। कार्यक्रम के उपरांत शुकतीर्थ साहित्य पुस्तक का विमोचन किया गया। तथा प्रसाद वितरण कर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर स्वामी कनक प्रभानन्द सरस्वती,महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज,भरत देव महाराज, सांसद रामचन्द्र जांगडा, गोरधन दास महाराज,कुंवर देवराज पंवार,भाकियू नेता नरेश टिकैत, किसान नेता युद्धवीर सिंह, एम एल रंगा, विधायक मिथलेशपाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पूर्व विधायक विक्रम सैनी,रमेश मलिक, राजेश्वर दत्त त्यागी, कुलपति शाकुम्भरी देवी विश्व विद्यालय विमला, युवा भाजपा नेता अमित राठी, अजय कृष्ण शास्त्री, विनोद शर्मा, गिरिशचंद उप्रेति, अचल शास्त्री, सुमन शास्त्री, संदीप दास, अजय कृष्ण शास्त्री, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल, उपजिलाधिकारी जयेंन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रेम शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व डीजीपी के पी सिंह ने की व संचालन ट्रस्टी तथा प्रबंधक ओमदत्त आर्य ने किया।

### शुकतीर्थ साहित्य पुस्तक का विमोचन किया

**मोरना।** शुकतीर्थ के साढे पांच हजार वर्ष के प्राचीन इतिहास के ज्ञान व शुकतीर्थ की महत्ता तथा विशेषता पर प्रकाश डालने वाली पुस्तक शुकतीर्थ साहित्य जिसका प्रकाशन शुकदेव आश्रम से किया जाता है। पुस्तक के नये संस्करण का विमोचन श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

### बारिश के कारण सड़क मार्ग से पहुंचे सीएम

**मोरना।** चंढीगढ़ मे मौसम खराब होने के करण मुख्य मन्त्री नायब सिंह सैनी का हेलीकोप्टर उड़ान न भर सका। जिस कारण मुख्यमंत्री को सड़क के रास्ते शुकतीर्थ मे आना पड़ा और कार्यक्रम मे वह दस बजे के स्थान पर 12 बजे पहुंचे दो घंटे देरी से पहुँचने के बाद भी मुख्यमंत्री दो घंटे कार्यक्रम मे मौजूद रहे और दो बजे हेलीकाप्टर द्वारा वापस चले गये।

### मुख्यमंत्री की सादगी से प्रभावित हुए आमजन

**मोरना।** हरियाणा के मुख्यमंत्री की सादगी को देख प्रत्येक दंग रह गया। मुख्य मन्त्री जिस आत्मीयता से जनता के बीच गये उसे देख प्रत्येक उनसे प्रभावित हुआ। साधारण स्वभाव, मृदु भाषी मुख्य मन्त्री को अपने बीच देख प्रत्येक गदगद हो गया। इस दौरान अनेक व्यक्तियों ने उन्हें मोमेंटो भेंट किये तथा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

# ईओ ने जिसे हटाया, उसे ही बना दिया सफाई नायक

## खुलासा: नगर पालिका में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के खेल निराले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका में अधिकारियों के खेल भी निराले हैं। अपनी नकारात्मक कार्यशैली के कारण एक बार फिर से कार्यवाही की जद में आए पालिका के निवर्तमान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने जाते जाते एक बड़ा खेल कर दिया। कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही के आरोप में जिस कार्यवाही सफाई नायक को अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा ने हटाया था, उसे गुपचुप तरीके से सफाई नायक बनाकर वार्ड में फिट कर दिया। अब जब लोगों ने सफाई कार्य को लेकर शिकायत की तो सेटिंग के आधार पर की गई सफाई नायक की इस अवैध फिटिंग के सारे खेल की पोल खुलकर सामने आई। कांवड़ यात्र के बाद इस मामले में कार्यवाही की बात अधिकारी कह रहे हैं।

पूर्व में पैसे लेकर एक सफाई कर्मचारी को कार्यवाहक सफाई नायक के पद पर नियुक्त करने की पोल खुली थी, लेकिन कोई भी गंभीर कार्यवाही नहीं होने के कारण उनके हौंसले बुलन्द ही रहे। अब ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है। पिछले दिनों कार्यवाहक सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत सफाई कर्मचारी विरेन्द्र कुमार को अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने गंभीर लापरवाही बरतने और आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में सफाई नायक पद से हटाते हुए मूल पद पर भेजने के आदेश जारी कर दिये थे। इसके बाद विरेन्द्र को हटा दिया गया, लेकिन नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल ने ईओ को भ्रमित किया और गुमराह करते हुए बिना स्वीकृति या जानकारी के फिर से सफाई नायक बना दिया।

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि वार्ड सात के अन्तर्गत आने वाले मल्हूपुरा के लोगों ने बताया कि उनका सफाई नायक विरेन्द्र कुमार है तो वो चौंक गई, क्योंकि उनके द्वारा ही विरेन्द्र को हटाया गया था। इसकी जानकारी पुख्ता करने के बाद उन्होंने जांच कराई तो पता चला कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने पालिका से तबादला होने से पहले ही विरेन्द्र कुमार को कार्यवाहक सफाई नायक के पद पर बहाल करते हुए वार्ड सात में तैनात कर दिया। यह गंभीर प्रकरण हैं और कांवड़ के बाद इस प्रकरण में कार्यवाही की जायेगी।

# गंगनहर हाईवे पर कांवड़ियों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कांवड यात्रा के दौरान गंगनहर किनारे नेशनल हाईवे पर बडघ हादसा हो गया। सोमवार देर शाम बाइक सवार दो कांवडध्यिों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों शिवभक्त गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया।

घटना भंगेला नेशनल हाईवे पर उस समय हुई जब दोनों कांवडिए बाइक द्वारा हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे थे। घायलों की पहचान अजय पुत्र ओमप्रकाश और अजय पुत्र महिपाल निवासी, हरियाणा के रूप में हुई।

हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कांवडियों को त्वरित उपचार के लिए एम्बुलेंस से मेरठ रेफर किया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। श्रावण मास के चलते कांवड यात्रा अपने चरम पर है, ऐसे में हाईवे और कांवड मार्ग पर हादसों की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए मार्गों पर निगरानी और वाहनों की गति पर नियंत्रण की मांग की है।

### कावड़ यात्रा: सभी विद्यालय 16 से 23 तक बंद

**मुजफ्फरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि कावड यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के आदेश पर जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक माध्यमिक समस्त विद्यालय सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय डिग्री कालेज के साथ ही डायट और तकनीकी संस्थाओं मे 16 से 23 जुलाई 25 तक का अवकाश घोषित किया गया है।

उन्होंने बताया कि यदि अवकाश मे कोई विद्यालय खुला हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बता दे कि भोलों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे शहर में आम लोगों की व वाहनों की भीड़ बढ़ने पर है इसी को देखते हुए जिलाधिकारी ने छुट्टी के आदेश दिए है।

# डिजिटल सिक्योरिटी लेस होंगे पालिका के वार्ड

## शुरू हुई शहर को हरित संकल्प के साथ स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर को शासन के द्वारा स्मार्ट सिटी बनाये जाने के लिए की जा रही पहल पर पालिका प्रशासन ने शहर को सम्पूर्ण डिजीटल सिक्योरिटी से आच्छादित करने की कार्ययोजना पर अमल शुरू किया है। इसके लिए लखनऊ की तर्ज पर शहर के 55 वार्डों को जोन में विभाजित करते हुए एक कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित कर वार्डों में सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाने की तैयारी है। इसके साथ ही कूड़ा वाहनों की तकनीकी निगरानी के लिए उनमें जीपीएस जैसी ट्रैकिंग डिवाइस लगाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि कंट्रोल रूम से सतत निगरानी की व्यवस्था हो सके। पिछले दिनों स्थानीय निकाय निदेशालय के अपर निदेशक डॉ. असलम अंसारी ने नोडल अफसर के रूप में मुख्यालय पहुंचकर नगरपालिका परिषद् की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ शासन द्वारा बड़ी नगर पालिकाओं को नगर निगम की भांति स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की योजना की जानकारी दी और इसके लिए निर्धारित 24 बिन्दुओं पर समीक्षा की थी। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद् अब शहर को स्मार्ट बनाने की राह पर आगे बढ़ रही है।

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के मार्गदर्शन में हम शहर को सुरक्षा, व्यवस्था और स्वच्छता के साथ ही यहां पर पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। शासन ने नगरपालिका परिषद् को स्मार्ट सिटी योजना में चयनित किया है और इसके लिए यहां पर होने वाले कुछ मुख्य कार्यों के लिए प्रस्ताव भी मांगे गये हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, गौशाला, स्मार्ट रिकॉर्ड रूम, स्मार्ट पार्क और स्मार्ट रोड के लिए काम किया जाना है। इसके साथ ही पालिका ने शहर को स्मार्ट सिक्योरिटी प्रदान करने की कवायद की है। इसमें लखनऊ नगर निगम की तर्ज पर कार्ययोजना बनाई जा रही है। 55 वार्डों को कुछ जोन में विभाजित करते हुए सभी क्षेत्रें में सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव है, इसके लिए पालिका मुख्यालय पर अपना एक कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जायेगा। सभी कैमरों को इससे जोड़कर शहरवासियों को 24 घंटे डिजीटल सिक्योरिट की निगरानी प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही स्वच्छता में लगाये जाने वाले सभी कूड़ा वाहनों को भी तकनीकी निगरानी के दायरे में लाकर इस कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जायेगा ताकि सफाई व्यवस्था की सतत निगरानी की जा सके।

ईओ डॉ प्रज्ञा सिंह ने बताया कि इसके लिए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की सहमति पर कार्य प्रारम्भ कि गया है। कार्ययोजना बनाकर जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजी जायेगी। शासन से इसके लिए बजट स्वीकृत कराने का प्रयास किया जायेगा, बजट नहीं भी मिला तो पालिकाध्यक्ष ने इस कार्य को बोर्ड फण्ड से कराने के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की है। दो साल के अनुभव के साथ अब पालिका अध्यक्ष नगर की आवश्यकता को बेहतर ढंग से जान गई है तथा शहर को सुन्दर बनाने के लिए काम कर रही है

# चार शातिरों से फर्जी मार्कशीट बरामद

## भारी मात्रा में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र भी मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मीरांपुर पुलिस ने चार शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से फर्जी दस्तावेज जिनमें आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र व विभिन्न कॉलेजों की फर्जी मार्कशीट सर्टीफिकेट, सनद टीसी आदि बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने इस गिरोह के कब्जे से दस्तावेज बनाने के उपकरण कम्प्यूटर व प्रिंटर भी बरामद होना बताया है।

पुलिस लाइन के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मीरांपुर पुलिस को जानकारी मिली थी कि ग्राम रसूलपुर गढ़ी में जिशाद उर्फ बिलाल पुत्र इस्लामुद्दीन के मकान में कुछ लोग फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहे है। उन्होने बताया कि इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और जिशाद उर्फ बिलाल के मकान की अन्य पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने जिशाद उर्फ बिलाल व मौहम्मद रिजवान पुत्र मौहब्बत निवासी अक्लाकपुर जानसठ, सुशील कुमार पुत्र रतीराम मवाना मेरठ व सद्दाम हुसैन पुत्र मौहम्मदयामीन निवासी मवाना को गिरफ्तार किया। उन्होने जानकारी दी कि पुलिस ने इनके कब्जे से 48 फर्जी आधार कार्ड, 40 फर्जी मतदाता पहचान पत्र, 32 ग्लोकल यूनिवर्सिटी की फर्जी मार्कशीट, दो मार्कशीट जनता इंटर कॉलेज पलडी बागपत, दस फर्जी मार्कशीट मवाना कृषि इंटर कॉलेज और दस सनद इसी कॉलेज की तथा दो मार्कशीट दीवान इंस्ट्रीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज मेरठ तथा अन्य संस्थाओं की भी फर्जी सर्टीफिकेट व मार्कशीट बरामद हुए है। पुलिस ने इनके कब्जे से केबल डाटा व कीबोर्ड भी बरामद होना बताया है।

एसएसपी ने भी जानकारी दी कि यह लोग कम्प्यूटर से फर्जी कागजात तैयार कर बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के नाम पर दस्तावेज बेचते थे और अवैध धन अर्जित करते थे। लिखापढ़ी के बाद पुलिस ने उक्त लोगों को जेल भेज दिया है।

### कांवड़ शिविरों के पास से चार संदिग्ध गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार कर बताया कि यह संदिग्ध युवक कांवड शिविरों की आस-पास घुम रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि सिविल लाइन पुलिस ने सुहैल उर्फ चौकड उर्फ शेरखान व आसिफ निवासी लद्दावाला, आसिफ निवासी शाहबुद्दीनपुर रोड, शादाब निवासी कूकडा, आबिद निवासी केवलपुरी को गिरफ्तार किया गया है। यह लोग संदिग्ध अवस्था में घुम रहे थे और पुलिस जेबकतरों व शातिरों की तलाश में इधर घूम रही थी।






# नाले के घोटाले का खुलासा होते ही नगर में मचा हड़कंप, ईओ का हुआ घेराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर के मोहल्ला सैनी नगर स्थित गुर्जर कॉलोनी में सात दशक पुराने नाले को बंद करने और उसके स्थान पर निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर नगर में हनाला घोटालाह की गूंज तेज हो गई है। सोमवार को जैसे ही इस घोटाले का समाचार शाहटाइम्स में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, नगर में हलचल मच गई और सैकड़ों की संख्या में व्यापारी, समाजसेवी और नागरिक नगर पालिका कार्यालय जा पहुंचे। अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार का घेराव कर मामले की जांच व नाले को पुन: चालू कराने की मांग की गई।

### प्रदर्शनकारियों ने अधिशासी अधिकारी को घेरा

सोमवार को भाजपा नगराध्यक्ष प्रवीण ठकराल, रेलवे रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सभासद विकास कौशिक, व्यापारी रमेश तनेजा, गौरी शंकर गौरी, गुलशन भाटिया, एकांश गुप्ता, कार्तिक अरोड़ा समेत सैकड़ों व्यापारी और स्थानीय लोग नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार का घेराव कर उन्हें मौके पर चल रहे निर्माण स्थल तक ले जाया गया।

### जलभराव ने तोड़े रिकॉर्ड, लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त

बारिश के चलते रेलवे रोड, श्यामपुरी, दुर्गापुरी, जलसा रोड और जानसठ रोड जैसे इलाकों में जलभराव ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार कमर तक भरे पानी की वजह से न सिर्फ आम जनजीवन प्रभावित हुआ, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बुरा असर पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने इसे कोई प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और नाला बंद किए जाने का सीधा परिणाम बताया। उनका कहना है कि यह नाला वर्षों से बरसात का पानी रेलवे रोड से होते हुए सीधे आगे के बड़े नाले तक पहुंचाता था, लेकिन अब इसके बंद हो जाने से सारा पानी मोहल्लों में भर गया है।

### व्यापारियों ने सुनाई खरी-खोटी

रेलवे रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि नाले को लेकर कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। व्यापारियों का कहना है कि जलभराव के चलते लाखों रुपये का नुकसान हुआ है, और व्यापार लगभग ठप हो गया है। भाजपा नगराध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पालिका के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से नाला बंद कर भूखंडों पर अवैध कब्जा कराए जा रहे हैं। उन्होंने इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई, तो एफआईआर दर्ज कराई जाएगी और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### स्वास्थ्य संकट भी बढ़ा

व्यापारी रमेश तनेजा और स्थानीय लोगों ने कहा कि जलभराव की स्थिति से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। गंदे पानी से दुर्गंध और संक्रामक रोग फैलने की आशंका गहरा गई है। लोगों ने कहा कि अगर जल्द नाला नहीं खोला गया और अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे शांत नहीं बैठेंगे।

### सभी की नजरें अब 16 जुलाई की बोर्ड बैठक पर

फिलहाल अधिशासी अधिकारी के आवासन के बाद प्रदर्शन को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है, लेकिन जनता की निगाहें अब 16 जुलाई को होने वाली बोर्ड बैठक पर टिकी हुई हैं। क्षेत्रीय जनता को उम्मीद है कि इस बैठक में ठोस निर्णय लेकर जलभराव जैसी गंभीर समस्या से निजात दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा। खतौली में सामने आए इस नाला घोटाले ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनता अब सजग है और यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो एक बड़े जन आंदोलन की भूमिका तैयार हो सकती है। अब देखना यह है कि 16 जुलाई को होने वाली बैठक में क्या निर्णय लिए जाते हैं और नगर को इस त्रासदी से राहत कब मिलती है।

## योगी सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

**खतौली।** सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं अन्य कांग्रेसी नेताओं पर योगी सरकार द्वारा किए गए मुकदमों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिला. धिकारी खतौली राजकुमार को सौंपा। ज्ञापन सौंपने का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एडवोकेट योगेश खारी एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष हकीम जफर महमूद ने संयुक्त रूप से किया।

ज्ञापन में मांग की गई कि वाराणसी में शांतिपूर्वक पोल खोलो पदयात्राष निकालने पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, बनारस के जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध दर्ज किए गए मुकदमे तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई सरकार द्वारा द्वेषपूर्ण भावना से की गई है, जो लोकतंत्र के मूल्यों के खिलाफ है। साथ ही उन अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई जिन्होंने राजनीतिक दबाव में आकर यह कार्यवाही की।

# प्रदेश अध्यक्ष और साथियों पर दर्ज हुए मुकदमे से उबले कांग्रेसी

### प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर।** वाराणसी के सिगरा में जनसमस्याओं के विरोध में निकाली गई पदयात्रा के दौरान कांग्रेसियों पर दर्ज हुए मुकदमे ने देश भर के कांग्रेसियों में उबाल ला दिया है। सोमवार को वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमें कहा गया कि अभी हाल ही में 10 जुलाई को कांग्रेस प्रदेशअध्यक्ष अजय रा के नेतृत्व में वाराणसी कांग्रेस पार्टी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने वाराणसी में जल भराव, ध्वस्त सीवर, जाम से परेशान जनता, कावड़ यात्रियों की समस्याओं के निराकरण को सरकार का ध्यान आकर्षित कराने हेतु ष्पोल खोल पदयात्रा निकाली थी, जिस पर प्रदेश सरकार के इशारे पर स्थानीय सिगरा थाने में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेस जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जो लोकतंत्र की हत्या है। ज्ञापन में कहा गया कि

कांग्रेस योगी सरकार के इस इस अन्यायपूर्ण और दमनात्मक कार्यवाही का पुरजोर विरोध करती है। प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल से मांग करते हुए कहां कि उत्तर प्रदेश सरकार को आदे. शित करें की जो फर्जी एफआईआर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी और अन्य कांग्रेसजनों के विरुद्ध की गई है उसको तुरंत वापस किया जाए।

ज्ञापन देने वालों में योगेंद्र शर्मा, रिजवान अहमद सिद्दीकी, हर्षवर्धन त्यागी, माजिद अली, कफिल अनवर, श्रवण कुमार, दिलशाद त्यागी, आशू कुमार, भूपेंद्र पाल, अफजाल अंसारी, नईम अंसारी, राजीव गुप्ता, अनमोल जैन, निलेश त्यागी, ललित त्यागी, नफीस त्यागी, दिनेश पाल, अजमेर सिंह, संजय भारती, मोहन पाल, मुकुल चंद्रपाल सिंह, कृष्ण पाल, मोहम्मद मुंतज़िर, आनंद कुमार, सुखम जयंत, मोहम्मद दिलशाद, शमीम सैफी, शहजाद, दीपक कुमार, नीरज कुमार सैनी, अनुज गुप्ता निखिल कुमार सैनी रहे।

# खतौली में जेबकतरी और बाइक चोरी की हुईं वारदात

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** शहर में दिनदहाड़े चोरी और जेबकतरी की दो अलग-अलग घटनाओं से हड़कंप मच गया है। पहली घटना जीटी रोड स्थित एक्सिस बैंक के बाहर हुई, जहां एक शातिर जेबकतरे ने बैंक आए व्यक्ति की जेब से हजारों रुपये से भरा पर्स पार कर दिया। वहीं दूसरी घटना गंगनहर किनारे की है, जहां एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोर उड़ा ले गया। दोनों मामलों में पीड़ितों ने कोतवाली में अज्ञात आरो. पियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बैंक के बाहर स्कूटी खड़ी करते समय जेब से पार हुआ पर्स

राजकुमार पुत्र प्यारे लाल, निवासी खतौली सोमवार को एक्सिस बैंक में अपने खाते में रुपये जमा कराने आया था। बैंक के बाहर अपनी स्कूटी खड़ी करने के दौरान एक अज्ञात युवक ने उसके पास आकर कहा कि स्कूटी को सही तरीके से खड़ा कर लें और पास में खड़ी बाइक को हटाने की बात कहकर उसे बातों में उलझा लिया।

इसी दौरान मौका पाकर युवक ने राजकुमार की पीछे की जेब में रखा पर्स पार कर दिया और वहां से चंपत हो गया। राजकुमार को कुछ देर बाद जब जेब खाली होने का अहसास हुआ तो उसके होश उड़ गए। काफी तलाश के बाद भी जब जेबकतरे का कुछ पता नहीं चला तो उसने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दी। राज. कुमार ने बताया कि उसके पर्स में करीब 40 हजार रुपये नकद थे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जेबकतरे की पहचान की कोशिश कर रही है।

### गंगनहर किनारे से बाइक चोरी कर ले भागा चोर

दूसरी घटना में खतौली के जड़ौदा गांव निवासी जगमोहन पुत्र राजकुमार अपने परिवार के साथ आधार कार्ड बनवाने के लिए खतौली आया हुआ था। काम निपटाने के बाद वह पत्नी और बच्चों के साथ गांव लौट रहा था, तभी गंग. नहर के पास बच्चों को कांवड़ यात्रा दिखाने के लिए रुका। उसने अपनी बाइक पालिका कैंप के पास खड़ी की और कुछ देर के लिए बच्चों को यात्रा दिखाने में लग गया। इसी बीच मौका पाकर एक अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर फरार हो गया। जब जगमोहन वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में पीड़ित कोतवाली पहुंचा और अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री मानसी मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यो के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गयी है। इसलिए मैने मानसी से सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। यह अपने कृत्य व लेनदेन की स्वंय जिम्मेदार होगी।

**धर्मेन्द्र पुत्र श्री ब्रजपाल**
**निवासी-म.नं. 64**
**ग्राम साल्हाखेडी,**
**थाना तितावी, तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# सीएमओ ने बीमार भोले का इलाज कराया फ्री

**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया की दरिया दिली की चर्चा आज बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में जोरों शोरों पर रही। काफी लोगों ने सीएमओ का आभार जताया है क्योंकि उन्होंने एक बीमार भोले के इलाज में आया खर्च हस्पताल को कहकर माफ करवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार इंडियन वेटरन आर्गेनाइजेशन परिवार मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष वेटरन मुकेश कुमार भार्गव ने एक पूर्व सैनिक वेटरन राजेंद्र सिंह जो कि हरियाणा राज्य के जनपद रेवाड़ी से कांवड़ लेकर जा रहे थे कि अचानक उनकी तबियत बुढ़ाना क्षेत्र मे स्थित शामली रोड पर बिगड़ गई तो आसपास के लोगों द्वारा उन्हें तत्काल आयुष्मान हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया और उनका इलाज करवाया गया। आज सोमवार के दिन वह स्वस्थ होकर अपनी कांवड़ लेकर चले गए। उनका 80 प्रतिशत दवाई का बिल भी लोगों ने मुजफ्फरनगर जनपद के मुख्य चिकत्सा अधिकारी से मिलकर माफ करवा दिया। इस नेक कार्य के लिए वेटरन मुकेश कुमार भार्गव जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर को सभी धन्यवाद दे रहे हैं क्योंकि यह सब उन्हीं के प्रयास से ही हो पाया है। भाकियू अराजनैतिक जिला अध्यक्ष सुधीर पंवार ने सीएमओ का आभार जताया है।

# सावन के प्रथम सोमवार पर उमड़ी शिवभक्तों की भीड़, कई कांवड़िए लगाए थे मोदी मास्क

**मुजफ्फरनगर।** सावन मास के पहले सोमवार को जनपद के सभी शिवालयों में शिव भक्तों ने सुबह भगवान शिव की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। इसके साथ ही हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों ने भी शिव चौक पर पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। सुबह के समय शिव चौक समेत शहर के अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। सावन मास के पहले सोमवार को शिव भक्तों ने सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हुए उन्हें बेलपत्र, दूध, दही, शहद, घी, बुरा, धूप-दीप जलाकर पूजा अर्चना की। वहीं गोमुख व हरिद्वार से कांवड़ लाने वालों कांवड़ियों का हाइवे से लेकर शहर में सैलाब बढ़ता जा रहा है। सावन के पहले सोमवार को हजारों की संख्या में कांवड़ियों का आगमन हुआ, जिन्होंने शिव चौक पर पहुंचकर परिक्रमा करते हुए पूजा अर्चना कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। बहुत से कांवरिया हाथों में तिरंगा लिए हुए थे जबकि बहुत ने इस बार मोदी के फेस वाला मास्क लगाए हुए हैं। कोई रावण का वेश यहां वह भगवान आशुतोष की परिक्रमा कर पूजा अर्चनाकर अपने-अपने क्षेत्र की ओर भगवान शिव का जयघोष करते हुए आगे बढ चलते हैं। कोई शिव को कंधे पर बैठाकर ला रहा कांवड़। कांवड़ियों में एक-दूसरे से आकर्षक दिखने के लिए होड़ लगी है। सोमवार को नगर में पहुंचे कांवड़ियों में दिल्ली के बुराड़ी निवासी मोहित त्यागी रावण का भेष धर कर पहुंचे।



वहीं कुछ कांवड़ियों ने अपने कंधे पर भगवान शिव को लेकर पहुंचे। कुछ कांवड़ तो 12 फीट से ऊंची भी नगर में पहुंची। भारी कांवड़ लेकर आ रहे कांवड़िये नगर में आने वाले कांवड़ियों में इस बार कलश में गंगाजल लेकर आने वाले अधिक हैं। यह कांवड़िये 51 लीटर गंगा. जल से 180 लीटर गंगा. जल तक लेकर अपने साथियों के साथ नगर में पहुंच रहे हैं। यह कांवड़िये अपने ग्रुप के साथ चलते हैं, जो कांवड़ को थोड़ी थोड़ी दूरी पर बदलते रहते हैं। नगर में आने वाले सभी कांवड़िये शिव चौक पर पहुंचकर भगवान शिव की परिक्रमा करते हुए अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। कांवड़ियों की कर रहे सेवा शहर में आने वाले कांवड़ियों की नगर में अनेक सामा. जिक संगठन व हिन्दू संगठन सेवाभाव में लगे हुए हैं। बहुत से लोग कांवड़ियों को जल पिला रहे हैं, तो कोई फल वितरित कर रहे हैं। कुछ ने तो टैंट लगाकर घायल कांवड़ियों की मरहम पटी करने में लगे हुए हैं। कांवड़ शिविर में आराम कर रहे कांवड़िये शहर में अनेक स्थानों पर कांवड़ियों की सेवार्थ अनेक कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंपों में कांवड़िये पहुंचकर आराम कर रहे हैं, वहीं इनकी सेवा के लिए कैंप में भोजन आदि की भी व्यवस्था की गई है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र तौसीफ खान गलत संगत में पड़ने के कारण मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है शुरू से ही अपनी पत्नी के साथ अलग किराये के मकान में रहता है। उसका मेरे या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नहीं है जिस कारण तौसीफ खान को मैने अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर से संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कृत्य लेन देन वाद विवाद के लिए मै या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। तौसीफ और उसका परिवार स्वयं जिम्मेदार होगा।

**फरीदा बेगम पत्नी अब्दुल अजीज**
**निवासी मकान न . 639**
**गली नम्बर-4 रहमतनगर**
**थाना खालापार**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# श्रावण के प्रथम सोमवार को शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

**मोरना।** पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार क्षेत्र के शिव मंदिरों में सुबह सवेरे श्रद्धालुओं ने भगवान शिवशंकर का जलाभिषेक किया व पूजा अर्चना की।श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल मौजूद रहा।

मोरना क्षेत्र के ग्राम ककराला स्थित प्राचीन सिद्धपीठ जुड़ेश्वर महादेव मन्दिर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को श्रद्धा और आस्था के साथ सुबह सवेरे श्रद्धालुओं की कतार जलाभिषेक के लिये लग गयी।

हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिव पिण्डी पर जलाभिषेक किया। ककराला,मोरना ,अथाई आदि गाँव के महिला व पुरुषों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की तथा बेलपत्र, धूप आदि अर्पित किये। क्षेत्र के



गाँव वजीराबाद स्थित प्राचीन वनखंडी महादेव शिव मन्दिर में वजीराबाद व छछरौली के ग्रामीणों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। फिरोजपुर में स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध नीलकण्ठ महादेव मन्दिर में भारी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शुकतीर्थ, फिरोजपुर व शुक्रतारी के ग्रामीणों ने नीलकंठ महादेव मन्दिर में जलाभिषेक किया कस्बा भोकरहेडी बाजार स्थित शिव मंदिर व शेरों वाले मंदिर में श्रद्धालुओं ने मनोकामना सिद्धि व परिवार की खुशहाली के लिये प्रार्थना की।

# पैतृक गांव फुलत में सुपुर्दे-ए-खाक हुए शारिक राणा

**खतौली।** खतौली के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी और होटल चीतल ग्रांड के प्रबंध निदेशक (एम.डी.) शारिक राणा का सोमवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वे बीते काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से खतौली नगर समेत समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। समाजसेवी और व्यापा. रिक जगत में उनकी गहरी पैठ थी, जिनकी भरपाई मुश्किल मानी जा रही है। शारिक राणा न केवल होटल उद्योग में एक सफल व्यवसायी थे, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनका होटल ष्चीतल ग्रांडष न सिर्फ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध था, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के बीच भी उसकी लोक. प्रियता थी। उनकी आतिथ्य शैली, प्रबंधन कुशलता और व्यावसायिक दूरदर्शिता ने होटल को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।

### फुलत क़ब्रिस्तान में हुए सुपुर्द-ए-ख़ाक

सोमवार को नमाज़े जनाज़ा के बाद उन्हें उनके पैतृक गांव फुलत के कदीमी क़ब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। नगर पालिका चेयरमैन हाजी शाहनवाज़ लालू, वक्फ़ बोर्ड कमेटी सचिव नासिर अंजुम एडवोकेट, शिव कुमार अरोड़ा एडवोकेट, अब्दुल समद एडवोकेट, राजेन्द्र विश्वकर्मा, पूर्व विधायक नवाज़िश आलम, पूर्व विधायक नुसरतलीन राना, डक्क नईम इक़बाल, हज़रत हाफ़िज़ अजीजुर्रहमान फुलत, हाफ़िज़ सरवर, वसीम अहमद प्रधान फुलत, चौधरी गजेंद्र अहलावत (पूर्व प्रधान), सरदार वीरेन्द्र सिंह मान बिल्लू, पूर्व पालिका चेयरमैन कन्हैया जैन, सपा नेता हाजी इक़बाल, भाजपा नेता मदन छाबड़ा, हाजी शौकत अली, आफाक पठान, अहतशाम गुड्डू, क़ाज़ी नबील अहमद, तासीर हसन, चौधरी देवेंद्र सिंह ठोलू, स. सतपाल सिंह पाली, स. इक़बाल सिंह काके, हाफ़िज़ इब्राहीम खलील, कांग्रेस नेता नासिर सिद्दीकी, डा. मंसूर उल हक़, हाजी इज़हार अहमद, मुबश्शिर हाशमी, असद जमाल, जईम हसन क़ादरी, सैय्यद मोहम्मद नईम आदि रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र मो. हन्जला के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 1927, जारी करने की दिनांक 13.12.2011 में त्रुटि वश माता के रूप में मेरा नाम नसरीन बेगम अंकित हो गया है, जबकि मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम नसरीन अंकित है तथा भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**नसरीन पत्नी शादाब अरशद**
निवासी- 293, खालापार, मुजफ्फरनगर।
मोबाइल नम्बर- 9971997155

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपने पुत्र का नाम मौ अली अबीर रज़ा (MOHD ALI ABER RAZA) से बदलकर अली अबीर रज़ा (ALIABEER RAZA) कर दिया है तथा माता का नाम जूही ज़ैदी (JUHI ZAIDI) व पिता का नाम असलम रज़ा (ASLAM RAZA) कर लिया है। आज से मुझे, मेरे पुत्र व पत्नी को इसी नाम से जाना जाये।

ASLAM RAZA S/o
SHAHID RAZA, R/o 786/
27, YOGENDRAPURI,
MUZAFFARNAGAR
PIN-251002 (U.P.)

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम जन्म प्रमाण पत्र में अनुष्का पुत्री सुमित गलत अंकित है जबकि मेरा वास्तविक नाम अनुष्का वर्मा पुत्री सुमित कुमार, मौहल्ला भटवाड़ा दक्षिणी, बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी है। इसलिए अब मुझे भविष्य में अनुष्का वर्मा पुत्री सुमित कुमार के नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम जन्म प्रमाण-पत्र मे अनुंज पुत्र सुमित गलत अंकित है जबकि मेरा वास्तविक नाम अनुज कुमार वर्मा पुत्र सुमित कुमार, मौहल्ला भटवाड़ा दक्षिणी, बुढाना, जिला मुजफ्फरनगर, यूपी है। इसलिए अब मुझे भविष्य में अनुज कुमार वर्मा पुत्र सुमित कुमार के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

# स्वामी कल्याण देव के कार्यों का ऋणी है समाज : मास्टर विजय सिंह

**मुजफ्फरनगर।** वीतराग शिक्षा ऋषि स्वामी कल्याण देव जी की 21वी पुण्यतिथि के अवसर मास्टर विजय सिंह व साथियो ने गांधी पॉलिटेक्निक यज्ञ का आयोजन किया गया तथा उपस्थित लोगों ने स्वामी जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनकी प्रेरणादायक समाज सेवा की चर्चा की। आंदोलनकारी मास्टर विजय सिंह ने कहा स्वामी कल्याण देव के सामाजिक कार्यो पर अनुसंधान की आवश्यकता है स्वामी जी गरीब परिवार में पैदा हुए उनकी खाली के जेब होने के बावजूद उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में 300 से अधिक विद्यालय बनाकर कर एक कीर्तिमान रिकॉर्ड स्थापित किया जिनमें ( हाई स्कूल,इंटर कॉलेज ,डिग्री कॉलेज , पॉलिटेक्निक) आदि सम्मिलित है जिसमें गरीब अमीर के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है , सभी स्कूलों में फीस सरकारी सरकारी स्तर पर है स्वामी जी ने शिक्षा को व्यवसाय नहीं बनाया,स्वामी जी के कार्यो का समाज हमेशा सदैव ऋणी रहेंगे. सरकार ने उनके विशिष्ट कार्यों के लिए पदम श्री व पद्म विभूषण राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित किया राजपूत महासभा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पुंडीर कहा स्वामी कल्याण देव जी समाज के उत्थान के लिए जीवन भर कार्य करते रहे हमें हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन ठाकुर अशोक सिंह ने कहा स्वामी कल्याण देव जी को ईश्वररीय अद्‌भुत शक्ति प्राप्त थी जहा वे जाते थे वही शिक्षण



संस्था तैयार हो थी डॉ सतीश आर्य कहां स्वामी के कार्य अनोखे थे हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए तथा डॉ सतीश आर्य ने यज्ञ किया। कार्यक्रम की आयोजन व संचालन मास्टर विजय सिंह ने किया अध्यक्षता ठाकुर राजेंद्र सिंह पुंडीर डॉ सतीश आर्य ,डॉक्टर अश्वनी आर्य , दीपक कुमार , ठाकुर अशोक सिंह , राजेंद्र सिंह पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम खेड़ी सराय में जलभराव से ग्रामीण परेशान, बीमारी फैलने का खतरा बढ़ा

**मीरापुर।** मीरापुर क्षेत्र के ग्राम खेड़ी सराय में भारी जलभराव से ग्रामीणों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के मुख्य मार्गों और गलियों में पानी जमा होने के कारण लोगों का आना-जाना दूभर हो गया है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। पूर्व में भी कई बार इस संबंध में ग्राम प्रधान सहित उच्च अधिका. रियों को प्रार्थना पत्र भेजे गए हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बरसात के पानी में गंदगी और कीड़े पनपने लगे हैं, जिससे बीमारियों के फैलने का अंदेशा बना हुआ है।ग्रामीणों ने बताया कि इस जलभराव से स्कूल जाने वाले बच्चों, खेतों में जाने वाले किसानों और रोजमर्रा के कार्यों के लिए बाहर निकलने वाले लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उधर मार्ग में एक शिवालय भी है जिसमें पहुंचने पर लोगो को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। शिवरात्रि के मौके पर बडी संख्या में कावडिये उक्त मंदिर पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाकर जलाभिषेक करते हैं। रास्तों पर भरा यह गंदा पानी न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है बल्कि इसमें मच्छरों का भी तेजी से प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्राम निवासी अतुल कुमार वशिष्ठ, मिंटू, रामनिवास, विजय शर्मा, श्यामवीर, अजय शर्मा, ओमवीर, सन्नू, राजीव शर्मा, कपिल शर्मा और राजीव कुमार आदि ने जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है।

## फायरिंग करने वालों के खिलाफ हुआ मुकदमा दर्ज

**चरथावल।** गत दिवस इस्टाग्राम पर हुई कहासुनी के बाद फायरिंग प्रकरण मे दो नामजद व चार पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है मुकदमा दर्ज होने से फायरिंग के आरोपियों मे हड़कंप मच गया

बताते चले की इस्टाग्राम पर चरथावल व हेबतपुर के युवकों मे जमकर कहासुनी हो गए थी जिसके बाद दोनों पक्ष मे पूरी गरमाहट पैदा हो गयी थी तनातनी के बाद हेबतपुर के युवकों द्वारा गाड़ियों मे पहुंचकर सरेआम हथियार लहराते हुए मलहुवाले पर पहुंचकर दनादन फायरिंग कर दी थी खुलेआम फायरिंग की घटना से वहा मौजूद अन्य व्यक्तियों ने भी इधर उधर भागकर जान बचाई थी और आरोपी खुलेआम फायरिंग करने के बाद फरार हो गए थे थाना प्रभारी फायरिंग की घटना पर तत्काल मोके पर पहुँचे थे जिसके बाद देर रात दो नामजद व चार पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरी पुत्री सोन्नी के तीन बच्चे है जिसके पति की मृत्यु हो चुकी है। जो मेरे पास रह रही थी। सोन्नी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही रही है तथा अक्सर मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा व गाली-गलौच करती रहती है। सोनी 13.3.2025 को साहिल पुत्र नूरमौहम्मद निवासी सितारगंज उत्तराखण्ड के साथ अपने बच्चों को छोडकर चली गई है। इस कारण मै व मेरा परिवार का सोन्नी से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नही रहा है। उक्त सोन्नी द्वारा किये गये किसी भी अच्छे व बुरे कार्यो के लिए सोन्नी स्वयं जिम्मेदार है। मैने सोन्नी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उससे अपने सभी पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है।

**लिल्ला पुत्र रहमत**
**निवासी म.न.843 जौला थाना**
**बुढाना जिला-मुजफ्फरनगर**

# झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में महाआरती का आयोजन

## 10 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगा भक्ति का अनुष्ठान, रोज होंगे रुद्राभिषेक और दीप प्रज्वलन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर झारखंड महादेव देवालय शिवपुरी में संध्याकालीन महाआरती का भव्य आयोजन शुरू हो गया है।

यह आयोजन 10 जुलाई गुरुपूर्णिमा से प्रारंभ होकर 9 अगस्त 2025 को पूर्णिमा तिथि तक अनवरत जारी रहेगा। प्रतिदिन महाआरती से पूर्व रुद्राभिषेक किया जा रहा है, जिसके पश्चात शिवभक्त संध्या आरती में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

सोमवार 13 जुलाई को रुद्राभिषेक का आयोजन मालती शर्मा ने अपने परिवार सहित विधिवत रूप से कराया। इसके बाद संध्याकालीन महाआरती में मुख्य यजमान के रूप में संजय गोस्वामी व ऐश्वती गोस्वामी ने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवभक्तों की उपस्थिति रही। पूरा मंदिर परिसर श्बोलेम बमश् और श्हर हर महादेवश् के जयकारों से गूंज उठा।

भक्तों की भक्ति और आस्था ने वातावरण को पूर्णतः शिवमय बना दिया।

कार्यक्रम का संचालन झारखंड महादेव देवालय समिति के प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने किया। आयोजन में विशेष सहयोग देने वालों में संरक्षक वेद प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर गोयल, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सूरी, सचिव तरुण सूरी, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, और सदस्यगण मदन छाबड़ा, मनोज उपाध्याय, संदीप अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, विजय माहेश्वरी, यश छाबड़ा, अरुण वर्मा, योगेश वर्मा, सुनील दत्त शर्मा, सुनील कुमार अलीपुर, अशोक कुमार शर्मा, संजय भार्गव, पंकज भटनागर (पूर्व सभासद), सुधीश पुंडीर, सतीश पुंडीर, अनिल वर्मा (ज्वैलर्स), मिथलेश माहेश्वरी, शशि भारद्वाज, कमलेश देवी, पूनम देवी, विमला देवी, शशि उपाध्याय, आरती, ऐश्वती गोस्वामी एवं नीरज मिश्रा का विशेष योगदान रहा। आरती यज्ञाचार्य पंडित कमलेश मिश्रा और अनुराग शास्त्री द्वारा विधिवत कराई जा रही है।

आरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे इस पुण्य अवसर पर प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में आकर भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं महाआरती में सहभागिता करें।

# महिला के साथ यौन शोषण व मारपीट, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पूर्वांचल तथा दूसरे राज्यों से महिलाओं को लाकर उनके साथ दुर्व्यवहार करने तथा शारीरिक शोषण करने के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं।पूर्वांचल के जनपद निवासी महिला ने शारीरिक शोषण व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए क्षेत्र निवासी आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जनपद गोरखपुर के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी तहरीर में बताया की पांच वर्ष पूर्व शुक्रताल निवासी एक युवक उसे बहका फुसला कर साथ ले आया था।युवक शादी करने का झांसा देकर आरोपी ने उससे शारीरिक संबंध बना लिए जिसके बाद उसने दो पुत्रियों को जन्म दिया। युवक द्वारा एक पुत्री की उचित देखभाल व समय पर उपचार न कराने के कारण डेढ़ वर्ष बाद मृत्यु हो गयी। आरोपी उसके साथ लगातार मारपीट करने लगा।मारपीट व असहनीय व्यवहार के कारण उसने चार वर्षीय पुत्री को अपने पास रखकर शुक्रताल निवासी एक पुत्र के पिता विदुर व्यक्ति से कोर्ट मे शादी कर ली। दोनों पति पत्नी सकुशल रह रहे हैं। की आरोपी युवक व उसके जीजा ने उसे पकड़ कर ज़बरदस्ती घर मे बंधक बनाकर मारपीट की। दोनों की अनुपस्थिति मे वह किसी प्रकार घर से निकल कर थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपी जीजा साले के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने बिना अनुमति अधिकारियों के जिला छोड़ने पर रोक लगाई

**मुजफ्फरनगर।** डीएम उमेश मिश्रा ने बताया है कि श्रावण कांवड यात्रा-2025 दिनांक 11.जुलाई से शुरू हो गया है। 23.07.2025 को मुख्य पर्व महाशिवरात्रि पर कावड़ियों/शिवभक्तों द्वारा जलाभिषेक किया जायेगा। कांवड यात्रा 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि कोई भी अधिकारी/विभागाध्यक्ष बिना अधोहस्ताक्षरी की पूर्व अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जायेंगे। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

### किसान के 18 पापुलर के पेड़ काटे

**मीरापुर।** ग्राम नंगला खेपड में एक किसान के खेत से बीती रात कुछ लोगो ने 18 पापुलर के पेड काट लिये। चोर किसी वाहन में भरकर रात्रि में बेचने के लिए ले गये। मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नंगला खेपड निवासी राज सिंह पुत्र मेघराज ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि बीती रात उसके खेत में खड़े पापुलर के 18 पेड काट लिये। पीड़ित किसान ने खेत के पड़ोसी दो किसानों पर पेड चोरी करने का आरोप लगाया है।

### टिकैत के नाम पर कांवड़ लाए कावंड़िए पहुंचे बुढ़ाना

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के नाम की पहली कांवड़ को लेकर बुढ़ाना कस्बे में पहुंचे सभी कांवड़ियों का आज सोमवार के दिन अपनी नगर की टीम के द्वारा भारतीय किसान यूनियन के बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार अहमद ने फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया। ये सभी कांवडियें पहली बार भाकियू संस्थापक के नाम की कांवड़ लेकर हरिद्वार से चलकर बुढ़ाना को निकलकर अपने गंतव्य की और बढ़ रहे थे। ये भोले उनके नाम पर 131 लीटर गंगाजल भी लेकर के चले थे। ये सभी भोले गांव नसोली बरवाला के बताए गये हैं। भोलों का कहना था कि वे किसानों के सम्मान में प्रथम कांवड लेकर हरिद्वार से यहां पर आए हैं। हमारी चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत में आज भी पूरी आस्था है। वे हमेशा से किसानों के हितों की ही बात करते रहे। आज भी वे हमारे दिल में हैं। हमें उनकी क्षेत्रनगरी में आकर बहुत ही अच्छा लगा। भाकियू मुस्लिम नेता इसरार अहमद ने हमारा बहुत ही अच्छा स्वागत किया। यहां पर हमें पूरा भाईचारा देखने को मिला। उन्होंने यहां पर भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी को भी देखकर कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता का संगम जो हम सभी को यहां पर देखने को मिला ऐसा ही संगम हमारे गांव के क्षेत्र में है।

### मंत्री और पालिाध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर।** सावन के पहले सोमवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल और चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शहर के दो वार्डों में करीब डेढ़ करोड़ से तैयार आठ सीसी सड़कों और एक नाला निर्माण का लोकार्पण किया है। वहीं चेयरपर्सन ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए तमाम व्यवस्थाओं को परखा है, वहीं कर्मचारियों की डड्ढूटी को भी चेक किया है। इसके अलावा नवल्टी चौक पर नाले के सफाई कार्य को भी देखा है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप राज्यमंत्री कपिल देव के साथ वार्ड संख्या 17 के अन्तर्गत कूकड़ा में 05 सीसी सड़कों और एक करीब तीस मीटर नाले के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि इस नाले के निर्माण होने से कूकड़ा की तीन बस्तियों को बेहतर जल निकासी का लाभमिलेगा। उन्होंने कहा कि पालिका के विभिन्न मदों से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत करीब 80 लाख रुपये की लागत से कराये गये विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ है। इसके बाद चेयरपर्सन ने वार्ड संख्या 26 में करीब 65 लाख रुपये की लागत से घास मंडी, ब्रह्मपुरी और अंसारी रोड लिंक मार्ग के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित शास्त्री, महामंत्री सुशील गोयल, वार्ड सभासद प्रशांत गौतम, सभासद नवनीत गुप्ता, सभासद अनुज कुमार, प्रशांत गौतम, रविन्द्र चौधरी, आदेश गौतम आदि मौजूद रहे।

### लेखपाल की आत्महत्या पर नाराजगी, विरोध में प्रदर्शन

**जानसठ।**तहसील में लेखपाल संघ ने सोमवार को एक दिवसीय धरना दिया। धरना हापुड़ के धौलाना तहसील में एक लेखपाल की आत्महत्या के विरोध में था। लेखपाल संघ ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी दिया है।

सोमवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा जानसठ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं सचिव रविंद्र सैनी के आह्वान पर तहसील में प्रदर्शन के दौरान लेखपालों ने जमकर नारेबाजी की। राजस्व और चकबंदी के लेखपाल मौजूद रहे। धरने के बाद लेखपाल संघ ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। लेखपालों का कहना है, कि हापुड़ में अधिकारियों की प्रताड़ना के कारण एक लेखपाल ने आत्महत्या की। इस घटना से लेखपाल समुदाय में आक्रोश है। प्रदर्शनकारियों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, यह मांग भी रखी। उन्होंने हापुड़ में हुई घटना की जांच कराए जाने की मांग भी की है। लेखपालों ने इस हृदय विधायक घटना की निंदा करते हुए शोक सभा भी की है। धरने में मुख्य रूप से प्रवीण कुमार, रविंद्र सैनी, आदेश कुमार, सुरेश कुमार भारती चौहान आदि लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक सुक्रमपाल, खलील अहमद आदि मौजूद रहे।

### पूर्व प्रमुख का किया फूल मालाओं से स्वागत

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव कुरावा में पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का हजारों ग्रामीणों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। गांव की चौपाल पर हुई सभा में जहां एक और पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने अपने पास से गांव की माढी के जीर्णोद्धार के लिए एक लाख रूपये और गांव के सैंकड़ों खिलाड़ियों के लिए मेट हेतु 50 हजार रुपये देने की घोषणा की वहीं उन्होनें अपनी मम्मी ब्लाक प्रमुख पाल्लो देवी की निधी से गांव कुरावा में एक माह के भीतर दो बड़े वाटर कूलर और सीसी रोड का निर्माण कराए जाने की भी घोषणा कर ग्रामीणोंघ्को खुशी से सराबोर कर दिया।घ् उन्होंने बताया कि आप लोगों ने उनको चुनावघ् जीतने से पहले जो दस काम दिए थे वे वादे के मुताबिक मेरे द्वारा पूरे करा दिए गये और अभी कुछ दिन शेष पड़े हैं उनमें भी कई और विकास कार्य इस गांवघ् में कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि में प्रमुख, जिला पंचायत या विधायक का चुनाव लड़ूं उसमें मुझे पूर्व के चुनावों की भांति आपका साथ चाहिए।में वादा करता हूं आपके सम्मान में किसी भी तरह की कमी आने नहीं दूंगा। इस दौरानघ् यहां जोरदार तालियां बजी। यहां रालोद जिंदाबाद, जयंत चौधरी जिंदाबाद, प्रमुख विनोद मलिक जिंदाबाद और चौधरी चरण सिंह, चौधरी अजीत सिंह अमर रहे के नारे ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ लगाए। यहां चरण सिंह प्रधान, जगपाल प्रधान, प्रदीप कुमार, गजे सिंह, सुनील समेत हजारों ग्रामीण दिखे। अपने सम्मान मे भीड़ देख पूर्व प्रमुख बहुत खुश दिखे।

### इंटर कालेज में वृक्षारोपण का आयोजन

**मीरापुर।** सनातन धर्म इंटर कॉलेज मीरापुर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु पीपल, जामुन, बरगद सहित कई फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विकास शर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा, भाजपा, डॉ. अशोक, अरुण शर्मा, राजेश शर्मा, प्रद्युम्न शर्मा, सुनील शर्मा समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस सराहनीय पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और वृक्षारोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. विकास शर्मा ने विद्यालय की वर्तमान गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी सभी सम्मानित अतिथियों को दी।

# छात्रों के झगड़े की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**चरथावल।** कस्बे के जयहिंद इंटर कॉलेज के छात्रों के दो गुटों मे मारपीट की सूचना पर चरथावल पुलिस ने जमकर दौड़ लगाई। पुलिस को आता देख छात्रों के दोनों गुट फरार हो गए।जय हिन्द इंटर कॉलेज के छात्रों में आए दिन हो रहे झगड़ों से व्यापारियों मे कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध भारी रोष बना हुआ है।

सोमवार को जय हिंद इंटर कॉलेज चरथावल के छात्रों के दो गुटों में कॉलेज गेट पर ही जमकर लाठी डंडे और बेल्ट चलने से मुजफ्फरनगर थाना भवन मार्ग पर अफरा तफरी मच गई। झगड़े की सूचना मिलते ही चरथावल थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह पैदल ही मौके पर दौड़ पड़े। मारपीट कर रहे छात्रों के दोनों गुट पुलिस को आता देख मौके से फरार हो गए। थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह ने कॉलेज प्रांगण के बाद डडूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को झगड़ा कर भाग रहे छात्रों के पीछे पीछे दौडाया। मगर छात्र अपनी एक बाइक छोड़ मौके से फरार हो गए। आए दिन जय हिंद इंटर कॉलेज के बाहर हो रहे छात्रों के झगडों से व्यापारियों में कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध भारी रोज है। व्यापारियों का कहना है कि कॉलेज प्रशासन छात्रों के द्वारा रोजाना हो रही मारपीट के संबंध में दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही नहीं करता जिससे आए दिन कॉलेज गेट पर छात्र मारपीट पर उतारू हो जाते हैं।

थाने से कालीज की दुरी मात्र तीस मीटर फिर भी दिनप्रतिदिन होते है झगड़े कालीज मे होने वाली आए दिन झगड़ो से जहाँ दुकानदार भी परेशान है वही एक महीने मे करीब दस से ज्यादा झगड़े होते है लेकिन प्रशासन द्वारा झगड़ा करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही न करने से झगड़ालू छात्रों के हौसले बुलंद हो रहे है जिससे क्षेत्रवासी सहित कालीज के पास के दुकान स्वामी परेशान आ चुके है

चरथावल चौकी इंचार्ज की कार्यप्रणाली से मिल रहा है असामा. जिक तत्वों को बढ़ावा चरथावल चौकी इंचार्ज द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे है जिससे आए दिन झगड़ालू व्यक्तियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है।

## होली चाईल्ड में वाटर कूलर का लोकार्पण

**मुजफ्फरनगर।** जिला आचार्यकुल संस्था की ओर से होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मु0नगर में बालिकाओं के लिए शीतल जल पीने के लिए एक वाटर कूलर उपहार स्वरूप दिया गया। वाटर कूलर का लोकार्पण आचार्यकुल के राष्ट्रीय संरक्षक होतीलाल शर्मा, आर0के0 मार्शल, लोकेश चन्द्रा, अध्यक्ष गुडविल सोसायटी सुरेन्द्र अग्रवाल, पं0 शिवकुमार, इंजी. राजेन्द्र शाहनी, आचार्य सीताराम, सत्यप्रकाश शर्मा, डॉ0 सुनील शर्मा, सतीश बिवकर्मा, अरूण कुमार, पूनम मार्शल, रेणुका जयमिनी, डॉ0 राजीव कुमार एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज में जिला आचार्यकुल के सभी सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण एवं विद्यार्थियों को संस्कार, मार्गदर्शन एवं सफल जीवन के आयामों के लिए प्रेरित करने के हेतु कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

# कांवड़ मार्ग का एसडीएम बुढ़ाना ने किया निरीक्षण

**शाहपुर।** कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस व प्रशासन पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। इसी क्रम में आज दबंग प्रशासनिक अधिकारी उपजिला मजिस्ट्रेट बुढ़ाना मोनालिसा जोहरी द्वारा कांवड़ रुट का निरीक्षण करते हुए कावंड़ यात्रा के दौरान बनाये गये डड्ढूटी प्वाईन्ट को चेक किया गया तथा डड्ढूटी पर तैनात पुलिस व राजस्व कर्मियों को डड्ढूटी सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान एसडीएम बुढ़ाना द्वारा कांवड़ डड्ढूटी पर तैनात पुलिस व राजस्व कर्मियों को सतर्कतापूर्वक डड्ढूटी करने, कांवड यात्रियों के साथ शालीनता से व्यवहार करने एंव उनकी हरसम्भव सहायता करने तथा डायवर्जन प्लान को कडाई से लागू कराते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने, कांवड मार्ग पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने,




कांवडियों/श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने, यदि किसी श्रद्धालु के साथ कोई अप्रिय घटना होती है अथवा उनकी तबीयत खराब होती है तो तत्काल इसका संज्ञान लेकर अतिशीघ्र मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने तथा छोटी/बडी सूचना से तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी ने कस्बा चौकी पर शिवभक्त श्रद्धालुओं से वार्ता भी की साथ ही एसडीएम बुढ़ाना द्वारा श्रद्धालुओं को अवगत कराया गया कि किसी प्रकार की असुविधा/परेशानी होने पर डॉयल-112 अथवा कंट्रोल रूम पर कॉल कर सकते है, मुजफ्फरनगर पुलिस/प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जाएगी।

# कांग्रेसियों ने सीओ बुढ़ाना को सौंपा ज्ञापन.....

**बुढ़ाना।** नवनियुक्त कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल दत्त शर्मा और डाक्टर जावेद उस्मानी के संयुक्त नेतृत्व में आज सोमवार के दिन बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि बीती 10 जुलाई को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में जनपद वाराणसी के जिला और शहर अध्यक्ष सहित काफी कांग्रेस कार्यकर्ता वाराणसी जनपद में जल भराव से ध्वस्त सीवर से पीड़ित हुए कई दुकानदारों की समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। जिसमें सरकार द्वारा दंडात्मक कार्यवाही करते हुए दस कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर



एफआईआर दर्ज की गई है। इसी के विरोध में आज यूपी गर्वनर को समस्त प्रदेश के जिला मुख्यालय और बुढाना तहसील मुख्यालय पर ज्ञापन सोंपा गया है। जिसमें मांग की गई है कि समस्त 10 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के केस को वापस लिया जाए और वाराणसी की पुलिस पर उचित कार्यवाही की जाए। यहां ज्ञापन देने वालों मे कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अनिल दत्त शर्मा और डॉक्टर जावेद उस्मानी, मुखिया सलीम राणा, वकील अहमद, अखिल राणा, लो. केश सैनी, श्रीपाल सैनी, रोहताश भोर, इजहार, इकबाल मलिक और एडवोकेट स्वतंत्र वीर सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खेत पर गए मजदूर की अचानक मौत, शव को भेजा मोर्चरी

**मोरना।** खाइखेड़ा गांव मे खेत मे कार्य कर रहे मजदूर की तबियत अचानक बिगड गयी। जिसके बाद उसे जानसठ अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने पंचनामा लेकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा निवासी 48 वर्षीय अब्दुल रऊफ मजदूरी का कार्य करता था। सोमवार को वह गांव के जंगल मे मजदूरी पर खेती का कार्य कर रहा था। की अचानक उसकी तबियत बिगड गयी।आनन फ़ानन मे अब्दुल रऊफ को जानसठ अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी द्वारा विपरीत आशंका जताने पर पुलिस द्वारा शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी अंजुम सहित एक पुत्री शमा व पांच पुत्र आसिफ, आदिल, उवेस, अयान, फरहान को छोड़ गया है। पत्नी अंजुम दो वर्षो से तीन बच्चों शमा, अयान व फरहान को लेकर मुज़फ्फरनगर शहर मे रह रही है। अंजुम द्वारा पति की मौत का कारण भिन्न होने की आशंका जताई गयी।जिसके बाद पुलिस द्वारा पंचनामा लिखकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।थानाध्यक्ष जोगेन्द्र सिंह ने बताया की मामले मे कोई तहरीर आदि प्राप्त नहीं हुई है। मृत्यु का कारण पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा जिसके बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## सावन माह के प्रथम सोमवार में मंदिरों में उमड़ी भीड़

**बुढ़ाना।** सावन माह के पहले सोमवार पर बुढ़ाना कस्बे के शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर परिसर हर-हर महाद. व के जयघोष से गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से बाबा महादेव का जलाभिषेक किया। इस वर्ष सावन में चार सोमवार आ रहे हैं। पुराणों के अनुसार महादेव को प्रसन्न करने के लिए सावन का माह सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। मान्यता है कि सावन के सोमवार का व्रत रखने और भगवान शिव की पूजा करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़े इंतजाम किए हैं। बुढ़ाना पुलिस निरंतर गश्त कर रही है। बुढ़ाना कस्बे के शिव स्थल मंदिर में सैंकडों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस दौरान बुढ़ाना पुलिस की विशेष निगरानी रही।

# गौशाला रोड पर 48 घंटे बाद भी जलभराव

## स्थायी समाधान की उठी मांग, गंदे पानी से गुजरने को मजबूर बच्चें, बुजुर्ग और महिलाएं

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर के गौशाला रोड क्षेत्र में जलभराव की समस्या ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बीते 48 घंटे पहले हुई बारिश का पानी अब तक सड़कों और गलियों से नहीं निकल पाया है, जिससे क्षेत्रवासियों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। गली-मोहल्ले की सड़कों पर पानी भरा हुआ है और कई घरों में पानी अंदर तक घुस गया है, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है।

**हर बारिश में डूबता है मोहल्ला, नहीं हुई कोई स्थायी व्यवस्था**

स्थानीय निवासी एवं एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर संस्था के संस्थापक पुनीत अरोरा ने नाराजगी जताते हुए बताया कि गौशाला रोड पर जलनिकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि यह समस्या हर साल बारिश के मौसम में सामने आती है, लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी ने इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। नालियों की समय पर सफाई नहीं होती, और न ही जलनिकासी के लिए कोई वैकल्पिक इंतजाम किए जाते हैं।

**नाले-नालियों की सफाई न होने से बढ़ी दिक्कत**

पुनीत अरोरा ने बताया कि लगातार बारिश के कारण नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल गया है। मोहल्ले के लोग गंदे पानी से होकर रोज़ाना काम पर जाने, बच्चों को स्कूल भेजने और बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाने को मजबूर हैं। जलभराव के चलते स्थानीय दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। कई दुकानों में भी पानी भर गया है, जिससे लाखों रुपये के सामान खराब हो गए।

**बीमारियों के फैलने का खतरा, लोगों में डर का माहौल**

स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि यदि जल्द ही जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया, टायफाइड जैसी संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द राहत नहीं मिली, तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

**प्रशासन से की गई ठोस योजना बनाने की मांग**

लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि गौशाला रोड क्षेत्र की जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। बरसात से पहले नालियों की नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाए, ताकि हर साल बरसात में उन्हें इस तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

# सिसौली में हुआ राज्य स्तरीय छठा योगासन

**बुढ़ाना।** राज्य स्तर का छठां योग आसान कार्यक्रम सिसौली कस्बे में स्थित किसान भवन में आयोजित किया गया। लगातार दो दिन तक चले इस कार्यक्रम का एसडीएम मोनालिसा जौहरी के द्वारा समापन किया गया। यह भव्य कार्यक्रम किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि स्मृति में किया गया था। इस छठी राज्य स्तर की योग आसन खेल प्रतियोगिता में भारतीय किसान यूनियन युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी गौरव सिंह टिकैत और बुढ़ाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रही। यहां पर एसडीएम



मोनालिसा जौहरी ने खुले मंच से बुढ़ाना कस्बे के इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुडे पत्रकार कुलदीप वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। इस दौरान यहां पर सभी उपस्थित लोगों ने विभिन्न प्रकार के आसन्न किये और उनके फायदों के बारे में भी बताया।

# चित्तौड़ा झाल पर मंसूरपुर मिल ने लगाया कांवड़ सेवा शिविर

**मंसूरपुर।** सोमवार को धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड यूनिट मंसूरपुर के सौजन्य से चित्तौड़ा झाल पर कावड़ सेवा शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख जानसठ नरेंद्र सिंह व चीनी मिल उपाध्यक्ष सुधीर कुमार द्वारा फीता काटकर व शिव उपासना के साथ किया गया। शिविर में चीनी मिल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने आने वाले सभी कावड़ भक्तों का प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। कारखाना प्रबंधक विवशवान त्रिपाठी ने बताया कि यह शिविर अब निरंतर शिव भक्तों की सेवा में शिव. रात्रि तक जारी रहेगा। इस दौरान गन्ना महाप्रबंधक उत्तम वर्मा, दिनेश कुमार, ब्रजराज यादव, राजवीर



सिंह, गजेंद्र सिंह, करन सिंह, व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे डीएम-एसएसपी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय सिंह वर्मा ने खतौली क्षेत्र में कांवड़ यात्रा मार्ग और व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने खतौली गंग नहर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रशासनिक कैंप का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय सिंह वर्मा ने एनडीआरएफ द्वारा की गई नाव व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वयं नाव में बैठकर गंग नहर की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहाने के दौरान किसी भी कांवड़िये के डूबने की कोई घटना न होने पाए। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि पूरे जिले में कांवड़ यात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिनका लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसी भी कांवड़िये को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय सिंह वर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर मैन्युअल सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी



विशेष प्रयास किए जा रहे हैं और पुलिस बल को पूरी तरह सतर्क रखा गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम खतौली राजकुमार भारती, सीईओ खतौली रामाशीष यादव, नव नियुक्त तहसीलदार अमित रस्तोगी, इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शर्मा और पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी परिस्थिति में कांवड़ यात्रा में अव्यवस्था न होने पाए और शिवभक्तों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव हो।

## सावन के प्रथम सोमवार को शिवालयों में हुआ जलाभिषेक

**मीरापुर।** सावन के प्रथम सोमवार को शिवालयो में जलाभिषेक करने वाले भक्तो की भारी भीड सांयकाल तक चलती रही। मंदिरो में आज विशेष सजावट का आयोजन किया गया।

सावन के प्रथम सोमवार होने के कारण क्षेत्र के समस्त शिवालयो तथा एशिया प्रसिद्ध पंचमुखी महादेव मंदिर सम्भलहेडा, देवल शिव मंदिर पर प्रात काल से ही भक्तो ने जलाभिषेक करना शुरू कर दिया था। मंदिरो में भक्तो ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए बेल पत्र, धतूरा, भांग, पुष्प, पंचामृत, गंगाजल अर्पित किया। भक्तो ने कई मंदिरो में श्रद्धापूर्वक विद्वान पंडितो द्वारा रूद्रभिषेक भी कराया। क्षेत्र के काली मंदिर, गंगा मंदिर, योगमाया मंदिर, राम मंदिर, योगमाया मंदिर, बालाजी धाम व एशिया प्रसिद्ध पंचमुखी महादेव मंदिर तथा मनकेश्वर महादेव मंदिर के शिवालयो में भक्तो ने बडी संख्या में जाकर पूजा अर्चना की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।





# सावन के पावन माह में भक्तों की श्रद्धा उमड़ी, प्राचीन शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सावन माह का आगमन होते ही थानाभवन क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में रंग गया है। खास तौर पर भूगर्भ अवतरित कचोरीनाथ मंदिर और मराठा कालीन जस्सू वाला मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हर दिन सैकड़ों की संख्या में शिवभक्त 'बोल बम' के जयघोष के साथ जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं।

सावन के पहले सोमवार को श्रद्धा ने एक नया रूप ले लिया। सुबह से ही मंदिरों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने गंगाजल, बेलपत्र, दूध और फूलों से शिवलिंग का अभिषेक किया। मंदिर प्रांगण 'हर हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के नारों से गूं. जता रहा। कचोरीनाथ मंदिर, जो जमीन के भीतर स्थित होने के कारण अपनी रहस्यमई संरचना और पौराणिक मान्यता के लिए प्रसिद्ध है, सावन में विशेष आकर्षण का केंद्र बन जाता है। वहीं जस्सू वाला का मराठा कालीन शिव मंदिर ऐतिहा. सिक .ष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि यह मंदिर मराठा शासनकाल में निर्मित हुआ था और इसकी प्राचीन स्थापत्य कला आज भी लोगों को आकर्षित करती है। सावन के प्रत्येक सोमवार को यहां भव्य जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना होती है। स्थानीय श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि आसपास क्षेत्रों से भी भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं।श्रद्धालुओं का कहना है कि सावन में यहां जल चढ़ाने से मनोक. ामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। मंदिरों की घंटियों की गूंज, भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि और भक्तों की आस्था मिलकर एक आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण करते हैं।थानाभवन के ए ऐतिहासिक मंदिर केवल पूजा स्थली ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर के रूप में भी लोगों के हृदय में बसे हुए हैं। सावन माह में इन मंदिरों की महिमा और भी अधिक बढ़ जाती है।

**शामली।** सावन मास में शिव. रात्रि पर भगवान शिव को जलाभिषेक करने वाले शिवभक्त कांवडियों की संख्या में सावन के चौथे दिन काफी इजाफा हुआ है। सैकडों की संख्या में शिवभक्त कांवडिया शामली से होकर गुजरे। भगवान शिव की जयकारों से शहर शिवमय हो गया है। वही गत दिवस को हुई बारिश से कांवडियों को उमस भरी गर्मी से भी राहत मिल सकी।

गत 11 जुलाई से सावन माह शुरू हो गया है। आगामी 23 जुलाई सावन मास की शिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए भगवान के भक्त कांवडिया हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे है। सोमवार को हरिद्वार से आने वाले सैकडों शिवभक्त कांवडिया शामली से होकर गुजरे। सुबह से ही कांवडियों का शामली में प्रवेश होना शुरू हो गया था, जो देर रात्रि तक लगातार कांवडियों की काफी बढते चले गए। हर हर महादेव की नारों के साथ कांवडियों ने शहर के शिव चौक पर भगवान शिव के दर्शन किए और मनौतियां मांगी। रंग बिरंगी कांवड के साथ शिवभक्त अपने गणत्वयों की ओर बढते चले गए। कई स्थानों पर कांवडियों की सेवा के लिए ठंडे पानी के स्टॉल भी लगाए गए थे। कांवडियों की बढती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी कांवड मार्ग पर तैयारियों को दुरूस्त किया। नगर पालिका द्वारा कांवड मार्ग से अतिक्रमण हटाए जाने के लिए दुक. ानदारों से अपील की गई। शिवरात्रि के मददेनजर शहर के शिव चौक को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। शहर के कैराना रोड स्थित गुलजारी वाला शिव मंदिर भी आकर्षक ढंग से सजाया गया। जो आककर्षण का केद्र बना रहा।

**शामली।** सावन माह के पहले सोमवार को शहर के सिद्धपीठ शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में हर-हर महादेव के नारे गूंजाएमान रहे। शहर में हरिद्वार से



पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले शिव भक्तों का आगमन हो गया है। जो भोले शंकर के जयकारे लगाते हुए अपने गणत्वयों की ओर रवाना हो रहे है। गत शुक्रवार से सावन माह शुरू हो गया है। सावन माह में पूजा का विशेष महत्व है। पहले सोमवार को शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर को नहला कर विशेष पूजा अर्चना की। आदिनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में भक्तों की लंबी लाइने लगी रही। श्रद्धालु महिलाओं ने मंदिरों में कीर्तन किया। सावन शुरू के मद्देनजर मंदिरों का सजाया गया है। शहर के सिद्धपीठ मंदिर गुलजारी वाला में सवेरे भगवान शिव को जलाभिषेक किया गया। इसके अलावा माजरा रोड स्थित सिद्धपीठ भाकूवाला मंदिर वाला, सदाशिव मंदिर रेलवार, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला, हनुमान धाम स्थित शिव मंदिर, सुभाष चौक स्थित शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित कुटी वाला शिव मंदिर में सवेरे से ही पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। उधर, शिवरात्री पर भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर शिव भक्तों का शामली में आगमन शुरू हो गया है, जिस कारण शहर की सड़कों पर बम-बम, हर-हर के नारे गूंजाएमान रहे। शिव भक्तों के आगमन को देखते हुए पुलिस ने व्यवस्था संभाल ली है। सोमवार को पुलिस अधिकारियों ने शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटवाया। सड़क किनारे खड़ी होने वाली ठेलियों, ई-रिक्शाओं के चाल. कों को अपने वाहन कावड मार्ग से दूर खड़ें करने की चेतावनी दी है।

# हापुड़ में तनावग्रस्त लेखपाल की मौत से लेखपालों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** जनपद हापुड़ में जिला. धिकारी के दमनात्मक व्यवहार व उत्पीड़नात्मक कार्रवाई से तनाव ग्रस्त लेखपाल की मौत से लेखपालों में आक्रोश व्याप्त है इस संबंध में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर तहसील कार्यालय पर लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सोपा गया।



जनपद हापुड़ में जिलाधिकारी द्वारा किए गए अमानवीय व्यवहार के कारण तनाव में लेखपाल सुभाष मीणा की मौत हो गई थी इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया तहसील में लेखपालों ने धरना दिया तथा 2 मिनट का मौन धारण कर लेखपाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। बाद में चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिसमे मृतक आश्रित को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा सरकारी सेवा में आश्रित को योग्यता अनुसार नियुक्ति देने ,जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषियो के खिलाफ कार्रवाई करने तथा अधिकारियों को शासनादेश के अनुसार प्रतिमाह कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक कर समस्याएं सुनने की मांग शामिल है मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहस. ीलदार गौरव सांगवान को सोपा गया ।धरना प्रदर्शन में लेखपाल संघ के अध्यक्ष नागेंद्र शर्मा ,अजीत सिंह ,लो. केश सैनी, अशोक कुमार, अभिलाष, श्यामवीर ,राहुल कुमार, योगेंद्र कुमार, सूरज, शैलेंद्र कुमार शामिल रहे।

## जान से मारने की धमकी का आरोप

**शामली।** क्षेत्र के कस्बा बनत निवासी एक व्यक्ति ने पडौसी द्वारा खेत में बरातघर का मलबा उठाए जाने के लिए कहने पर पुत्र व परिवार के अन्य लोगों को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बा बनत के मौहल्ला प्रेमनगर निवासी उमरजान पुत्र जफरूदीन ने कोर्ट के आदेश पर थाना आदर्शमंडी में मुकदमा दर्ज कराया है। उसकी जमीन गोहरनी बाईपास पर स्थित है। उसके बराबर में ही दाऊद पुत्र उमरदीन बरातघर बना रहा है। जिसने बरातघर का मलबा उमरजान के खेत में डाल दिया है। जिससे उसकी गन्ने की फसल खराब होने के साथ साथ रास्ता भी बंद हो गया है। कई बार मलबा हटाए जाने को लेकर कहा. सुनी हो चुकी है।

## एक नजर

### बस में छेड़छाड़ करने पर महिला शिक्षक ने की धुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक के साथ शामली से ऊन आ रही बस में युवक ने छेड़छाड़ की इसके बाद महिला शिक्षक ने बस में ही युवक की धुनाई कर डाली बाद में महिला विद्यालय की छुट्टी के बाद जाने के लिए निकली तब बाहर कुछ संदिग्ध युवक खडे दिखाई दिए पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस चौकी में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षक शामली से यात्री बस में सुबह ड्यूटी पर विद्यालय के लिए आ रही थी रास्ते में बस में अज्ञात युवक द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ की गई जिस पर महिला शिक्षक ने उसकी बस में ही धुनाई कर डाली इसके बाद युवक गाड़ी से उतर कर फरार हो गया महिला शिक्षक विद्यालय में चली गई बाद में जब डड्रूटी खत्म होने के बाद महिला शिक्षक विद्यालय से जाने के लिए निकली तब तीन चार युवक संदिग्ध बाहर खड़े मिले जिस महिला शिक्षक भयभीत हो गई ।पीड़ित शिक्षिका ने डायल 112 को कॉल की तथा पुलिस चौकी में तहरीर दी पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### सरकारी राशन में पानी मिलने के मामले में किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** सरकारी राशन में पानी मिलने के मामले में पुलिस ने मोहित पुत्र कुशलपाल, अकबर पुत्र महमूद निवासी गांव आमवाली थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से गेहु से भरे हुए तीन प्लास्टिक के कट्टे वजन करीब 97 किलो नमूना मोहर वाले तथा एक रेहडा मोटरसाईकिल का बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जित. ेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी सीसीटीवी फुटेज में राशन मामले में शामिल थे, मुख्य आरोपी को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### जिजौला में किसान के खेत में अवैध मिट्टी खनन, प्रशासन से की गई शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिजौला में एक किसान के खेत में रात में जेसीबी लगाकर अवैध मिट्टी खनन किया गया। किसान को इसकी जानकारी सुबह होने पर मिली जब वह अपने खेत में गया। किसान ने बताया कि खनन की जानकारी उसे नहीं थी और उसके खेत को काफी नुकसान हुआ है।किसान ने अवैध खनन की शिकायत उप जिला अधिकारी से की है और खनन कर्ताओं के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। जिजौला निवासी आसिफ पुत्र उस्मान ने उप जिला अधिकारी ऊन व तहसीलदार ऊन को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीती रात्रि चौसाना निवासी रवि व अनुज पुत्रगण अशोक पंचाल ने जेसीबी मशीन लगाकर उसके खाली पड़े खेत से बिना उसकी जानकारी के अवैध रूप से मिट्टी खनन की कर लिया। किसान का आरोप है कि अवैध खनन से उसके खेत की उर्वरक क्षमता प्रभावित हुई है ।बराबर के खेत की मेढ़ गिरने को है।यदि पानी दिया तो सारी फसल खनन की गई भूमि में बह जाएगी और भविष्य में फसल उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। किसान ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उसके खेत को हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए।

# हापुड़ में लेखपाल की मौत के विरोध में लेखपालों ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हापुड़ में साथी लेखपाल की आकस्मिक मौत से आक्रोशित कैराना के लेखपालों ने तहसील मुख्यालय पर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया है। उन्होंने हापुड़ के जिलाधिकारी पर लेखपाल के प्रति दमनात्मक व उत्पीड़नात्मक कार्यवाही का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन-पत्र एसडीएम कैराना को सौंपा है।

सोमवार को उत्तर-प्रदेश लेखपाल संघद्धरजि।ऋ की स्थानीय शाखा के लेखपाल संगठन की अध्यक्षा पूजा खैवाल के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने लेखपाल मिंटू की अध्यक्षता में प्रातः दस बजे से दोपहर दो बजे तक सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन-पत्र एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को सौंपा। बताया कि जनपद हापुड़ में जिलाधिकारी के अपमान. जनक व दमनात्मक व्यवहार एवं बिना जांच की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाही के तनाव में लेखपाल सुभाष मीणा की मौत हो गई। इस घटना से प्रदेशभर के लेखपाल आहत है। ज्ञापन-पत्र में कहा कि आजकल कुछ अधिकारियों में सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया एवं आमजन में पब्लिसिटी पाने की इच्छा के चलते अधीनस्थ को सार्वजनिक रूप से अपमानित अथवा दंडित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिस कारण कर्मचारी तनाव के बीच रहकर नौकरी कर रहे है। नौकरी में बढ़ते कार्य दबाव एवं अधिकारियों के व्यवहार के कारण जहां कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन बिगड़ रहा है, वहीं शासकीय कार्य संपादन में भी श्रम के सापेक्ष आउट पुट अच्छा प्राप्त नही हो रहा। ज्ञापन-पत्र में मृतक लेखपाल के आश्रितों को आर्थिक सहायता, योग्यतानुसार सरकारी सेवा में नियुक्ति, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही, अधीनस्थ अधिकारियों के साथ में मानवीय व्यवहार तथा कर्मचारियों की समस्याओं के सम्बंध में प्रत्एक माह संगठन के पदाधिका. रियों के साथ में बैठक सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। इस अवसर पर अनिता तोमर, शमशेर सिंह, छाया चौधरी, अनुराग पंवार, विजित पंवार,



आफताब खां, लवकेश, शरद भारद्वाज, मुजक्किर खां आदि लेखपाल मौजूद रहे।

## श्रद्धा पानी के समान, इसके बिना जीवन अधूरा: मुनि विव्रत सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिगंबर जैन साधु सेवा समिति एवं सकल जैन समाज शामली के संयुक्त तत्वावधान में दिगंबर जैन धर्मशाला पर आयोजित धर्मसभा में 108 मुनि विव्रत सागर महाराज ने श्रद्धा और जीवन के महत्व पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि जैसे पानी के बिना जीवन संभव नहीं, वैसे ही श्रद्धा के बिना धर्म और जीवन दोनों अधूरे हैं।

मुनि ने कहा कि आज लोगों के पास जानकारी है, लेकिन ज्ञान नहीं। केवल सच्चे गुरु की शरण में जाकर ही ज्ञान संभव है। उन्होंने भक्ति, वैराग्य और आत्मकल्याण की आवश्यकता पर बल दिया। धर्मसभा में मंगल कलश स्थापना की गई, जिसमें प्रथम कलश प्रेमचंद संजीव कुमार जैन परिवार द्वारा एवं अन्य कलश शशांक जैन, सोमेश कुमार जैन, विनोद जैन, गौरव जैन सहित कई श्रद्धालु परिवारों द्वारा स्थापित किए गए। विशेष रूप से एक कलश भारतवर्षीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के लिए आरक्षित रहा। कार्यक्रम के अंत में महा आरती जुगल जैन परिवार द्वारा एवं भोजन प्रसादी राजकुमार जैन परिवार द्वारा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सैन्य विज्ञान के हेड ऑफ डिपार्टमेंट रहे डॉ। भूमेश कुमार विगत दिनों सेवा. निवृत्त हो गए। वहीं, शिक्षा शास्त्र विषय के प्राध्यापक डॉ। जितेंद्र कुमार विकल, अंग्रेजी की प्राध्यापिका डॉ। रीनू, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका डॉ। आंचल यादव, सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक डॉ। विपुल सिंह एवं भौतिकी विज्ञान के प्राध्यापक डॉ। योगेंद्र कुमार कॉलेज से अलग-अलग जगहों पर स्थानांतरित हुए है। इसके अलावा, महाविद्यालय में अध्ययनरत एम।ए। अंग्रेजी के तीस छात्र-छात्राओं ने भी इस वर्ष अपना विषय पूर्ण कर लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय में सेवानिवृत्त व स्थानांतरित प्राध्यापकों तथा एम।ए। अंग्रेजी के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ। योगेन्द्र पाल सिंह ने की। जबकि छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का नेतृत्व अंग्रेजी विषय की हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ। नीतू त्यागी ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ। डॉली एवं डॉ। नीतू त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सेवा. निवृत्त एवं स्थानांतरित प्राध्यापकों ने



अपने सेवाकाल के मधुर अनुभव साझा किए। साथ ही, एक-दूसरे को शुभकामनाएं ज्ञापित की। वहीं, महाविद्यालय में नवनियुक्त भौतिकी विषय के प्राध्यापक डॉ। प्रदीप कुमार का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ। हरेंद्र, डॉ। उत्तम, डॉ। संदीप, डॉ। रमेश यादव, डॉ। दीपक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय स्टाफ के बृजपाल, मसीचरण व नीरज का सराहनीय योगदान रहा।

### पत्रकार और सभासद पर मुकदमे को लेकर ब्राह्मण समाज भी भारी रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** रविवार को देर शाम कस्बे के राम मंदिर प्रांगण में ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जलालाबाद के ब्राह्मण समाज के सैकड़ो ब्राह्मणों ने भाग लिया। बैठक में सभासद राकेश शर्मा और पत्रकार आदेश शर्मा द्वारा जनहित में और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष की सराहना की गई। साथ ही षड्यंत्र के तहत सभासद राकेश शर्मा और पत्रकार आदेश शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की निंदा की गई। पीड़ित आदेश कुमार शर्मा ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ब्राह्मण समाज के समक्ष रखी और बताया कि बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के नगर पंचायत के एक अधिकारी द्वारा षड्यंत्र रचकर नगर पंचायत के एक कर्मचारी द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। योगाचार्य रविंद्र गौतम ने कहा कि समाज के सम्मानित सभासद वह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता करने वाले समाज के लोगों पर फर्जी मुकदमे करना अति निंदनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर मुकेश शास्त्री ने की। ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों से विचार विमर्श के बाद एक विशाल पंचायत भी आयोजित करने पर विचार किया जाएगा। बैठक मे डा0 शिवकुमार शर्मा, प0 राधेश्याम शर्मा, सुभाष शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, बारूमल शर्मा, बिटटू शर्मा, रविन्द्र गौतम, पूर्व सभासद नरेश शर्मा, हरीश शर्मा, आशुतोष शर्मा,किशन शर्मा, संजय शर्मा, संजीव शर्मा, कमलदीप शर्मा, समेत बडी संख्या मे समाज के लोग उपस्थित रहे।

# स्वकर प्रणाली के खिलाफ सभासदों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को नगर पंचायत बनत में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभासदों ने स्वकर प्रणाली को लागू न किए जाने की मांग करते हुए हंगामा किया। बोर्ड बैठक में सभासद कक्ष निर्माण, टेंडर हो चुकी सडकों का निर्माण और कांवड मार्ग पर साफ सफाई जैसे प्रस्ताव पास हुए।

सोमवार को नगर पंचायत बनत के सभागार में अध्यक्ष कुसुम देवी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बोर्ड बैठक में एजेंडा प्रस्तुत किया गया। इस दौरा न सभासदों ने स्वकर प्रणाली को लागू न किए जाने की एक स्वर में मांग रखी। उन्होने स्वकर प्रणाली को लेकर हंगामा भी किया। कहा कि पहले ही गरीबों पर टैक्स का रूपया जमा नही हो रहा है और स्वकर प्रणाली लागू होने से पैसा 20 गुणा बढ जाएगा। इस दौरान बोर्ड ने सर्वसम्मति से स्वकर प्रणाली को लागू न किए जाने का प्रस्ताव पास किया। इस दौरान सभासद कक्ष



निर्माण, टेंडर हो चुकी सडकों का निर्माण और कांवड मार्ग पर साफ सफाई जैसे प्रस्ताव पास हुए। सभासद इकराम उर्फ मुन्नु ने डोर टू डोर कूडा कलैक्शन को लेकर नाराजगी जाहिर की और एलांउस कराकर कूडा उठाने की मांग की। ईओ देवकीनंदन, सभासद अमरेश, इकराम अली उर्फ मुन्नी, अजय कुमार, दीपक कुमार, कमल, नीरज कुमार, सुनीता, सरमिला, योगेन्द्र, हरबीर, शहनाज, उमा, पूजा आदि मौजूद रहे।



### पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस पार्टी की एक सभा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा के कैम्प कार्यालय पर संपन्न हुई । सभा में प्रदेश कांग्रेस के पश्चिम जोन के प्रभारी तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री दीपक कुमार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा प्रदेश भर में चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम से कर्मठ तथा काबिल कांग्रसजनों को जोड़ने के लिए व्यापक चर्चा की । प्रदेश भर में कांग्रेस अपना संगठन का कार्य काफी तेजी से चला रही है और शीर्ष पदाधिकारियों का विभिन्न जिला मुख्यालयों पर आना लगातार जारी है । इसी क्रम में शामली जनपद के प्रभारी के तौर पर दीपक कुमार ने कई नामो को अलग अलग जिम्मेदारी के लिए चिन्हित करते हुए प्रदेश नेतृत्व के समक्ष रखने का आश्वासन दिया और बैठक में वैभव गर्ग,बाबू खान,प्रवीण तरार,शेखरपाल,रविन्द्र आर्य,सुरेन्द्र सरोहा,अमित डिंपल शर्मा,राज. ेश कश्यप,सोहिल धीमान,ठाकुर लाखन सिंह,सुरेश पाल सैनी एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नाला निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में सहारनपुर रोड पर बने नाले के निर्माण में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों ने तूल पकड़ लिया है।

भाजपा नेता विकास गुप्ता ने प्रशासन और ठेकेदारों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि नाले का निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन है। उन्होंने दावा किया कि निर्माण से पहले क्षेत्र में जमा कीचड़ को साफ नहीं किया गया, जिसके चलते नाला प्रभावी ढंग से काम नहीं कर रहा। इससे बारिश में जलभराव की समस्या बनी हुई है। गुप्ता ने यह भी आरोप लगाया कि सेटरिंग और निर्माण का खर्च स्थानीय दुकानदारों से जबरन वसूला गया, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।इस मामले में स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष है। शाहिद राणा, रविंद्र राणा, आलमगीर, मोहित कंबोज, शक्ति राणा, नूर मोहम्मद, सलीम अहमद, आखलीन अंसारी, महफूज, मुस्तफा, ऋषिपाल, राजिंदर, रजत, गुल्लू और अमरनाथ पाहुजा सहित कई व्यापारियों ने गुप्ता के नेतृत्व में एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने नगर पंचायत से जवाब मांगा और भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि नाले का निर्माण जनता की सुविधा के लिए था, लेकिन भ्रष्टाचार ने इसका उद्देश्य ही विफल कर दिया। नगर पंचायत प्रशासन ने अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया, जिससे व्यापारियों का गुस्सा और बढ़ गया है। गुप्ता और व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे। यह मामला स्थानीय प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी को उजागर करता है।



## डोल को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**अंबेहटा।** कस्बे के एक ही समुदाय के दो पक्षों में खेत की डोल को लेकर हुई मारपीट पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए मेडिकल कराया है।

रविवार की शाम कस्बे मोहल्ला गाडान निवासी असलम पुत्र जहीर और इकबाल पुत्र साबिर निवासी मोहल्ला झाबरी के खेत दोनों के बराबर-बराबर हैं खेत की डोल को लेकर अक्सर दोनों में विवाद होता रहता था लेकिन रविवार की शाम खेत की डोल को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया जिसके बाद लाठी डंडे धारदार हथियार लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष सादीक, नाजिम, साबिर चोट आई है और दूसरे पक्ष के असलय और मुदस्सिर के चोट आई है। चौकी प्रभारी आजाद सिंह ने बताया कि कस्बे में हुई मारपीट के मामले मे दोनो पक्षों की ओर से दी गई तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया है। और जांच की जा रही।

# नाले-सड़कों की खुदाई से जनता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में अव्यवस्था और लापरवाही का आलम है। नगरवासियों का कहना है कि उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। अध्यक्ष शमा परवीन और अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी द्वारा सड़कों और नालों की खुदाई तो कराई जा रही है, लेकिन निर्माण कार्य महीनों लटक रहा है।

सहारनपुर रोड पर नाले की खुदाई को दो माह बीत गए, लेकिन निर्माण अब तक अधूरा है। बरसात में खुदाई के कारण दुकानों में पानी भरने लगा, जिससे गुस्साए व्यापारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया।हरिजन कॉलोनी गली नंबर पांच में सड़क की खुदाई दो माह बाद जनाक्रोश के चलते पूरी हुई, वहीं गली नंबर चार में 15 दिन से चल रही खुदाई ने बरसात में जलभराव और कीचड़ की समस्या पैदा कर दी। बीच सड़क में पाइप डालने से नाले में पानी भरा रहता है, जो बच्चों के लिए खतरनाक है। नगरवासियों का आरोप है कि चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। नगर पंचायत की कार्यप्रणाली से जनता त्रस्त है। स्ट्रीट लाइट्स 24 घंटे जलती रहती हैं, लेकिन इसे ठीक करने की कोई पहल नहीं है। आरोप है कि चेयरमैन केवल अपने चहेते ठेकेदारों को ठेके देती हैं, और उनके कार्यकाल में कोई उल्लेखनीय विकास नहीं हुआ। नगरवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और व्यवस्था सुधार की मांग की है।



## परिजनों ने बेटी को जहर देकर मारने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** कस्बे के मोहल्ला नया बास निवासी महिपाल की 27 वर्षीय बेटी मोनिका की जहर से करनाल के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत। दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

मृतका भाई राजेन्द्र ने बताया कि मोनिका की शादी करीब पांच साल पहले जिला शामली चौकी चौसाना के गांव डाबर में मनीष कुमार पुत्र कृष्णपाल के साथ हुई थी।ससुराल वाले दहेज की मांग कर रहे थे। मृतका के पिता महिपाल ने ससुरालियों पर मोनिका को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। झिंझाना पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दो लोगों को हिरासत में लिया है।

# उदासीनता से मुख्य मार्ग बदहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर** ।नगर पंचायत के फतेहपुर क्षेत्र में लिटिल चिल्ड्रन फन प्ले स्कूल, बिजली घर, विश्वकर्मा धर्मशाला और कब्रिस्तान जैसे मुख्य स्थानों को जोड़ने वाला मार्ग बदहाल है।कच्चे रास्ते पर कीचड़ और जलभराव की समस्या ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।

पिछले दो वर्षों से लगातार शिकायतों के बावजूद नगर पंचायत और अध्यक्ष शमा परवीन कोई कार्रवाई नहीं कर रहे। पिछले साल शमा परवीन ने स्वयं इस मार्ग का दौरा कर रास्ता बनवाने का आश्वासन दिया था, क्योंकि यह चार प्रमुख सार्वजनिक स्थानों और कई गांवों को जोड़ता है, जहां सभी धर्मों के लोग आते-जाते हैं। इसके बावजूद, कोई प्रगति नहीं हुई। अधिशासी अधिकारी कमलनाथ ने मार्ग को हुड्डा से पास कराने की बात कही, लेकिन लंबा होने के कारण प्रक्रिया अटकी पड़ी है। आसपास के घरों से निकलने वाला पानी रास्ते पर जमा होकर कीचड़ बनाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी दिक्कत होती है। कब्रिस्तान की पुलिया का जाल भी दो महीने तक खुला रहा, जिसके चलते एक रिक्शा और ऑटो पलट गया। इसके बाद ही जाल लगाया गया। स्थानीय लोग नगर पंचायत की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहते हैं कि शायद लोगों की जान की कीमत उनके लिए सस्ती है। जनता ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप और मार्ग निर्माण की मांग की है।



# हलवाना के जंगल में बुजुर्ग ने की आत्महत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

छुटमलपुर। थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम हलवाना में खेतों के पास 70 वर्षीय ब्रह्मपाल, पुत्र ताराचंद, का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आधार कार्ड के जरिए मृतक की पहचान ब्रह्मपाल के रूप में हुई, जो पहले छुटमलपुर के राधा स्वामी सत्संग भवन में सेवक के रूप में रहता था। हाल ही में वह अपने बच्चों के साथ छुटमलपुर में रहने आया था। पुलिस को घटनास्थल पर सल्फास की पुड़िया मिली, जिससे आत्महत्या प्रतीत हो रही हैं। जानकारी के अनुसार, ब्रह्मपाल दोपहर 2 बजे घर से निकला था और लगभग 4 बजे खेतों में उसे उल्टी करते देखा गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पारिवारिक दुख और अवसाद के कारण उसने सल्फास खाकर आत्महत्या की। मृतक ब्रह्मपाल की पत्नी का पहले ही देहांत हो चुका है, और उनके दो बेटों व दो बेटियों की शादी हो चुकी है। परिवार ने किसी भी झगड़े या विवाद से इनकार किया है। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया, और पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही पूरी कर ली है। इस घटना ने गांव में दुख और आश्चर्य का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और जल्द ही जांच पूरी करने की बात कही है।

एएसपी/क्षेत्राधिकारी सदर मनोज कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टा आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा हैं, क्यूंकि समीप ही सल्फास की पुड़िया मिली हैं, उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, साथ ही ष्क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है।ष्थाना प्रभारी सचिन पूनिया ने बताया, ष्घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं, और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत के सटीक कारणों का पता चलेगा।



# छुटमलपुर में अतिक्रमण बना चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** कांवड़ यात्रा के लिए प्रशासनिक अमला रात-दिन मुस्तैद है, लेकिन छुटमलपुर में अतिक्रमण की समस्या यात्रा की राह में रोड़ा बनी हुई है। नगर पंचायत और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण सड़कों, फुटपाथों और नालियों पर दुकानदारों, ई-रिक्शा और ऑटो चालकों का कब्जा बदस्तूर जारी है। सहारनपुर रोड, देहरादून रोड और रोडवेज बस स्टैंड के आसपास अतिक्रमण की स्थिति गंभीर है, जिससे पैदल चलने वालों, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सड़क के बीच से गुजरना पड़ रहा है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

स्थानीय निवासी और व्यापारी पिछले दो महीनों से नगर पंचायत से अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन केवल आश्वासनों के सिवा कुछ नहीं मिला। कुछ दुकानदारों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है एक बुजुर्ग ने कहा कि फुटपाथ पर चलना असंभव हो गया है, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही जोखिम भरी हो गई है। 11 जुलाई से शुरू हुई कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु छुटमलपुर से गुजरते हैं। अतिक्रमण के कारण जाम और अव्यवस्था की आशंका बढ़ गई है।



# गांव बोंसा में गन्ने के खेत में मिला गला सड़ा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** बोन्सा में गन्ने के खेत से आने लगी बदबू तो गांव वासियों को आम के पेड़ से लटका मिला करीब 25 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव सूचना पर पहुंची थाना सरसावा पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया शव करीब एक माह पुराना बताया जा रहा है।पुलिस ने उसकी शिनाख्त का प्रयास किया न होने पर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

सोमवार सुबह थाना क्षेत्र के गांव बोन्सा के ग्राम प्रधान ने थाना सरसावा पुलिस को सूचना देते बताया कि गांव निवासी अरविंद पुत्र रफल सिंह का गांव से सोराणा जाने वाले रास्ते पर गन्ने के खेत में आम के पेड़ पर एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव कपड़े के फंदे से लटका हुआ है। जिससे दुर्गंध आ रही है। सूचना मिलते ही थाना सरसावा पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नीचे उतरवा उसकी शिनाख्त का प्रयास किया। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि व्यक्ति का शव करीब एक माह पुराना प्रतीत हो रहा है। प्रथम दृष्टा फांसी लगा आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है शिनाख्त का प्रयास किया गया लेकिन अभितक शिनाख्त नहीं हो पाई है।शव का पंचनामा भर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# सपा लेकर आएगी खुशहालीः इसरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी ने छुटमलपुर में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में जनता परेशान और अधिकारी बेलगाम हैं। चौधरी ने दावा किया कि लोग सपा की कल्याणकारी सरकार को याद करते हैं, जबकि भाजपा सपा के कार्यों का नाम बदलकर अपनी उपलब्धियां गिना रही है।

इसरार ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के वादों को दोहराते हुए कहा कि सपा सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त और महिलाओं को 3000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। साथ ही, भाजपा द्वारा बंद की गई जनकल्याणकारी योजनाएं फिर से लागू होंगी। उन्होंने कहा कि जनता विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रही है, ताकि सपा सरकार बनाकर बेरोजगारी और गरीबी दूर कर सके। चौधरी ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सपा की नीतियों को पहुंचाने और उनके मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सपा ही प्रदेश में खुशहाली और विकास ला सकती है। इस मौके पर सपा नेता प्रवेज अंसारी और सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कर्म क्रम सिंह उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सपा सरकार के गठन के लिए जोशपूर्ण संकल्प लिया।



## तीन कांवड़िए घायल

**नागल।** थाना क्षेत्र के सीडकी झबरेड़ा मार्ग पर गांव बोहडूपुर के निकट बाइक फिसलने से बाइक सवार तीन कांवड़िए घायल हो गए । पुलिस ने तीनों घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए तीनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक पंजाब के जिला लुधियाना के थाना रूपनगर निवासी शोभित, सूरज तथा अभिषेक अपनी बाइक से गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार आए थे। रविवार रात वह गंगाजल लेकर सीडकी झबरेड़ा मार्ग होते हुए वापस लुधियाना जा रहे थे । रात करीब ढाई बजे जैसे ही वह गांव बोहडूपुर के निकट पहुंचे तो उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। जिससे वह तीनों घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और उन्हे उपचार के लिए भिजवाया।

# मीणा प्रकरणः सदर व नकुड़ तहसील में लेखपालों का ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हापुड में जिलाधिकारी के दमनात्मक व्यवहार एवं उत्पीडनात्मक कार्रवाई से तनावग्रस्त लेखपाल की हृदयगति रूक जाने से हुई मौत पर आक्रोश जताते हुए लेखपाल संघ ने धरना दिया और मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की।

तहसील सदर में दिये गये धरने पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि आजकल कुछ अधिकारियों में पब्लिसिटी पाने के लिये अधीनस्थ को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने एवं दंडित करने की प्रवृत्ति बढ रही है। जिससे कर्मचारी तनाव के बीच काम कर रहे है। नौकरी में बढते दबाव के साथ ही अधिकारियों के व्यवहार के कारण जहां कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन गिर रहा है। वहीं शासकीय कार्य संपादन में भी आउट पुट अच्छा नहीं मिल रहा है। हापुड की घटना भी ऐसी ही है।

धरने के बाद लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। जिसमें मृतक के आश्रित को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने, मृतक आश्रित को योग्यता अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्ति दिये जाने, जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किये जाने तथा समस्त अधिकारियों को अधीनस्त के साथ मानवीय एवं सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश निर्गत किये जाने की मांग की गई।






धरने पर अध्यक्ष नीरज कुमार पुंडीर, सचिव चौ.चैन सिंह, अखिल कुमार, सुनील कुमार, श्रीमती स्वाति शर्मा, प्रवीण गर्ग, विजेंद्र पाल, घनश्याम सिंह, योगेंद्र चौहान, शाईस्ता राव, अरविंद कश्यप, हेमंत वशिष्ठ, अंकुर चौधरी, रजनीश चौहान, शबनम, राखी वर्मा, सीमापटेल, दीपा आदि मौजूद रहे।

**नकुड़।** लेखपाल सुभाष मीणा की संदिग्ध हालात में हुई मौत को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संघ ने उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए घटना की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की।

तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन के दौरान लेखपाल संघ के अध्यक्ष राकेश सोलंकी ने कहा कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक उत्पीड़न से तंग आकर की गई आत्महत्या का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी मृतक पर मानसिक दबाव बना रहे थे और अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर लगातार प्रताड़ित कर रहे थे, जिससे वह गहरे तनाव में था।

संघ ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और एक आश्रित को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है। प्रदर्शन में सूरज पंवार, अंकुर शर्मा, मोनू पांचाल, आशीष कुमार, हसन फराज, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में लेखपाल शामिल हुए।

## सुरक्षा व्यवस्था की सुदृढ़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए छुटमलपुर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है।

एसपी देहात सागर जैन ने बड़कला हाईवे कट, बड़कला फ्लाईओवर के नीचे और यूपी उत्तराखंड सीमा पर स्थित संयुक्त पुलिस चौकी का दौरा किया।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अंशुल पुण्डीर को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**उमेश कुमार पुत्र स्व. धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट पुंवारका, थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर।**

# मददगार बने लोग किए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नगर के शिया समुदाय के लोग मोहर्रम के दौरान फूड पोजनिंग का शिकार हो गये थे जिसमें 200 से अधिक लोग को नगर के सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालो मे उपचार के लिए लाया गया नगर के डाक्टरों, व अन्य विभागों से जुड़े अधिकारियों तथा पत्रकारो ने ऐसी मुश्किल घड़ी में अपने कार्यो का जिम्मेदारी से दायित्व निभाकर सहयोग करने वालो को शिया समुदाय की टीम 313 दु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है।

बीती शाम टीम 313 के सदस्यों नें नगर के पत्रकारो हाजी शमीम मंसूरी, अरविन्दर सिंह काका, दिनेश पुंडीर, दिलशाद राणा, फैजान सिद्दीकी, सतीश रोहिला, फैय्याज अली,भरत गर्ग, शाह अब्बास जैदी, मनोज तोमर, सुमित टपरानिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

नगर के वरिष्ठ पत्रकार फैय्याज अली आब्दी नें कहा आपदा की घड़ी में जिन जिन लोगो नें मरीजो के उपचार मे सहयोग किया है वो सम्मान के पात्र है।

इस दौरान मौलाना हिदायत हुसैन, मौलाना मुख्तार हुसैन, रईस अख्तर जमाल हैदर,बाकर रजा,अनवर अली,शुजात हुसैन, पयाम मेंहदी, अता जैदी, फरहान हैदर



# अभिशाप नहीं वरदान हैं बेटियांःपं.पंकज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कथा वाचक ने बेटी बचाओं का संदेश देते हुए कहां कि बेटियां अभिशाप नहीं वरदान होती है। वह परिवार सौभाग्यशाली होकर खुशियां से महकता है। शास्त्रों में कन्या दान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। बेटियां एक नही दो-दो कुल का नाम रोशन करती है। जो लोग कन्या को गर्भ में मार देते है, वे घोर पाप के दोषी होते है।

सावन माह में मदिरों में चल रही शिव पुराण कथा के दौरान श्रौताओं की संख्या बढ़ने लगी है। शिव कथा के अलावा भजनों से भी वातावरण शिव मय होता जा रहा है। मोहल्ला ईशरा स्थित श्री शिव दुर्गा भुवनेश्वरी देवी पंचायती मंदिर, श्री शिव महादेव मंदिर सहित अनेक मंदिरों में शिव महापुराण कथा के दौरान कथा व्यास पडिंघ्त पंकज सेमवाल ने कहा कि राजा दक्ष ने घोर तपस्या कर माता सती को अपनी पुत्री के रूप में प्राप्त किया था। माता सती ने भगवान शंकर से विवाह किया था। पिता राजा दक्ष ने अपने अहंकार में एक अनुष्ठान के तहत हवन पर सभी देवी देवताओं को आमंत्रित किया। लेकिन उन्होंने भगवान शिव को आमंत्रित नहीं कर उनका अपमान करने पर माता सती हवन कुंड में कूद गई थी। इसलिए कहा जाता है कि बिना आमंत्रण के किसी के यहां नहीं जाना चाहिए। शिव सृष्टि के रचयिता हैं, तो माता सती प्रकृति का स्वरूप हैं। जहां पर शिव को नही बुलाया जाता हैं।

# नशा छोड़ खेल अपनाएंः संदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ प्रगतिशील अनुसूचित जाति ग्राम प्रधान एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार सहगल एडवोकेट ने फीता काटकर किया।

सोमवार का थाना मिर्जापुर के गांव खेड़ी में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए प्रगतिशील अनुसूचित जाति ग्राम प्रधान एसोसिएशन सहारनपुर के अध्यक्ष संदीप कुमार सहगल एडवोकेट ने कहा कि हमे नशाखोरी से दूर रहना चाहिए और जो लोग खासकर युवा नशे की लत में है उन्हें जागरूक करने नशा छुड़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलो में प्रतिभाग करने से जहां युवा नशाखोरी से दूर होता है वही प्रतिभाएं उभरकर सामने आती है जो आगे चलकर प्रदेश, देश और दुनिया में अपने माता पिता, गुरुजनों और क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करते है। उन्होंने कहा कि खेलो को बढ़ावा देने के लिए वे हरसंभव मदद के लिए तैयार है। इस दौरान साकिब मिर्जा, कमल धारीवाल, ईश्वरदास, सुमित, रविन्द्र सहित काफी संख्या में युवा मौजूद रहे।



# शिवालय हर हर महादेव के जयघोषों से रहे गुंजायमान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सावन माह के प्रथम सोमवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में शिवालय हर हर महादेव के जयघोषों से गुंजायमान रहे। भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने के लिए दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा।

गांव मानकी स्थित मन्केश्वर महादेव मंदिर और गांव घ्याना स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर समेत नगर व देहात क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों और शिवालयों पर भारी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचे। सुबह से दोपहर बाद तक यह सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बेल पत्र, फूल-फल अर्पित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए भगवान आशुतोष का अभिषेक किया। मंदिरों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

## जल चढ़ाकर वापस लौट रहे बाईक सवार दंपति बस की चपेट में आने से घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मानकी मंदिर से जल चढ़ाकर वापस लौट रहे बाइक सवार दंपत्ति बस की चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सको ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

गांव शेखपुरा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर निवासी अवनीश अपनी पत्नी किरन के साथ देवबंद कोतवाली क्षेत्र के गांव दुगचाड़ी में अपने एक रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। सोमवार की सुबह अवनीश अपनी पत्नी को लेकर बाइक पर सवार होकर गांव मानकी स्थित मंकेश्वर महादेव मंदिर मानकी से जल चढ़ाकर वापस अपने गांव लौट रहा था। जब वह मंगलोर रोड पर दुगचाड़ी पुल के निकट पहुंचा तो प्राइवेट बस की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने परिजनो को सूचना देने के साथ ही घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# पालिका सभासदों ने स्वकर प्रणाली सर्वे के विरोध में उठाई आवाज

■ कार्यवाहक पालिका अधिशासी अधिकारी को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्वकर प्रणाली के सर्वे के विरोध में पालिका सभासदो ने कार्यवाहक पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर गरीब लोगों पर कर का बोझ बढ़ने की आंशका जताते हुए वार्ड वासियों को सही स्थिति से अवगत कराने के लिए सभासदो की बैठक बुलाकर उन्हें स्वकर प्रणाली की विस्तार से जानकारी दी जाए।

स्वकर प्रणाली के सर्वे के विरोध में पालिका के कार्यवहाक अधिशासी अधिकारी चंद्रिका प्रसाद को दिए ज्ञापन में कहा गया हैं कि सर्वे के बाद बढ़े हाऊस टैक्स को अदा करने में आमजन को बड़ी परेशानी होगी। इसलिए सर्वे को लेकर जनता में आक्रोष है ज्ञापन में कहा गया हैं कि सर्वे को अभी स्थगित किया जाना चाहिए। तथा सभी सभासदो की बैठक बुलाकर सर्वे की पूरी जानकारी दी जाये ताकि सभासद अपने-अपने वार्डो में हो रहे सर्वे के बारें में लोगों को सही जानकारी दें सकें। ज्ञापन देने वालो में पालिका सभासद मोहम्मद ओसाफ सिद्दीकी, वाजिद मलिक, शाहिद हसन, सभासद पति वसीम मलिक, रिजवान गौड, अख्तर अंसारी, रिहाना शराफत मलिक, सभासद पति डा. असलम अली, सभासद पति आरिफ अंसारी आदि सभासद शालिम रहे।

# वर्षायोग मंगल कलश स्थापना समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री दिगंबर जैन मंदिर सरागवाड़ा में आचार्य श्री 108 अरुण सागर महाराज के सानिध्य में चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान के तहत वर्षायोग मंगल कलश स्थापना समारोह का आयोजन हुआ। महाराज ने भक्तों को वर्षायोग में चातुर्मास का महत्व बताते हुए कहा कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा है।

रविवार की देर शाम रणखंडी रोड स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम का ध्वजारोहण महेश चंद, अजय कुमार व संजय जैन के परिवार ने किया। मुख्य कलश स्थापना सतीश जैन परिवार, आराध्य धाम कलश रविंद्र कुमार, रजत कुमार व सजल जैन के परिवार ने की। मंच उद्घाटन सत्येंद्र कुमार व संयम जैन परिवार, भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण डा. संजीव कुमार व प्रत्यूष जैन परिवार, आचार्य श्री 108 पुष्पदंत सागर महाराज के चित्र का अनावरण हंस कुमार व अंकुर जैन परिवार, दीप प्रज्जवलित अंकित कुमार व अविरल जैन परिवार, आचार्य श्री पुष्पदंत सागर महाराज का पद प्रक्षालन सुबोध कुमार व पारस जैन परिवार, आचार्य अरुण सागर का पद प्रक्षालन डा. डीके जैन परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने महाराज श्री को श्रीफल अर्पित कर पद प्रक्षालन किया। संचालन पुनीत जैन व मनोज जैन ने संयुक्त रूप से किया। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, विनोद जैन, सुनील जैन, अजय जैन, अतुल जैन, अनुज जैन, प्रवीण जैन, अंकित जैन, अनिल जैन आदि जैन समाज के लोग शामिल रहे।




# मेघावी छात्र को किया पुरस्कृत

**देवबन्द।** परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को साइकिल देकर पुरूस्कृत किया गया।

मोहल्ला शाहविलायत स्थित मदरसा जामिया उस्मानिया में मासिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तल्हेड़ी बुजुर्ग के हिफ्ज (कंठस्थ) के छात्र अब्दुल अहद को साइकिल देकर पुरूस्कृत किया गया। संस्था के उस्ताद कारी मोहम्मद युनूस ने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार एवं स्थिरता लाने के लिए संस्था में वार्षिक, अर्द्धवार्षिक, त्रैमासिक और मासिक परीक्षाएं कराई जाती हैं। ताकि उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित कर पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

# कांग्रेसियों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जन समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के विरोध में कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी युवराज सिंह को सौंपा।

वाराणासी में समस्याओं को लेकर आवाज उठा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राहत खलील के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम युवराज सिंह को सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं और परेशानियों को लेकर पदयात्रा निकाल रहे रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कार्यकर्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। जिसको लेकर कांग्रेसियों भारी रोष बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों द्वारा आमजन की तकलीफों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराने पर उनके विरुद्ध दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राज्यपाल से दर्ज रिपोर्ट को निरस्त कराने, जनता की समस्याओं को दूर कराने और काशी में कांवड यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मुहैया कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिला महासचिव अजय त्यागी, नानू कश्यप, मीडिया प्रभारी रिहान कुरैशी, वरयाम खान, अशरफ भारती, जाकिर राणा, शहजाद उस्मानी, अजय राणा, शाहबाज आलम, शाजिया नाज आदि कॉंग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सैनी समाज ने की आयोजित बैठक

**देवबन्द।** पठानपुरा मुहल्ले में हुई विशाल सैनी समिति की बैठक में समाज हित के मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही तीसरी बार भाजपा महामंत्री बनने पर राममोहन सैनी का स्वागत किया गया। नगर अध्यक्ष राजू सैनी और कोषाध्यक्ष आदेश सैनी समेत समाज के लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया। ईलमचंद सैनी, मांगेराम सैनी, सुभाष सैनी, संजय सैनी, ओमप्रकाश सैनी, कुलदीप सैनी, बलवीर सैनी, सोनू सैनी प्रधान, चंद्रपाल सैनी, मोनू सैनी, राजेश सैनी, सचिन सैनी मौजूद रहे।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में पुनर्विचार के लिए दाखिल की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फिल्म उदयपुर फाइल्स के प्रदर्शन पर रोक के लिए दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार करने को लेकर अपील दाखिल की गई है। जमीयत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि फिल्म आहत करने वाली है और इसके रिलीज से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुंचेगा।

दिल्ली हाईकोर्ट ने जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दायर याचिका पर फिल्म के प्रदर्शन पर रोक (स्टे) दिए जाने और सेंसर बोर्ड से जारी सर्टिफिकेट पर पुनर्विचार करने को लेकर अपील दाखिल करने के निर्देश दिए थे। इसके अनुपालन में मौलाना अरशद मदनी के अधिवक्ताओं ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के समक्ष याचिका दाखिल की है। मौलाना मदनी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उदयपुर फाइल्स जैसी फिल्में समाज में नफरत और विभाजन को बढ़ावा देती हैं। इसकी प्रचार-प्रसार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल हो सकती है। कहा कि हमारा देश सदियों से गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक रहा है। जहां हिंदू-मुस्लिम एक साथ रहते आए हैं। ऐसी फिल्मों से देश की सांप्रदायिक एकता को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसलिए सेंसर बोर्ड से प्रदान किया गया सर्टिफिकेट रद्द किया जाना बेहद जरुरी है।

# कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजयराय व वाराणसी के अन्य कांग्रेसजनों के विरुद्ध झूठा केस दर्ज किये जाने के विरोध में ब्लॉक कोतवाली, नगर नगीना व बढ़ापुर के पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नगीना के कार्यालय पहुंचकर प्रस्तुत किया और झूठा केस रद्द कराने की मांग की।

पार्टी के हाई कमान के निर्देशानुसार ब्लॉक कोतवाली व तहसील नगीना के अंतर्गत बढ़ापुर नगर सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एसडीएम नगीना के कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय प्रभारी को प्रस्तुत किया। जिसमें कांग्रेसियों ने वाराणसी में आम नागरिकों व कांवड़ यात्रियों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु शांतिपूर्ण पदयात्रा निकालने पर प्रदेश सरकार के इशारे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजयराय व अन्य कांग्रेसजनों के विरुद्ध वाराणसी के थाना सिगरा में केस दर्ज किये जाने का विरोध करते हुए महामहिम राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप कर कांग्रेसजनों के विरुद्ध दर्ज केस को रद्द कराने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष मौहम्मद आरिफ खान एड., जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद अंजार, जिला उपाध्यक्ष मिसबाहुल हसन, जिला महासचिव प्रदीप ठाकुर, जिला सचिव अभिषेक मिश्रा एड., ब्लॉक अध्यक्ष हाजी अहसान, नगर अध्यक्ष बढ़ापुर फरीद अहमद खान एड., वरिष्ठ कांग्रेसी मौहम्मद इश्तियाक उर्फ बाबू भाई, अली हसन उस्मानी आदि उपस्थित थे।



एक नजर

## गणेश व कार्तिक के विवाह का किया वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मन्केश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन कथा व्यास चित्रा शुक्ला दीदी ने गणेश व कार्तिक के जन्म के साथ उनके विवाह का वर्णन किया।

गांव मानकी स्थित मंदिर प्रांगण में कथा सुनाते हुए चित्रा दीदी ने कहा कि भगवान गणेश का जन्म माता पार्वती के शरीर के मैल से और कार्तिकेय का जन्म शिव के तेज से हुआ था। गणेश का विवाह ऋद्धि सिद्धि और कार्तिकेय का देवसेना से हुआ था। भगवान गणेश ने माता पिता को संपूर्ण पृथ्वी मानकर उनकी तीन परिक्रमा की थी। बताया कि गणेश जी ने मूषक को पकडने के लिए अपना पाश फैंका, जिसमें वह चूहा फंस गया। जब उसे गणेश के आगे पेश किया गया तो उसने अपने जीवन की भीख मांगी। गणेश जी ने उस पर दया कर उसे अपना वाहन बना लिया। भगवान गणेश को मोदक व दुर्वा (दूब) बहुत पसंद हैं। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष चौधरी प्रविंद्र कुमार, महक सिंह, देवेंद्र सैनी, विपिन त्यागी, प्रमोद त्यागी, सुरेंद्र सिंह व अर्जुन सिंह आदि श्रद्धालू शामिल रहे।

## विवाहिता के पिता ने दामाद व ससुरालियों पर पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विवाहिता के साथ मारपीट करने व जहरीला पदार्थ पिलाने का दामाद व ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की हैं। मुजफ्फरनगर जनपद थाना भोपा के गादला गांव निवासी अहसान ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व उसने बेटी अजमेनूर की शादी तिघरी गांव निवासी व्यक्ति के साथ की थी। शादी के बाद से ही दामाद और ससुरालियों बेटी के साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि सोमवार की सुबह ससुरालियों ने जान से मारने की नीयत से बेटी को जहरीला पदार्थ पिला दिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर उन्होंने उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**नहटौर।** हल्दौर चौराहे पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सोमवार को कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर हल्दौर चौराहे पर रुके। जहां कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर पार्टी के युवा जिला प्रमुख महासचिव निकुंज राजपूत, डॉ. अंजुम, ठाकुर राजवीर सिंह, मोंटी कुमार, रामकुमार सिंह, जगदीश सिंह, सिरोही सिंह, सत्यम राठौर, वीरेंद्र सिंह, अनिल कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## आपत्तिजनक पोस्ट का आरोपी गिरफ्तार

**नहटौर।** फेसबुक आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट करते हुए लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। फेसबुक आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी। जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई। पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल करते हुए फेसबुक आईडी से आरोपी की पहचान की। आरोपी नहटौर क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर निवासी जाने आलम पुत्र मौहम्मद अकरम निकला। पुलिस ने आरोपी को मोबाइल सहित गिरफ्तार किया।

## वी.एम. कॉलेज में मैंगो डे मनाया

**नगीना।** कक्षा नर्सरी की अध्यापिका श्रीमती खुशी के मार्गदर्शन में बच्चों ने मैंगो ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा आम की कविता सुनाई। जिसमें जिकरा, फरहा, सुमैया, नूर इलाही, राघवी, दृष्टि, हर्ष, मयंक, नमरा आदि बच्चों ने प्रति भाग किया। इस अवसर पर प्रबंधक इंजीनियर अमित गुप्ता, प्रधानाचार्य कुलदीप वर्मा, श्रीमती शीला सिंह, शैफाली रस्तौगी, मिसबाह, आसिया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान जिकरा, द्वितीय स्थान सुमय्या, तृतीय स्थान आनाया ने प्राप्त किया। प्रबंधक इंजीनियर अमित गुप्ता ने छात्रों को पुरस्कृत किया।

## कंटेनर गड्ढे में घुसा, क्लीनर चोटिल

**अफजलगढ़।** मुरादाबाद निवासी मौहम्मद नाजिर, क्लीनर बदायूं निवासी सुशील कुमार के साथ लुधियाना से साइकिल के पुर्जे भरकर कंटेनर से उड़ीसा जा रहा था। सुबह ग्राम आलमपुर गांवड़ी के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसा। गनीमत रही कंटेनर पलटा नहीं, चालक व क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई।

# चोरी का सोना खरीदने के मामले में धामपुर का सर्राफ हिरासत में

### मध्य प्रदेश पुलिस की दबिश से सर्राफा बाजार में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सर्राफा बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मध्य प्रदेश पुलिस ने चोरी के सोने के मामले में एक सर्राफा कारोबारी को हिरासत में ले लिया। पुलिस की अचानक दबिश और छानबीन की कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया और सर्राफा बाजार में देर शाम तक चर्चाओं का माहौल बना रहा।

सूत्रों के अनुसार मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के डाबरा थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व एक सोने की ज्वेलरी की चोरी हुई थी। इस मामले में दर्ज मुकदमे की जांच करते हुए पुलिस ने एक संदिग्ध चोर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि चोरी का सोना उसने उत्तर प्रदेश के धामपुर में एक सर्राफ को बेचा है।

मिली जानकारी के अनुसार चोरी के मामले से जुड़े आरोपी की निशानदेही पर मध्य प्रदेश पुलिस की टीम धामपुर पहुंची और स्थानीय पुलिस को बिना औपचारिक सूचना दिए एक सर्राफ की दुकान पर दबिश दी। पूछताछ के बाद सर्राफ को हिरासत में लिया गया और टीम आरोपी को लेकर वापस मध्य प्रदेश रवाना हो गई। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया। व्यापारियों में बेचौनी साफ देखी गई। बाजार में यह चर्चा भी गर्म रही कि चोरी के मामलों में अब धामपुर का नाम बार-बार सामने आने लगा है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते जांचें सख्त न की गईं तो इसका असर पूरी मंडी की छवि पर पड़ सकता है।

जब इस मामले में स्थानीय कोतवाली पुलिस से जानकारी ली गई तो कोतवाल राजेश चौहान ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी कार्रवाई की जानकारी नहीं है।

## पहले भी कई प्रदेशों की पुलिस दे चुकी है धामपुर में दबिश

**धामपुर।** सर्राफा बाजार पूर्व में भी विभिन्न राज्यों की पुलिस कार्रवाई की जद में आ चुका है। उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा की पुलिस ने भी बीते वर्षों में धामपुर पहुंचकर कई सर्राफा कारोबारियों से पूछताछ की है। कुछ मामलों में फर्जी बिलिंग, चोरी का सोना खरीदने और टैक्स चोरी की जांच में स्थानीय कारोबारियों के नाम सामने आए थे। अब मध्य प्रदेश पुलिस की इस कार्रवाई ने फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या धामपुर का सर्राफा बाजार सुनियोजित गिरोहों का टारगेट बनता जा रहा है?

# नगीना में लेखपालों ने किया कार्य बहिष्कार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### हापुड़ में लेखपाल की आत्महत्या को लेकर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील परिसर में लेखपालों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध हापुड़ में तैनात लेखपाल सुभाष मीणा की आत्महत्या के कारण किया गया।

मीणा को एक किसान द्वारा रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित किया गया था। निलंबन के बाद उन्होंने कथित तौर पर जहर खाकर जान दे दी। लेखपाल संघ का कहना है कि मीणा को बिना ठोस सबूत के निलंबित किया गया। इससे वे मानसिक तनाव में थे।

लेखपाल संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, तहसील में सोमवार को कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। संघ ने मृतक के परिवार को मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग के साथ अधिकारियों को अधीनस्थों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने की मांग भी की गई है।

इस दौरान धरने में कई कानूनगो जितेंद्र कुमार, कमल शर्मा, खंड मंत्री अमरेश दत्त, राजेश कुमार, करन सिंह व लेखपालगण अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, जयपाल सिंह, विश्वजीत, धर्मेंद्र कुमार, तुषार चौहान, दीपक कुमार, सतेंद्र कुमार, जिला मंत्री अमित मिश्रा, रतिराम, दीपक कुमार, दिनेश कुमार, आदेश, सचिन शर्मा, अमित गुप्ता, अंसार उल हक, हिमांशु, विपुल, सौरभ चौहान, अभिलाश बेणीराम, नितिन कुमार, अनुज तोमर, योगेश आदि मौजूद रहे।



# कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण

**नहटौर।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। नहटौर-धामपुर मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया।

नहटौर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने नगर पालिका की टीम के साथ नहटौर के पैजनिया व कोतवाली देहात मार्ग का निरीक्षण किया। कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पालिका के सफाई कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा नहटौर-धामपुर मार्ग का भी निरीक्षण किया गया। सड़क के दोनों और अतिक्रमण करने वालों को स्वयं हटाने के लिए निर्देशित किया। अतिक्रमण नहीं हटाने पर माल जब्त करने की चेतावनी दी। नगर पालिका की टीम ने पॉलिथीन अभियान के तहत 3000 रूपए के चालान काटे। इस मौके पर विशेष उपाध्याय, गजेंद्र सिंह, गौरव त्यागी, सलीम अहमद, शावेज आलम, मौहम्मद अकरम, शहजाद आदि मौजूद रहे।



# सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम मनोटा में रविवार तीसरे पहर गांव के ही दो युवकों में एक किराना की दुकान को निशाना बनाते हुए उसमें रखे कुछ बिस्किट, कुरकुरे व नगदी आदि सहित करीब डेढ़ लाख रुपये की चोरी कर ली । विशेष बात यह रही कि यह लोग किराना दुकान स्वामी के पास रोजाना उठने बैठने वाले व्यक्ति थे। जिन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मनोटा में जसराम सैनी की किराना की दुकान है। जो तीसरे पहर दुकान का शटर आधा गिराकर खाना खाने अपने घर चला गया, जो दुकान से कुछ दूर स्थित है। वहीं दुकानदार के परिचित और प्रतिदिन साथ बैठने वाले दो युवकों ने शटर को उठाकर दुकान में रखे कुछ बिस्किट, कुरकुरे के पैकेट व नगदी सहित एक से डेढ़ लाख रुपयों का दुकानदार को नुकसान दे दिया। उधर खाना खाकर दुकान लौटे दुकान स्वामी जसराम ने जब दुकान का हाल और सामान आधा अधूरा देखा, तो उसके होश उड़ गए । पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

खेल विशेष

## जैनिक सिनर ने जीता विंबलडन मेंस का खिताब

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। सिनर ने पहली बार यह टाइटल जीता है। वे विंबलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने हैं। लंदन के आल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट में इटली के सिनर ने रविवार रात को 3 घंटे 4 मिनट चले मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया है। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। सिनर ने पहली बार विम्बलडन ट्रॉफी जीती है। वे विंबलडन चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। यह सिनर का चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। वे आस्ट्रेलिया ओपन में 2 (2024, 2025) और ै ओपन में एक (2024) बार चौंपियन बन चुके हैं। मैं अपने सपने को जी रहा हूं- सिनर सिनर ने पहली बार विम्बलडन जीतने पर कहा, मेरे अलावा सिर्फ मेरे करीबी लोग ही जानते हैं कि हमने टेनिस कोर्ट और कोर्ट के बाहर क्या कुछ झेला है। ये बहुत स्पेशल है। मैं अपने सपने को जी रहा हूं। सिनर से लगातार 5 जीत के बाद हारे अल्कराज विंबलडन के पिछले 2 टाइटल जीतने वाले अल्कराज अपने इटैलियन प्रतिद्वंद्वी सिनर के खिलाफ 5 मैच बाद हारे हैं। अल्कराज ने 3 घंटे 4 मिनट चले इस मैच का पहला सेट 6-4 से जीता और मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यहां से इटली के सिनर ने लगातार तीन सेट 6-4, 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इगाने जीता विमेंस सिंगल्स का खिताब एक दिन पहले शनिवार, 12 जुलाई को इगा ने विंबलडन के विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता था।

# इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता

### 193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा, आर्चर-स्टोक्स को मिले 3-3 विकेट



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लाड्र्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए।

193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल (39 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। 75वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ भारतीय टीम दूसरी पारी में 170 रन पर ऑलआउट हो गई और 22 रन से हार गई। 74वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की बाल मोहम्मद सिराज के कंधे पर लगी। आर्चर ने ओवर की आखिरी बाल बाउंसर डाली थी। सिराज ने इससे इससे बचने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। आखिरी दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा।

31.1 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 51 रन बना डाले। रवींद्र जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ साझेदारी की। उन्होंने इंग्लैंड के जीत के इंतजार को बढ़ा दिया। रवींद्र जडेजा ने 68वें ओवर की पहली बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने बेन स्टोक्स की लेंथ को स्लिप के ऊपर से खेला और अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने लगातार चौथी पारी में फिफ्टी पूरी की है। 67वें ओवर में भारत ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और स्कोर 150 पार पहुंचा दिया था। 62वें ओवर में भारतीय टीम ने 9वां विकेट गंवा दिया।

यहां जसप्रीत बुमराह 54 बाल पर 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने सब्सिट्यूट प्लेयर सैम कुक के हाथों कैच कराया। बुमराह ने जडेजा के साथ 132 बाल पर 35 रनों की साझेदारी की। रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की जोड़ी ने इंग्लैंड की जीत का इंतजार बढ़ा दिया।। दोनों ड्रिंक्स ब्रेक तक 81 बाल खेल चुके थे। इंडियन टीम ने 40वें ओवर की तीसरी बाल पर 8वां विकेट गंवाया था। 48वें ओवर में रवींद्र जडेजा क्रिस वोक्स की बाल पर आउट होने से बचे।





# चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप

- **23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गए दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया। पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सां. चेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## भारतीय शतरंज प्रतिभाओं ने चमक बिखेरी-7 पदक हासिल किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है। यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है।

# एडेन मारक्रम-मैथ्यूज जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मारक्रम को पुरुष वर्ग और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज को महिला वर्ग में जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

मारक्रम ने लॉड्र्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपने साथी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसां. का को पछाड़कर पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। 30 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने 207 गेंदों पर 136 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान तेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी कर 282 रनों के लक्ष्य

- **प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है: हेली मैथ्यूज**

का सफलतापूर्वक पीछा किया। पाँच विकेट की इस जीत ने दक्षिण अफ्रीका को 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार आईसीसी खिताब जीतने में मदद की। इसके साथ मारक्रम ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट भी लिया। महिला वर्ग में मैथ्यूज ने दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स और हमवतन अफी फ्लेचर को पछाड़कर ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर के बाद चार बार यह पुरस्कार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। वेस्टइंडीज की कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में 104 रन बनाए, जिसमें तीसरे मैच में एक अर्धशतक भी शामिल है। उन्होंने श्रृंखला में चार विकेट भी लिए। जून माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर मार्कराम ने कहा कि यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारी टीम और दक्षिण अफ्रीका के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की जीत में योगदान देना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैथ्यूज ने कहा कि प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं हाल ही में अपने प्रदर्शन से खुश हूँ, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम की सफलता में योगदान देना बहुत अच्छा रहा।खासकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक कड़ी टी-20 सीरीज में।

# डकेट के विकेट का जश्न मनाने पर सिराज पर लगा जुर्माना



**लॉर्ड्स, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर बेन डकेट का विकेट लेने पर प्रतिक्रिया स्वरुप जश्न मनाने और बल्लेबाज से टकराने को लेकर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया और एक डेमैरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया।

यह घटना भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन हुई। बेन डकेट को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया और वापस लौट रहे बल्लेबाज से टकराने को लेकर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया। 24 महीने की अवधि में यह दूसरी बार है जब उनके खाते मे डिमैरिट अंक जोड़ा गया है। उन्हें आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

# एमआई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

- **कुंवरजीत की 13 गेंदों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई की जीत में अहम साबित हुई**




**वॉशिंगटन, वार्ता।** एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर मेजर लीग क्रिकेट 2025 का खिताब जीता।

अमेरिका के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने सबसे अधिक 77 रनों की पारी खेली। मोनांक पटेल ने भी तेज 28 रन जोड़े। कुंवरजीत सिंह की 13 गें. दों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई न्यूयॉर्क के स्कोर को 180 तक पहुंचाने में अहम साबित हुई। वाशिंगटन फ्रीडम के पास खिताब बचाने का अच्छा अवसर था क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स आखिरी ओवर में क्रीज पर थे, लेकिन 22 साल के अमेरिकी गें. दबाज रशील उगारकर ने दबाव में शानदार गेंदबाजी की और आखिरी ओवर में 12 रन बचाते हुए एमआई न्यूयॉर्क को दूसरी बार चैंपियन बना दिया। वाशिंगटन की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

पहले ही ओवर में शून्य स्कोर पर ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रीस गाउस को आउट कर दिया। इसके बाद रचिन रविंद्र ने 41 गेंदों में 70 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जैक एडवड्र्स ने भी 22 गेंदों में 33 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 84 रनों की साझेदारी हुई, जिससे वाशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रहीं। मगर उगारकर और नोस्थुश केनजिगे ने अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।

# हमारे ड्रेसिंग रूम में अभी भी मजबूत बल्लेबाज है, जो जीत दिला सकते है: वॉशिंगटन

**लॉड्र्स, वार्ता।** इंग्लैंड की दूसरी पारी में चार विकेट झटकने वाले भारतीय टीम के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने कहा कि अभी भी हमारे ड्रेसिंग रूम में मजबूत बल्लेबाज है जिनके दम पर हम यह टेस्ट जीत सकते है।चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद वॉशिंगटन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमने जैसा सोचा था चीजे पूरी तरह से वैसी नहीं हुई लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ कल आएंगे।

ड्रेसिंग रूम में अभी भी हमारे पास काफी मजबूत बल्लेबाज मौजूद हैं। लॉड्र्स में टेस्ट जीतना बेहद खास होगा। इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन को लेकर वॉशिंगटन ने कहा कि यह गेंद के साथ मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ दिनों में से एक था, विशेष रूप से भारत के बाहर। मैं

- **हमने जैसा सोचा था चीजें पूरी तरह से वैसी नहीं हुई, लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ फिर आएंगे**

इस मैच से पहले कुछ योजना के साथ आया था और मैं उस रणनीति को अमलीजामा पहनाना चाहता था। मैं टीम के लिए हर चरण में योगदान देना चाहता था और मैं जिस तरह से प्रदर्शन करने में सफल रहा यह मेरे लिए सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। विशेषकर इंग्लैंड में प्रदर्शन करना मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इससे पता चलता है कि मैं इन परिस्थितियों में भी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।



# शादी के सात साल बाद अलग हुए साइना नेहवाल-पारुपल्ली

- **साइना नेहवान ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अलग होने की पुष्टि की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप शादी के सात साल बाद आधिक. ारिक तौर पर अलग हो गए है। साइना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अगल होने की पुष्टि की।

उन्होंने लिखा कि कई बार जिंदगी हमें अलग रास्तों पर ले जाती है। सोच-विचार के बाद, कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला लिया है। हम शांति, आगे बढ़ने और खुद को समझने के रास्ते को चुन रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि बीते पलों के लिए शुक्रिया और आगे के लिए शुभकामनाएं। इस समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद। भारतीय खेलों में कभी शक्तिशाली जोड़ी माने जाने वाले इस जोड़े ने हैदराबाद स्थित पुलेला गोपी. चंद अकादमी में एक साथ प्रशिक्षण लिया और बाद में 2004 में डेलटग शुरू की। करीब दस वर्ष की मित्रता के बाद 2018 में दोनों खिलाड़ी वैवाहिक बंधन में बंधे थे। वर्षों तक दोनों भारतीय खेल जगत की सबसे चर्चित जोड़ी में रहे। दोनों ही खिलाड़ियों का पेशेवर सफर उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा है। साइना ने 2012 के लंदन ओलंपिक में विश्व की नंबर वन रैंलकग और कांस्य पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई, वहीं पारुपल्ली ने 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर और डब्ल्यूएफ की शीर्ष 10 रैंलकग में जगह बनाई। पारुपल्ली ने 2024 में बैडमिंटन से संन्यास ले लिया था। बीते कुछ सालों में वह साइना के कोच भी रहे। उनका रिश्ता पहले ट्रेनिंग पार्टनर से कोच-एथलीट की जोड़ी में बदला।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 143 रन पर रोका

- **दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक 6 विकेट पर 99 रन बना लिए है**

**जमैका, वार्ता।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 के स्कोर पर समेटने के बाद 82 रनों की बढ़त हासिल कर ली इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए स्टंप्स तक छह विकेट पर 99 रन बना लिए हैं और कुल 181 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और एक-एक करके विकेट गवां रहे। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट ब्रैंडन किंग (14) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान रॉस्टन चेज (18), जॉन कैंपबेल (36), मिकाइल लुईस (सात), शे होप (23), अल्जारी जोसेफ (दो) रन बनाकर आउट हुए। जस्टिन ग्रीव्स (18) रनआउट हुए। शमार जोसेफ (आठ) के रूप में वेस्टइंडीज का आखिरी विकेट 52-1 ओवर में 143 रन पर गिरा। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट लिए। जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। मिचेल स्टार्क और बो वेब्स्टर को एक-एक विकेट मिला। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। सैम कॉन्स्टास (शून्य) और उस्मान ख्वाजा (14) रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को शमार जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाजों को आउट किया। स्टीव स्मिथ (पांच), एलेक्स कैरी (तीन), बो वेब्स्टर (13) रन बनाकर आउट हुए। ट्रेविस हेड (16) को ग्रीव्स ने आउट किया। दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 99 रन बनाकर लिए है और उसकी कुल बढ़त 181 रनों की हो गई। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने तीन और शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाये थे।

## रग्बी विश्वकप 2027 क्वालीफाई को लेकर भिड़ेंगे जिम्बाब्वे और नामीबिया

**कंपाला, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नाम. ीबिया रग्बी अफ्रीका कप फाइनल में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में 2027 में होने वाले रग्बी विश्वकप में सीधा क्वालीफाई के लिए भिड़ेंगे। नामीबिया ने रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अधिकतर समय गेंद पर कब्जा और क्षेत्र में दबदबा बनाये रखते हुए अल्जीरिया को 21-7 से हराया। अगर नामीबिया इस फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करता है तो यह आठवीं बार होगा जब वह विश्वकप में जगह बनायेगा। वहीं मंडेला नेशनल स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में जिम्बाब्वे ने केन्या को 29-23 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिम्बाब्वे हाफटाइम तक केन्या से 18-13 से पीछे था, लेकिन दूसरे हाफ में उसने वापसी करते हुए 16 अंक बनाकर जीत हासिल की।

# समर्पण के साथ करें दायित्व निर्वहन: डा.अजय

## अभिषेक टिंकू अरोड़ा, मंसूर बदर, मंयक गर्ग, ज्योति अग्रवाल, सलेख चंद व आरती बने कार्यकारिणी सदस्य



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महापौर डॉ अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी के रुप में मनोनीत डिप्टी कलेक्टर श्वेता पाण्डेय तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार की देखरेख में कार्यकारणी समिति के 6 सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। महापौर ने चुने गए सभी पार्षदों के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किये। गत कार्यकारणी के दो सदस्यों मयंक गर्ग व मंसूर बदर को लगातार दूसरी बार चुना गया।

निगम कार्यकारणी के लिए वर्ष 2023 में निर्वाचित पार्षदों मुकेश गक्खड़, मंसूर बदर, मयंक गर्ग, दीपक रहेजा, नीरज शर्मा व कु. सीमा बहोत कात्यानी का कार्यकाल समाप्त होने पर कार्यकारणी के नये सदस्यों का चुनाव आज होना निर्धारित था। चुनाव प्रक्रिया निर्धारित समय साढेÞ 11 बजे से आधा घण्टा विलंब से शुरु हुई।कार्यकारणी समिति में नये सदस्यों के लिए वार्ड 46 की पार्षद ज्योति अग्रवाल, वार्ड 35 के पार्षद मयंक गर्ग, वार्ड 47 के पार्षद अभिषेक अरोड़ा उर्फ टिंकू, वार्ड 16 के पार्षद सलेख चंद, वार्ड 43 के पार्षद मंसूर बदर तथा वार्ड 13 की पार्षद आरती द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गए। चुनाव प्रक्रिया में सहायक लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी व एमएनएलपी सच्चिदानंद त्रिपाठी ने घोषणा की कि जांच में उक्त सभी पार्षदों के नामांकन सही पाये गए हैं। किसी पार्षद ने अपना नाम भी वापिस नहीं लिया। चूंकि निगम कार्यकारणी के लिए 06 सदस्यों का चुनाव किया जाना था और 06 सदस्यों ने ही नामांकन दाखिल किया था, अत: उक्त सभी 06 पार्षदों को महापौर द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया। आवश्यकता पड़ने पर मतदान के लिए नगर विधायक राजीव गुंबर व रामपुर मनिहारान के विधायक देवेंद्र निम भी बोर्ड बैठक में पहुंचे।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षदों को महापौर डॉ. अजय कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि आओ हम संकल्प लें कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुख सुविधा और जो भी उनकी अपेक्षाएं नगर निगम से हैं, उन अपेक्षाओं का ध्यान रखकर लगातार काम करेंगे और जिन लोगों को नया दायित्व मिला है, वह समर्पित भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज का चुनाव जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है वहीं सर्वसम्मति से हुआ चुनाव इस बात का भी प्रतीक है हम सब मिलकर नगर के विकास के लिए कार्य करने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं।

# टिंकू अरोड़ा ने सभी पार्षदों व विधायक आशु मलिक का जताया आभार



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** निर्विरोध नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य बने टिंकू अरोडा ने सभी पार्षदों व विधायक आशु मलिक का आभार जताया है।

टिंकू अरोड़ा ने कहा सर्वदलीय मजबूत पार्षद दल का प्रथम उद्देश्य नगर की जनता की सेवा है लगातार जो नगर की जनता को उत्पीड़न किया जा रहा है उसके खिलाफ हम लगातार संघर्ष कर रहे हैं और आगे भी लगातार मजबूती से भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध करते रहेंगे। हमारी प्राथमिकता जी आई सर्वे को निरस्त करवाना और नगर को सुंदर एवं सुसज्जित बनाना है नगर के क्षेत्र वासियों को सभी सुविधाएं देने का कार्य हमारा मजबूत सर्वदलीय पार्षद दल करने का निरंतर प्रयास करता है और करता रहेगा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, पार्षद हाजी गुलशेर, पार्षद अहमद मालिक, पार्षद नदीम अंसारी, पार्षद फजलुर्रहमान , पार्षद इमरान सैफी, पार्षद हाजी नूरआलम, पार्षद अब्दुल खालिक , पार्षद मोहर्रम अली पप्पू, पार्षद फराज अंसारी, पार्षद बसपा डॉ मोहतसीन, बसपा पार्षद डॉ एहतेशाम, पार्षद परवेज मलिक, पार्षद भूरा मालिक, पार्षद बसपा नितिन जाटव, पार्षद राजीव अन्नू, पार्षद फहाद सलीम, बसपा पार्षद स्वराज, पार्षद कलीम अहमद ने कार्यकारिणी सदस्य बनने पर टिंकू अरोडा को शुभकामनाएं दी।

# एमएलसी व जिला जज ने किया लोकार्पण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशंस सिविल कोर्ट के पुस्तकालय भवन में विधायक निधि योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण विधायक शाहनवाज खान व जिला जज तरुण सक्सेना ने संयुक्त रूप से किया। अधिवक्ताओं में खुशी की लहर है। अधिवक्ताओं ने विधायक शाहनवाज खान का दिल से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर विशंभर सिंह पुंडीर पूर्व डीजीसी वह विधायक शाहनवाज खान तथा जनपद न्यायाधीश वह ठाकुर विशंभर सिंह ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर अजय सिंह सैनी अध्यक्ष अजय कौशिक महासचिव लाला अमरीश पुंडीर राजेंद्र सिंह चौहान पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता मुनव्वर आफताब एडवोकेट पूर्व महासचिव बाबर वसीम शाह आलम, जमाल साबरी, अमजद महमूद व एमएलसी प्रतिनिधि अदनान चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## खेतों से मोटरें चोरी

**चिलकाना।** एक ही रात में अज्ञात चोरो ने दो अलग अलग खेतों से किसानो की सबमर्सिबल मोटरे व बिजली के अन्य उपकरण चोरी किये जाने की घटना को अंजाम दिया है।

अज्ञात चोर द्वारा ग्राम अहाडी निवासी किसान सतीश कुमार पुत्र अन्तूराम सैनी के खेत पर बने कमरे की दीवार को तोडकर पावर कनैक्शन ट्यूबवैल से दस हार्स पावर की सबमर्सिबल की मोटर व अन्य विधुत उपकरण चोरी कर लिये गए। पीडित सतीश का कहना है कि सोमवार की सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो खेत पर बने कमरे की दीवार टूटी हुई थी।

वहीं दूसरे किसान चन्द्रपाल पुत्र रामस्वरूप निवासी अहाडी ने बताया कि रविवार व सोमवार की मध्य रात्रि में ही उसके खेत से भी सिंचाई के लिए लगायी गयी सबमर्सिबल मोटर व अन्य विधुत उपकरण केबल, तार आदि चोरी कर लिये गये हैं।

# दर्ज मुकदमे के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** वाराणसी में कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमे के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

आज कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिलाध्यक्ष संदीप राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित करते हुए मुकदमे को निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेताओं पर 10 जुलाई 2025 को सिगरा थाने में जो मुकदमा दर्ज किया गया है, वह पूर्णत: राजनीति से प्रेरित और फर्जी है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार जनसमस्याओं से ध्यान हटाने के लिए जनप्रतिनिधियों का दमन कर रही है। कांग्रेसजनों ने स्पष्ट किया कि काशी केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक आत्मा का केंद्र है। सावन जैसे पवित्र माह में भी वहां की जनता जलभराव, सीवर जाम और यातायात अव्यवस्था जैसी समस्याओं से जूझ रही है। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेसजन शांतिपूर्ण पदयात्रा कर रहे थे, ताकि शासन-प्रशासन का ध्यान जनता की तकलीफों की ओर आकर्षित किया जा सके। ज्ञापन में कहा गया है कि जब जनप्रतिनिधि जनता की आवाज बनते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई करना लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या है और यह प्रशासनिक अमानवीयता का भी उदाहरण है। कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वह प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होने के नाते मामले में हस्तक्षेप करें और अजय राय सहित अन्य नेताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमा तत्काल प्रभाव से रद्द कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा, जिला उपाध्यक्ष बरुण शमी, नलीन खान, मयंक शर्मा, प्रभजीत सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने दमनकारी रवैया नहीं छोड़ा तो कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# 20 से होगा महिला क्रिकेट कप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहारनपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में दूसरा महिला क्रिकेट कप आयोजित होने जा रहा है। टूर्नामेंट की शुरुआत 20 जुलाई से होगी।

इसकी जानकारी पूर्व रणजी खिलाड़ी भावना तोमर ने दी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सहारनपुर की महिला क्रिकेट टीम का गठन किया जाएगा, जिसके लिए ट्रायल 18 जुलाई को सुबह 9 बजे से अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने युवतियों से अधिक संख्या में ट्रायल में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह अवसर उनकी प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ने का मंच देगा। चयन प्रक्रिया के आधार पर ही टीम का गठन किया जाएगा, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रति. निधित्व का अवसर मिल सके। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें मेरठ, करनाल, उत्तराखंड, विकास नगर, इलाहाबाद, गाजियाबाद, लखनऊ और कानपुर की टीमें शामिल रहेंगी। भावना तोमर ने बताया कि पिछले साल सहारनपुर में पहला महिला क्रिकेट कप कराया गया था, जिसमें सहारनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की थी।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सहारनपुर में महिला क्रिकेट को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाए, ताकि लड़कियों को भी क्रिकेट में बेहतर प्लेटफॉर्म मिल सके। टूर्नामेंट से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए खिलाड़ी सीधे भावना तोमर से संपर्क कर सकती हैं।

# सेन्ट मेरीज एकेडमी ने मनाया हीरक जयंती वर्ष




शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मिशन कंपाउंड स्थित सेंट मेरीज अकैडमी ने अपने हीरक जयंती वर्ष (60वीं वर्षगांठ) को गौरवपूर्ण रूप से मनाते हुए दिक्षांत एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भव्यता एवं गरिमा के साथ किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर संस्थान ने अपने नेतृत्व, मूल्यों और उत्कृष्टता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता का सशक्त प्रदर्शन किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्योम बिंदल, पुलिस अधीक्षक नगर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल अनिरुद्ध बी. अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती खुशबू अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधानाचार्या सिस्टर शीला के मार्गदर्शन एवं प्रबंधक फादर जॉन चिमन की देखरेख में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ हरित अभिनंदन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात प्रार्थना गीत ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जाओं से भर दिया। मंच पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद ने अनुशासित गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया, और पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से बैज एवं पट्टिकाएँ पहनाई गईं। इसके उपरांत प्रधानाचार्या द्वारा सभी छात्रों को सेवा एवं निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर श्री जीसावरी राज को उनके 39 वर्षों की सेवा के लिए भावभीनी विदाई दी गई। शिक्षक-विद्यार्थी समुदाय ने उनके योगदान को प्रेरणास्त्रोत बताया। शैक्षणिक उपलब्धियों के तहत कक्षा ग् एवं ग्प्प् के मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र एवं नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विषयवार सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से अलंकृत किया गया। फादर जॉन चिमन ने अपने स्वागत भाषण में संस्था की गौरवशाली यात्रा और आदर्शों पर प्रकाश डाला, जबकि सिस्टर शीला ने धन्यवाद ज्ञापन में अतिथियों, आयोजकों एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि व्योम बिंदल ने छात्रों को सत्य, साहस और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, वहीं कर्नल अनिरुद्ध अग्रवाल ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए उन्हें उत्कृष्टता और आत्मानुशासन का पाठ पढ़ाया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इसके पश्चात एक गरिमामयी उच्च जलपान का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथियों के साथ मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं छात्र परिषद सदस्यगण उपस्थित रहे। यह समारोह न केवल अकैडमी के 60 वर्षों की यात्रा का उत्सव रहा, बल्कि भविष्य की प्रेरणा का भी केंद्र बना।

## विचार विमर्श किया

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में सीनियर सिटीजन वेलफेयर क्लब की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।

सोमवार को पूर्व सभासद सुधीर कुमार जैन के आवास पर आयोजित बैठक में आगामी वार्षिक कार्यक्रम व मेधावी छात्र सम्मान समारोह के विषय पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए क्लब के संयोजक चौधरी धीरज सिंह ने कहा कि आगामी 03 अगस्त को सीनियर सिटीजन वेलफेयर क्लब के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमे मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

सुधीर कुमार जैन कहा कि कार्यक्रम में सब सदस्यों का आना अनिवार्य है इससे कार्यक्रम की भव्यता बढ़ती है बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए सभी सदस्य कार्यक्रम में पहुंचे।

# विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध: निम




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि विकास कार्यो के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। यही हमारी और हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

क्षेत्रीय भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने विधानसभा के ग्राम नल्हेड़ा गुर्जर, छपरेडी और छिदबना के सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण किया।इससे पूर्व गाँव में पहुँचने पर जनसैलाब ने विधायक देवेंद्र निम का ऐतिहासिक स्वागत किया। ट्रैक्टर ट्रालियों में मौजूद भीड़ विधायक देवेंद्र निम को नारेबाजी के साथ कार्यक्रम स्थल पर लेकर पहुँची।ग्रामीणों के साथ स्वयं विधायक देवेंद्र निम ने ट्रैक्टर चलाया।संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि जनता के इस प्यार और विश्वास ने ही हमें दूसरी बार विधायक बनाया है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम भी जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरें और हमने यह कर दिखाया।उन्होंने कहा कि पूरी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।हमारा और हमारी सरकार का उद्देश्य विकास कार्यों के माध्यम से जनता के जीवन को बेहतर बनाना और खुशहाली लाना है।देवेन्द्र निम ने कहा कि इस मार्ग सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण से केवल इन गांवों के लोगों को ही नहीं बल्कि इस मार्ग को इस्तेमाल करने वाले अन्य लोगों को भी होगा।

इस संजय चेयरमैन, ब्रह्म सिंह, विनोद पँवार, मेघराज पँवार सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## खनन से भरे चार वाहन पकड़े

**चिलकाना।** थाना पुलिस एवं राजस्व टीम ने संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाकर अवैध खनन पर सख्त कार्यवाही करते हुए अवैध खनन से भरे चार वाहनों को पकड़ा है।

थाना प्रभारी निरिक्षक चंद्रसेन सैनी ने बताया कि यह कार्यवाही क्षेत्र में अवैध खनन गतिविधियों पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए की गई है। बता दें कि क्षेत्र में अवैध खनन व परिवहन पर लगाम कसने के लिए एसडीएम सदर सुबोध कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी चन्द्रसेन सैनी द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। रविवार को राजस्व विभाग व पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ग्राम धोलाहेडी से चिलकाना के बीच अवैध रूप से खनन से भरे एक आयसर डी सी एम व तीन बडे डबल टायरे ट्रैक्टर ट्रोलों को कब्जे में लेकर थाने लाया गया।

# बच्चों का भविष्य एक नैतिक जिम्मेदारी: राजकुमार




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स की प्रेजिडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रह कर नवीन तकनीकियों का प्रयोग हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

विजीसीएफ की इकाई रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स द्वारा संचालित बिल क्लिंटन स्कूल में सहारनपुर जोन के अंतर्गत पहली बार जिला स्तरीय स्टेम डीएलडी (डिस्ट्रिक्ट लेवल डेलिब्रेशन) वर्कशाप वर्जन कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ डीएवी इंटर कॉलेज रामपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती निशा सैनी, क्वांटम यूनिवर्सिटी के ऋषि शर्मा, सोफिया स्कूल की प्रीति गर्ग,व आरएसी की प्रेजिडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया।बच्चों के शैक्षणिक विकास हेतु आयोजित कार्यशाला में गणित एवं विज्ञान विषयों पर शिक्षण की नवीन पद्धतियों के द्वारा अध्यापन और शिक्षा को रोचक बनाने संबंधी तथ्यों पर विवेचना प्रस्तुत की गई। विभिन्न स्कूलों के टीचर्स द्वारा महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सभी ने रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स के बिल क्लिंटन स्कूल और प्रधानाचार्या वीनू शर्मा की इस पहल की सराहना की।

आरएसी की प्रेसीडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने कहा कि कार्यशाला में आए सभी अथितियों ने ज्ञानवर्धक जानक. ारी दी है। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयासरत रह कर नवीन तकनीकियों का प्रयोग हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। यह सहारनपुर जोन में पहला कार्यक्रम है जिसे अब राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की तैयारी है।

इस दौरान भूपेश कुमार, पारुल कटारिया, विकास कुमार, शिवानी, मीनाक्षी, पूजा आदि मौजूद रहे।

# श्रावण माह के पहले सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक

**सहारनपुर।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को सहारनपुर में शिवभक्तों की जबरदस्त आस्था देखने को मिली।

सुबह से ही श्रद्धालुओं ने नगर के प्रमुख शिवालयों में कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। खासतौर पर श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, पुष्प, चंदन और रोली से शिव का पूजन-अर्चन किया। मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इसी क्रम में राधा विहार स्थित ओघड़दानी नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वावधान में भूतनाथ श्रृंगार किया गया। पूज्य स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज के सान्निध्य में पंचामृत स्नान, रुद्री पाठ, शिव सहस्त्रनाम एवं शिवमहिम्न स्तोत्र के साथ महा रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। पूजन के उपरांत भगवान शिव को भस्म अर्पित कर अबीर-गुलाल से श्रृंगारित किया गया। स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि महादेव समस्त नश्वर सृष्टि को भस्म रूप में धारण कर जीवों को मोक्ष का मार्ग प्रदान करते हैं। भभूत श्रृंगार महादेव को अतिप्रिय है। इससे अहंकार का विनाश होता है और जीव कर्मबंधन से मुक्त होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे शिव को भस्म अर्पित कर स्वयं के मस्तक पर भी भस्म का तिलक करें। इस अवसर पर रमेश शर्मा, राजेंद्र धीमान, अभिषेक पुंडीर, दिग्विजय राणा, अनिल कश्यप, गीता, सुचेता, उमा, बिना, रेखा, कुसुम, विवाह, अमृता, पूनम आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रावण के प्रथम सोमवार को नगर का हर शिवालय शिवभक्ति में डूबा रहा और श्हर-हर महादेवश् के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

**सरसावा।** सावन के पहले सोमवार को शिव मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भीड़।नगर में बनखंडी महादेव मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जल,पुष्प,बेलपत्र चढ़ा मांगी मन्नते। सावन माह के पहले सोमवार को नगर के प्राचीन बनखंडी महादेव मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के गांव झरौली, शाहजहांपुर, भिक्कनपुर, कुतुबपुर, रायपुर असदपुर, यमुना नदी पुल शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर जल पुष्प बेल पत्र,चढ़ाए गए।

**अंबेहटा।** सावन मास के पहले सोमवार को मंदिरों में शिवभक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। नगर व आस-पास ग्रामीण क्षेत्र ढायकी, बलालखेडी, अबेहटी, देदपुरा, कैंडल में आज सुबह सावन मास के पहले सोमवार को शिवभक्तों ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए शिवलिंग पर जलभिषेक किया।

**तल्हेडी बुजुर्ग।** सिद्ध पीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर महादेव की पूजा अर्चना की।

श्रावण मास के प्रथम सोमवार को तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव घ्याना में स्थित सिद्धपीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महादेव का जलाभिषेक किया।इस दौरान मन्दिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया जहा श्रद्धालुओं ने महादेव के उद्घोष से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। मन्दिर के महन्त बचन दास व शुभम वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 जुलाई 2004 को बाबा भोलेनाथ इस जगह प्रकट हुए थे। इसलिए आगामी 21 जुलाई दिन सोमवार को महाद. ेव का प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।उन्होंने बताया कि यहां की मान्यता के अनुसार बाबा भोलेनाथ की महिमा अपरम्पार है,जो श्रद्धालु सच्चे मन से उनकी आस्था में लीन होकर अपनी मनोकामना लेकर आता है महादेव उसके सकल मनोरथ सिद्ध करते है। श्री वत्स ने बताया कि आगामी 23 जुलाई को शिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक करेंगे जिसकी समस्त तैयारी पूरी कर ली गई। इसके अलावा हर वर्ष की भांति भव्य मेले का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर कमेटी से अरविंद त्यागी,विश्वास त्यागी ,हरिओम त्यागी, शुभम शर्मा, अमित त्यागी, प्रिंसपाल, कार्तिक त्यागी ,सुनील त्यागी, रमेश पाल, राजीव ,मोहन त्यागी और सचिन धीमान आदि ने अहम भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जिसके चलते जलाभिषेक सकुशल तरीके से सम्पन्न हुआ।

# नए फीचर के साथ स्कूटर लॉच



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** हीरो मोटोकॉर्प द्वारा 1 जुलाई को नया वीएक्स2 इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया गया है। यह स्कूटर पहले के मास्टर मॉडल विडा एक्स के मुकाबले ज्यादा फीचर्स और बेहतर टेक्नोलॉजी के साथ पेश किया गया है।

खास बात यह है कि हीरो का अधिकृत डीलर बावा ऑटो इस स्कूटर को पहली बार सहारनपुर में लेकर आया है। विधायक राजीव गुंबर और महापौर अजय सिंह के कर-कमलों से इस स्कूटर का भव्य शुभारंभ किया गया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और ई-मोबिलिटी के सपनों को साकार करने के लिए यह स्कूटर मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र शर्मा और महानगर के अध्यक्ष शीतल विशनोई ने भी बधाई दी। कार्यक्रम का संच. ालन पूर्व महामंत्री अनेश शर्मा ने किया। इस अवसर सिमरनजीत कौर परमप्रीत कौर अमन सागर पुरी अरि. हंत जैन बिट्टू कुमार पप्पू इरफान शहजाद बिलाल परीक्षित दीक्षित नेहा कशयप मानसी निर्मल कुमार दीपक कुमार पारस कुमार भानु सिंह प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

मंगलवार, 15 जुलाई 2025

# भारत का गौरव

भारत के लिए यह बेहद गौरव की बात है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष में अपनी सफल यात्रा कर धरती की ओर लौट रहे हैं। वह सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएसएस) से रवाना हो गए। वह अपने तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ लौट रहे हैं। उनके मंगलवार अपरान्ह तीन बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेस एक्स का ड्रेगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4 बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से अलग हो गया। एग्जिओम स्पेस के अनुसार 22:5 घंटे के बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया। जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। भारत भी अपने अंतरिक्ष मिशन गगन यान की तैयारी कर रहा है और जल्द ही इसे लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। शुभांशु शुक्ला गगन यान मिशन के लिए भी चयनित संभावित क्र में शामिल हैं। वह इस क्रू में एकमात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं जिनके पास अंतरिक्ष यात्रा का भी अनुभव होगा, जो इसरो के मिशन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जैसाकि हम जानते हैं शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 25 जून को धरती से रवाना हुए थे और यह मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। 41 साल पहले राकेश शर्मा ने यह गौरव हासिल किया था। वैसे भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। बताया जा रहा है कि शुल्का ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया, जिसमें भारत के साथ प्रयोग शामिल थे, उन्होंने मैथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए गए। निश्चित रूप से इस तरह के मिशन में भाग लेने से भारत के वैज्ञानिकों में उत्साह का नया संचार पैदा होता है। विशेषकर युवाओं के लिए इस तरह के मिशन बेहद प्रेरक साबित होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने आठ जुलाई को तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ बातचीत की थी और उसका मकसद यही था कि युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति रूचि बढ़ी। उन्होंने 28 जून को अंतरिक्ष से ही पीएम मोदी के साथ लाइव वीडियो कान्फ्रेंस की थी, जिसमें पीएम उनसे पूछा था कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं, क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु शुक्ला ने हामी भरी थी और कहा था कि सबने बैठकर साथ खाया। अब सभी की नजर इस बात पर लगी है जब वह धरती पर लौटेंगे, तो अपने अनुभव साझा करेंगे, पूरा देश व दुनिया उनकी अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव साझा करने के लिए पूरी तरह उत्सुक दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। अब जबकि अपने पहले अंतरिक्ष मिशन के लिए भारत तैयारी कर रहा है, यह वह गगन यान नाम देकर कर रहा है। निश्चित रूप से शुभांशु शुक्ला भारत के इस मिशन में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी



समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें, अगर सिस्टम में अनुशासन चाहिए, तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है, कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पातीं, समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिएं, इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है, ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते, प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री**

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव






ललित गर्ग

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रुपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं।

विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्र-विरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है, जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। यह नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड्यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है, क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नए भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गांव और गरीब तक पहुंचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अ.श्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियां समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड्यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है।


डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहां एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को 21वीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की मांग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहां नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# Y क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं

**शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिक. ाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा को. शिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।**



यह बात तो पता है कि पुरुषों में उम्र के साथ कुछ कोशिकाओं से क्रोमोसोम नदारद होने लगते हैं, खासकर कैंसर कोशिकाओं से, लेकिन यह मालूम नहीं था कि क्रोमोसोम की अनुपस्थिति से शरीर पर किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं। अब, कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर कोशिकाओं के एक ताजा अध्ययन में पाया है कि यदि कैंसर ट्यूमर से क्रोमोसोम नदारद होता है तो मरीज के लिए अधिक घातक हो सकता है।

दरअसल, 2023 में एरिजोना विश्वविद्यालय के कैंसर विशेषज्ञ थियोडोरस्क्यू और उनके दल ने पाया था कि क्रोमोसोम का नदारद होना मनुष्यों में मूत्राशय के कैंसर की आक्रामकता को बढ़ाता है। उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भी Y क्रोमोसोम गायब हो सकते हैं, जिससे कैंसर से मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

हालिया अध्ययन में उपरोक्त शोधदल ने कैंसर-कोशिका जीनोम के विशाल भंडार से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो समूहों की तुलना की। Y क्रोमोसोम विहीन और ल क्रोमोसोम सहित। उन्होंने पाया कि पुरुषों में, कई प्रकार के कैंसर में, कैंसर ट्यूमर से Y क्रोमोसोम नदारद हो तो वे उन मरीजों की तुलना में जल्दी मर जाते हैं जिनके कैंसर ट्यूमर में Y क्रोमोसोम मौजूद होता है। यह भी पता चला कि Y क्रोमोसोम का लोप कैंसर कोशिकाओं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं दोनों में होता है। गौरतलब है कि प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की रक्षा के लिए ट्यूमर पर हमला करती हैं। अब, महज कैंसर कोशिकाओं से Y क्रोमोसोम का लोप होता है तो उनमें अन्य उत्परिवर्तनों की संख्या और गंभीरता बढ़ती है। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी हो सकते हैं जिससे ट्यूमर प्रतिरक्षा प्रणाली की नजर से बच निकले, उसकी पकड़ में न आए, लेकिन यदि Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं में भी हो जाता है तो असर अलग होते हैं Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं को निष्क्रिय कर देता है और प्रतिरक्षा तंत्र को शांत कर देता है, जिससे वे कैंसर से लड़ने के उतनी काबिल नहीं रहतीं। यानी, एक तो ट्यूमर बहुरूपिया, ऊपर से प्रतिरक्षा कोशिकाओं की नजर कमजोर। यह स्थिति मरीज के लिए घातक साबित होती है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।

**स्रोत फीचर्स**

# ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना: पर्यावरण से खिलवाड़



विनीत नारायण

ग्रेट निकोबार द्वीप, जो भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है, अपनी अनूठी जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यह द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु, इंदिरा पॉइंट, होने के साथ-साथ यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व भी है। कुछ समय पहले नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित रुपये 72,000 करोड़ की ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना ने इस क्षेत्र को वैश्विक व्यापार, पर्यटन और सामरिक महत्व का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस परियोजना में एक अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, एक टाउनशिप और एक गैस और सौर ऊर्जा आधारित पावर प्लांट का निर्माण शामिल है। इस परियोजना को लेकर पर्यावरणविदों, आदिवासी अधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को नीति आयोग ने 2021 में शुरू किया था, जिसका उद्देश्य इस द्वीप को एक आर्थिक और सामरिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है, जो विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। परियोजना के तहत 16,610 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जाएगा, जिसमें से 130.75 वर्ग किलोमीटर प्राचीन वन क्षेत्र शामिल है। इस परियोजना को राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों ने इसे विवादों के केंद्र में ला खड़ा किया है।

ग्रेट निकोबार द्वीप 1989 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया था और 2013 में यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम में शामिल किया गया। यह द्वीप 1,767 प्रजातियों के साथ एक समृद्ध जैव विविधता का घर है, जिसमें 11 स्तनधारी, 32 पक्षी, 7 सरीसृप और 4 उभयचर प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में स्थानिक हैं। परियोजना के लिए लगभग 9.6 लाख से 10 लाख पेड़ों की कटाई की जाएगी, जो द्वीप के प्राचीन वर्षावनों को अपूरणीय क्षति पहुंचाएगी। यह न केवल स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को प्रभावित करेगा, बल्कि प्रवाल भित्तियों ‍‍कोरल रीफ्सऋ और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचाएगा।

गलाथिया खाड़ी, जहां ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल प्रस्तावित है, लेदरबैक कछुओं और निकोबार मेगापोड पक्षियों का प्रमुख प्रजनन स्थल है। 2021 में गलाथिया खाड़ी वन्यजीव अभयारण्य को डिनोटिफाई कर दिया गया, जो भारत के राष्ट्रीय समुद्री कछुआ संरक्षण योजना 2021 के विपरीत है। यह कछुओं और अन्य समुद्री प्रजातियों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, क्योंकि बंदरगाह निर्माण से होने वाला प्रदूषण, ड्रेजिंग, और जहाजों की आवाजाही उनके प्रजनन और अस्तित्व को प्रभावित करेगी। द्वीप पर शोम्पेन और निकोबारी आदिवासी समुदाय रहते हैं, जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में वर्गीकृत हैं। यह समुदाय अपनी आजीविका और संस्कृति के लिए जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। परियोजना से इनके पारंपरिक क्षेत्रों का 10 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित होगा, जिससे उनकी सामाजिक संरचना और जीविका पर खतरा मंडराएगा। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बाहरी लोगों के संपर्क से इन जनजातियों में रोगों का खतरा बढ़ सकता है, जिससे उनकी आबादी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकती है। ग्रेट निकोबार द्वीप अंडमान-सुमात्रा फॉल्ट लाइन पर स्थित है, जो भूकंप और सुनामी के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। 2004 की सुनामी ने इस क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया था। पर्यावरण प्रभाव आकलन में भूकंपीय जोखिमों को कम करके आंका गया है और विशेषज्ञों का कहना है कि परियोजना के लिए साइट-विशिष्ट भूकंपीय अध्ययन नहीं किए गए। यह एक बड़े पैमाने पर आपदा का कारण बन सकता है। परियोजना के लिए काटे गए जंगलों की भरपाई के लिए हरियाणा और मध्य प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण का प्रस्ताव है, लेकिन यह क्षेत्र निकोबार की जैव विविधता से कोई समानता नहीं रखते। यह पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने में असमर्थ है। पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया और मूल्यांकन दस्तावेजों को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर गोपनीय रखा गया है। विशेषज्ञों का तर्क है कि केवल हवाई अड्डे का सामरिक महत्व हो सकता है, न कि पूरी परियोजना का। पारदर्शिता की यह कमी परियोजना की वैधता पर सवाल उठाती है। विपक्षी दलों, विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ने परियोजना को पारिस्थितिक और मानवीय आपदा करार दिया है। पर्यावरणविदों और नागरिक समाज संगठनों ने इसे जैव विविधता और आदिवासी अधिकारों के लिए खतरा बताया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 2023 में परियोजना की पर्यावरण और वन मंजूरी की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की थी, लेकिन इसके बावजूद परियोजना को आगे बढ़ाने में जल्दबाजी दिखाई दे रही है।



ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पारदर्शी और व्यापक पर्यावरण प्रभाव आकलन, आदिवासी समुदायों के साथ उचित परामर्श और भूकंपीय जोखिमों का सटीक मूल्यांकन आवश्यक है। इसके साथ ही, परियोजना के आर्थिक व्यवहार्यता की पुनरू समीक्षा होनी चाहिए, क्योंकि भारत में हाल ही में शुरू हुआ विशाखापत्तनम का ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल पहले से ही वैश्विक व्यापार में योगदान दे रहा है।

पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। जैसे कि परियोजना क्षेत्र को CRZ 1A क्षेत्रों से बाहर रखा जाए। आदिवासी समुदायों को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। भूकंपीय जोखिमों के लिए साइट-विशिष्ट अध्ययन किए जाएं। निकोबार के भीतर ही प्रतिपूरक वनीकरण पर ध्यान दिया जाए। ग्रेट निकोबार द्वीप भारत की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। इसे बचाने के लिए विकास और संरक्षण के बीच संत. ुलन बनाना होगा। भ्रामक तथ्यों के आधार पर जल्दबाजी में लिए गए निर्णय न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएंगे, बल्कि भारत की वैश्विक पर्यावरण संरक्षण प्रतिबद्धताओं को भी कमजोर करेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को 'शाह टाइम्स' रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं


शाह टाइम्स
के 25 वर्ष पूरे होने पर
स्थापना दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
जयंत चौधरी
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल
अरशद अल्वी
पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी बहसूमा
हाजी जहीर अब्बासी
जिला उपाध्यक्ष मेरठ





शाह टाइम्स के 25 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मदर इंफ्रा एण्ड डेवलपर्स
(मेरठ/हापुड़ में इन्वेस्टमेंट और घर बनाने हेतु प्लाट बिकाऊ है)
ऑफिस 755, एल-ब्लॉक आनंद विहार निकट डीएम ऑफिस, जनपद हापुड़।
सम्पर्क करें:-8791812031



S.G. Group of Institutions
(We are Number One in Education)
SHRI GURU HAR GOVIND SAHAB JI MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION
सीधा प्रवेश
College Code: 220080
B.T.C. (D.EL.Ed.)
D. Pharma
Sardhana Binoli Road, MM:-9760111054, 96393 03101
Sanjay Chaudhary
Director



प्रेम हॉस्पिटल
बिजली बम्बा बाईपास, दिल्ली रोड़, मेरठ।
PREM HOSPITAL
Inspiring Healing, Empowering Lives
अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज कराना हुआ आसान!
प्रेम हॉस्पिटल - अब हर बीमारी का समाधान, एक ही छत के नीचे।

डॉ. आर. पी. शर्मा (त्वचा रोग विशेषज्ञ)
सोमवार, बुधवार, शुक्रवार
सुबह 11:00 से दोपहर 12:00 बजे तक
इलाज: त्वचा संबंधी रोग, झाइयां, फंगल इन्फेक्शन, दाद, खाज-खुजली मुंहासे, बाल झड़ना, त्वचा पर सफेद दाग, यौन रोग आदि।

डॉ. आरती शर्मा (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 2:00 से रात 8:00 बजे तक
इलाज: पीरियड्स की समस्या, प्रेग्नेंसी देखभाल, बांझपन, PCOD सामान्य/ऑपरेशन डिलीवरी, बच्चेदानी से जुड़ी समस्याएं।

डॉ. अनुज शर्मा (सर्जन – AIIMS)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 2:00 से रात 8:00 बजे तक
इलाज: हर्निया, पाइल्स, पित्त की थैली की पथरी, थायरॉयड बवासीर, फिशर, एपेंडिक्स, फिस्टुला, छोटी-बड़ी सर्जरी

डॉ. दिव्यांशु गुप्ता (बाल रोग विशेषज्ञ)
सोमवार से रविवार
सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक
इलाज: नवजात बच्चों की देखभाल, खांसी-जुकाम, बुखार कुपोषण, टीकाकरण, डायरिया, अस्थमा।

डॉ. अपूर्व गर्ग (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
मंगलवार एवं शुक्रवार
दोपहर 2:00 से 3:00 बजे तक
इलाज: जोड़ों का दर्द, पीठ दर्द, आर्थराइटिस, फ्रैक्चर स्लिप डिस्क, साइटिका, घुटनों की समस्या

डॉ. जीशान खान (जनरल मेडिसिन-AIIMS एक्स-रेजिडेंट)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 3:00 से 5:00 बजे तक
इलाज: बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, हाई बीपी, डायबिटीज थायरॉयड, लीवर/किडनी की समस्याएं

Pathkind Labs
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
+91 70809 08010
सुविधाएँ
ई.एन.टी न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, डियोलॉजी एनआईसीयू-आईसीयू, प्रसूति एवं स्त्री रोग, त्वचा कॉस्मेटिक सर्जरी, स्त्री रोग सर्जरी, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक
आयुष्मान एवं समस्त इंश्योरेंस पैनल में कैशलेश सुविधा उपलब्ध* यूरोलॉजी एवं सर्जरी के लिए



NABH से मान्यता प्राप्त
YOUR HEALTH OUR CONCERN
ISO 9001:2008 Certified
(अति आधुनिकतम और उत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं से पूर्ण)
जसवन्त राय स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
मेरठ स्पोटर्स स्टेडियम के सामने, मवाना रोड, मेरठ, फोन : 0121-2663887, 2663888

सर्जिकल सुविधाएं
- ओपन हॉर्ट / बाईपास सर्जरी
- हड्डी रोग, ज्वाइंट रिप्लेसमैन्ट, ट्रौमा, ओर्थोस्कोपी
- मस्तिष्क एवं स्पाईनल सर्जरी
- यूरो – सर्जरी (लियोट्रिप्सी, पीसीएनएल, यूआरएस)
- ऑन्को सर्जरी (कैंसर सर्जरी)
- जनरल सर्जरी
- लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
- बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
- ईएनटी सर्जरी

मैडिकल सुविधाएं
- हृदय रोग से सम्बन्धित सभी बीमारियां
- वेल्व्योलोप्लास्टी
- कोरोनरी एन्जियोग्राफी
- पेरीफेरल एन्जियोग्राफी
- एन्जियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- इकोकार्डियोग्राफी
- इंटेन्सिव कार्डियक केयर यूनिट (आईसीसीयू)
- गैस्ट्रोएन्ट्रोलोजी (पाचन तंत्र)
- कोलोनोस्कॉपी
- ई.आर.सी.पी
- एंडोस्कोपीक अल्ट्रासाउंड
- एंडोस्कोपी
- अल्ट्रासाउंड
- नैफ्रोलोजी (गुर्दा रोग)
- न्यूरोलोजी (नाड़ी तंत्र)
- पीडियाट्रिक्स
- नवजात शिशु केयर यूनिट (नर्सरी)
- जनरल मेडिसिन (फिजीशियन)
- चेस्ट एण्ड ब्रोन्कोलोजी
- इंटेन्सिवकेयर यूनिट (आईसीयू)
- फिजियोथेरेपी
- पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक व कम्पोनेन्टस
- रेडियोलोजी (एमआरआई, सी.टी. स्कैन)

24 घण्टे इमरजेंसी सुविधायें उपलब्ध है।

List of Empanelled Agencies Corporate } • CGHS (Central Government Health Scheme) • U.P. Power Corporation Ltd. (Hydel) • ECHS (Ex-Servicemen Contributory Health Scheme) • University Grants Commission • BSNL (Bharat Sanchar Nigam Ltd.) • Northern Railway • Power Grid Corporation • Indian Oil Corporation

T.P.A.
- Family Health Plan (TPA)
- United Health Care (TPA)
- Med Save Health Services (TPA)
- Paramount Health Care (TPA)
- Good Health Plan Ltd. (TPA)
- Bajaj Allianz General Insurance (TPA)
- E-Meditek Solutions Limited (TPA)
- Vidal Health TPA (TPA)
- Genins India TPA Pvt Ltd.
- Universal Medi-Aid Services (TPA)
- Vipul Med Corp (TPA)
- Star Health Services (TPA)
- Dedicated Health Care (TPA)
- Raksha TPA Pvt. Ltd. (TPA)
- Medicare TPA Services (TPA)
- Medi Assist India Pvt Ltd. (TPA)
- Focus Health Care (P) Ltd. (TPA)
- Rothshield Health Care (TPA)
- I-Health Care (ICICI Lombard) (TPA)
- I Care Health Management TPA Pvt. Ltd. (TPA)
- HDFC ERGO General Insurance (TPA)
- CHOLA MANDLAM (TPA)
- Park Mediclaim (TPA)
- Safeway TPA Services (TPA)
- Future Generali health ins. (TPA)
- IFFCO TOKIO Insurance (TPA)
- Spurthi Meditek (TPA)
- Alankit Health Care (TPA)
- Max Bupa Gen Insurance (TPA)
- R-Care Healthcare (TPA)
- Happy Insurance (TPA)
- Ericson TPA Healthcare Pvt. Ltd. (TPA)
- Health India Insurance TPA Services Pvt. Ltd. (TPA)
- Health Insurance TPA India Ltd. (TPA)
- Apollo Munich Health Insurance (TPA)
- Rapid Rail Metro Rail



सभी प्रदेशवासियों को 'शाह टाइम्स' की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
ASP
आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)
शाहजेब रिजवी
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
संभावित प्रत्याशी सरधना विधानसभा



SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY
Established by U.P. Act No. 26 of 2010 and Recognized u/s 2(f) of UGC Act,1956
ADMISSIONS OPEN for Session 2025-26
www.svu.edu.in
info@svu.edu.in
State Rank 3
Changing lives forever.
देशभर में 16वीं रैंक एवं यू0पी0 के विश्वविद्यालयों के बीच शीर्ष 3rd रैंक

- School of Engineering & Technology: Diploma in Engg. | B.Tech | M.Tech. BCA | MCA
- School of Mass Communication: BA (JMC) | MA (JMC)
- School of Commerce & Management: BBA | MBA | B.Com | M.Com
- School of Library & Information Sciences: BLIS | MLIS
- School of Humanities & Languages: B.A. | M.A.
- School of Paramedical Sciences: Diploma in Emergency & Trauma Care Tech. Diploma in Operation Theatre Technician Diploma in Hospital Record Keeping
- School of Pharmaceutical Sciences: D.Pharma | B.Pharma | M.Pharma
- School of Law: B.A. LL.B. | LL.B. | LL.M.
- School of App. Science: B.Sc. | M.Sc. (PCM/ZBC/Industrial Chemistry)
- School of Education: B.Ed. | B.Sc. B.Ed. | B.A. B.Ed. | D.El.Ed.
- School of Agriculture Science: B.Sc. (Agriculture) | M.Sc. (Agriculture)
- School of Vocational Studies (B.Voc): Degree Courses (Para Medical, Agri. & Management) B.Voc (Technology) | B.Voc (HM)
- School of Nursing: ANM | GNM | B.Sc. Nursing | Post Basic Nursing

Approvals and Accreditations
U.P. State Govt. INC NCTE UGC PCI MCI (NMC) AIU BCI UPSMF

Our Major Recruiters
NIIT wipro accenture ACC HCL Bata HDFC BANK ICICI Bank PEPSICO Reliance Jio GENPACT General Electric SHRIRAM PISTONS & RINGS LTD. Tech Mahindra APEX Services ESPERIENZATECH Nestlé

CAMPUS : NH-24, Venkateshwara Nagar, Rajabpur, Gajraula, U.P.-244236
MEERUT (Information Centre) : VGI Campus, NH-58 Delhi-Roorkee Bypass, Jatoli, Meerut
Admission Helpline : 7248500071, 8192997478, 8859500707, 8192999205